e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 48

शनिवार
18.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
अगर आप बार-बार शिकायत नही करते है तो आप किसी भी कठिनाई को दूर कर सकते है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### रामगढ़ में फ्लाइंग स्क्वायड ने जब्त किए 1.48 लाख नकदी

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव को निष्पक्ष तौर पर संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग सख्ती बरत रहा है। फ्लाइंग स्क्वायड दल ने शुक्रवार को रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी वाहन से एक लाख 48 हजार रुपये नकदी जब्त किया है। जब्त राशि को संबंधित थाने के सुपुर्द कर इसकी सूचना जिले में गठित कैश रिलीज कमिटी को भेज दी गई है। इस संबंध में निर्वाची पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि डीडीसी को इस मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। अगर उस पैसे का उपयोग चुनाव में होना था तो संबंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उस पैसे का उपयोग चुनाव को प्रभावित करने के लिए नहीं किए जाने की बात जांच में आती है तो उस पैसे को रिलीज कर दिया जाएगा।

### मंत्री चंपई सोरेन की बिगड़ी तबीयत

**रांची :** राज्य के आदिवासी कल्याण और परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गई, जिसके बाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम उनके मोरहाबादी स्थित आवास पहुंचकर जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में भी चंपई सोरेन का शुगर लेवल कम हो गया था, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। सेहत में सुधार नहीं होता देख उन्हें एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए चेन्नई ले जाया गया था। तीसरी बार चंपई का इलाज चेन्नई में किया गया था।

### नक्सलियों ने बम विस्फोट कर पंचायत भवन व पुलिया को उड़ाया

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कदमडीहा पंचायत भवन और मुफ्फसिल थानांतर्गत बरकेला गांव के पास पुलिया को नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर उड़ा दिया। घटना गुरुवार देर रात की है। नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने प्रतिरोध सप्ताह के दौरान इस घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद शुक्रवार सुबह कुईड़ा कैंप के सीआरपीएफ के साथ गोइलकेरा और सोनुवा थाना की पुलिस घटनास्थल की ओर रवाना हो गई है। नक्सलियों ने घटनास्थल पर पर्चे भी फेंके हैं।

### झारखंड हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश बने जस्टिस संजय कुमार मिश्रा

**रांची :** संजय कुमार मिश्रा झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए हैं। इसके पहले जस्टिस संजय कुमार मिश्रा उत्तराखंड हाई कोर्ट के जस्टिस थे। इस संबंध में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।पूर्व में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी। अभी झारखंड हाईकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में अपरेश कुमार सिंह कार्य कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर, 2022 को जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन के रिटायर होने के बाद से यह पद खाली है। जस्टिस संजय कुमार मिश्र सुंदरगड़ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भुवनेश्वर में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) के रूप में भी काम कर चुके हैं। उड़ीसा हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल भी थे। जस्टिस मिश्र 7 अक्टूबर, 2009 को उड़ीसा हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए। इसके बाद उनका तबादला उत्तराखंड हाई कोर्ट में कर दिया गया था।

### ईसीएल गोड्डा का महगामा को सौगात

# खुलेगा 300 बेड का अस्पताल

### सीसीएल और ईसीएल के साथ हुआ एमओयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) गोड्डा जिले के महगामा में 300 बेड का आधुनिक अस्पताल खोलेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं केंद्रीय कोयला तथा खान मंत्री प्रह्लाद जोशी की उपस्थिति में शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में कोल इंडिया भारत सरकार की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) तथा ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के साथ दो एमओयू पर समझौता हुआ। इसके अलावा रांची विवि परिसर मोरहाबादी में सीसीएल के सीएसआर मद से उपलब्ध करायी जाने वाली राशि से 5000 अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की क्षमता वाले पुस्तकालय का भी निर्माण होगा। दो एकड़ भूमि में बनने वाले इस पुस्तकालय के लिये 62,43,39,300 रुपये खर्च होगा, जो लगभग 1173 वर्ग मीटर क्षेत्र के जी प्लस पांच भवन होगा। इसे दो वर्ष में पूरा किया जायेगा। यह पुस्तकालय सुविधाओं से लैस होगा।

**मुख्यमंत्री से मिले केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी**



### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

झारखण्ड राज्य जो आदिवासी बहुल राज्य के राजधानी रांची शहर में विभिन्न जिलों से अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं यहां आकर अध्ययन करते हैं, जो उच्च शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी भी कर रहे हैं। इस पुस्तकालय के बन जाने से उन्हें लाभ मिलेगी। उक्त भवन के निर्माण के फलस्वरूप यह राज्य के लिये अद्वितीय शैक्षिक संस्था के रूप में विकसित होगा। ओपीडी क्षेत्र और अन्य संबंधित बुनियादी ढांचे के साथ एक जी 3 अस्पताल भवन का निर्माण किया जाएगा। आईसीयू और अन्य सुविधाओं के साथ मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल यूनिट की होगी सुविधा। अस्पताल की सभी सुविधाएं, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों के साथ आवासीय भवन का निर्माण। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी को शॉल ओढ़ाकर स्वागत तथा सप्रेम स्मृति चिन्ह भेंट की। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को शॉल ओढ़ाकर उनका आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक महागामा दीपिका पांडे सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खान सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी पीएम प्रसाद, डायरेक्टर पर्सनल हर्ष नाथ मिश्रा, जीएम सीएसआर एल. बालाकृष्णा, नोडल अधिकारी शंकर झा, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के वेलफेयर एवं सीएसआर जीएम बी के. झा, सीएमडी एपी. पंडा, निदेशक कार्मिक आहूति स्वाई सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



### नवनियुक्त राज्यपाल ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**रांची :** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

## झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज लेंगे शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार शाम रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद नए राज्यपाल का स्वागत किया। इससे पहले निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस शुक्रवार की दोपहर महाराष्ट्र रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर रमेश बैस को भावभीनी विदाई देने स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई आला अधिकारी पहुंचे। इसमें मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकुर्णी, डीआईजी अनीश गुप्ता, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर शामिल थे। राधाकृष्णन 18 फरवरी को दिन के 11:30 बजे राजभवन स्थित बिरसा मंडप में नये राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह उन्हें राज्यपाल पद की शपथ दिलायेंगे।

## पांकी में सन्नाटा, माहौल सामान्य



**महाशिवरात्रि को लेकर अलर्ट मूड में है प्रशासन**
**धारा 144 जारी**
**इंटरनेट सेवा और वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी।** पाकी में भड़की हिंसा के तीसरे दिन शुक्रवार को जिला और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से चौकस दिखा। जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के पास पुलिस बालों का जमाना लगा रहा। यहां धारा 144 रहने के कारण लोग 4-4 की संख्या में नमाज पढ़ने गए। प्रशासन की सक्रियता के कारण बड़े ही आराम से लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान जिले के आईजी, उपायुक्त, एसपी ,एसडीओ सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भारी बलों के साथ तैनात है। यहां गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में ही जुमे की नमाज के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने पर सहमति बनी थी। दोनों पक्ष ने इस बात पर सहमति दिए थे , कि मस्जिद 4-4 की संख्या में नमाज पढ़ने जाएंगे।

साथ ही चार चार के ही संख्या में शिव मंदिर में पूजा करने श्रद्धालु जाएंगे। इधर पांकी में माहौल शांत करने को लेकर पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा तेजी से पहल किया जा रहा है। माहौल सामान्य हो भी रहा है। पांकी और आसपास के क्षेत्रों में माहौल सन्नाटा छाया हुआ है।

लोगों को जरूरत के सामान के लिए तरसना पड़ रहा है। शादी ब्याह में जाने के लिए भी लोग डर रहे हैं और अपने घर से नहीं निकल पा रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत महिला और बच्चों को है। युवा वर्ग के लोग पलायन करते देखे गए हैं। पलामू के समाजसेवी मुमताज खान की मांग पर महिलाओं को अस्पताल जाने और पुरुषों को शादी ब्याह में जाने की अनुमति प्रशासन द्वारा दे दी गई है। क्षेत्र में इंटरनेट सेवा पूरी तरह से बंद है।

शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पूरी तरह से पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है,खासकर शिव मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।

## पलामू : 5 हजार क्विंटल चावल का हुआ गबन

### मामले में गोदाम मैनेजर की संलिप्तता, पीएमकेजीएवाई मुफ्त राशन भी नहीं मिला नावाबाजार के कार्डधारियों को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे मुफ्त खाद्यान्न योजना में घोटाला किया जा रहा है मामले में गोदाम मैनेजर सहित पदाधिकारी व अन्य कर्मियों की मिलीभगत है। पलामू जिले में हर माह हजारों क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी की जा रही है। इसका उदाहरण नावाबाजार प्रखंड में देखने को मिला है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का खाद्यान्न गोदाम प्रबंधकों द्वारा व्यापक पैमाने पर हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और एनएफएसके का खाद्यान्न आवंटित किया जाता है। किंतु दोनों खाद्यान्न कुछेक गिने चुने डीलरो को हीं आवंटित किया जाता है। शेष खाद्यान्न हेराफेरी कर दी जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार गत सितंबर माह में खाद्यान्न आवंटन में कटौती की गई थी। जिससे 50 प्रतिशत खाद्यान्न कुछेक डीलरो को



हीं वितरण के लिए गोदाम से वितरण के लिए दिया गया। अक्टूबर माह में नावाबाजार प्रखंड के डीलरो को खाद्यान्न नहीं दिया गया। नावाबाजार के एक माह का आवंटन लगभग 2500 क्विंटल बताया जाता है। अक्टूबर माह का खाद्यान्न भी सभी डीलरो को नहीं दिया गया। चार माह तक खाद्यान्न डीलरो को वितरण के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाना स्पष्ट करता है कि खाद्यान्न की कालाबाजारी कर दी गई। नवंबर माह का खाद्यान्न पीएमकेजीवाई और एनएफएसके का शत प्रतिशत खाद्यान्न डीलरो को वितरण के लिए आवंटित किया गया। जो डीलरो के द्वारा वितरित भी कर दी गई। वहीं गत दिसंबर माह का मुफ्त राशन पीएमकेजीवाई डीलरो को नहीं मिला। पूरा का पूरा खाद्यान्न गायब हो गया। 15 फरवरी गुजर जाने तक अभी तक नावा बाजार के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को जनवरी माह का खाद्यान्न भी नहीं दिया गया है। जानकारी के अनुसार गत अक्टूबर और दिसंबर माह का खाद्यान्न की लगभग 5 हजार क्विंटल राशन की कालाबाजारी कर दिए जाने की चर्चा है। पांच हजार खाद्यान्न का बाजार मूल्य लगभग ग्यारह लाख रुपए बताया जा रहा है। अगर जांच हो तो और आंकड़े बढ़ सकते हैं। हालांकि उपायुक्त ए दोडे के आने के बाद खाद्यान्न वितरण करने में गड़बड़ी करने वाले जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अभी तक दर्जनों जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के उपर एफआईआर भी दर्ज कराया जा चुका है। बावजूद राशन वितरण में अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रहा है। नावाबाजार प्रखंड का एफसीआई गोदाम पंड़वा प्रखंड के लोहड़ा गांव में स्थापित है। जहां से खाद्यान्न डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम डीलरो के दुकान तक पहुंचाया जाता है।

इस संबंध में नावाबाजार गोदाम प्रबंधक प्रभू राम ने बताया कि खाद्यान्न का आवंटन लोगिन नहीं रहने के कारण जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को खाद्यान्न आवंटित नहीं किया जा सका है।

### नावाबाजार प्रखंड के जनसेवक प्रभू राम के पास है गोदाम मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार

नावाबाजार प्रखंड में जन सेवक के पद पर प्रभू राम पदस्थापित हैं। नावाबाजार प्रखंड के कई पंचायतों में बतौर पंचायत सचिव अतिरिक्त प्रभार में हैं। इसके बावजूद नावाबाजार प्रखंड के लिए पड़वा में स्थापित गोदाम मैनेजर का भी अतिरिक्त प्रभार है। ऐसे में सहज हीं अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनसेवक प्रभू राम बतौर गोदाम प्रबंधक कर्तव्यों का कितना निर्वहन कर रहे होंगे या कोई अपना सहयोगी रखकर गोदाम का संचालन करा रहे होंगे। ऐसे में गोदाम में गड़बड़ी होना लाजमी हैं।

## सहाय स्पोर्ट्स राज्य स्तरीय चैंपियनशिप शुरू

**पांच आकांक्षी जिलों के 520 खिलाड़ी दिखा रहे हुनर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** खेल और खिलाड़ियों के प्रति संजीदा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की परिकल्पना अब मूर्तरूप लेने लगी है। खेल की नर्सरी बनने की दिशा में झारखंड ने कदम बढ़ा दिया है। इस कड़ी में राज्य के पांच आकांक्षी जिला पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, सिमडेगा और गुमला के खिलाड़ी पंचायत, ब्लॉक और ज़िला स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं और उस प्रतियोगिता में चयनित 520 खिलाड़ी सहाय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा दिखा रहें हैं। राजधानी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 16 से 18 फरवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय सहाय स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल में खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करे रहे हैं।

**अच्छे खिलाड़ियों को मिलेगी प्राथमिकता:** सहाय योजना का उद्देश्य प्रथम चरण में राज्य के नक्सल प्रभावित पांच जिलों के युवाओं को खेल के माध्यम से सामान्य जीवन शैली को अपनाने, उनके विकास और युवाओं के अंदर छुपी हुई खेल प्रतिभा को बाहर लाने का है।




योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने चाईबासा से वर्ष 2021 में किया था, ताकि राज्य की छुपी हुई प्रतिभा को मंच दिया जा सके और इन खेल प्रतिभाओं के हुनर को प्रशिक्षण प्रदान कर और बेहतर बनाया जा सके। राज्य स्तरीय सहाय स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल ट्रेनिंग सेंटर में प्राथमिकता देकर उन्हें तराशा जायेगा।

**खिलाड़ियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि:** इस प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले खिलाड़ियों और टीम को राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करेगी। इसके तहत फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल के विजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को दस हजार रुपए एवं रनरअप टीम के प्रत्येक सदस्य को पांच हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की जाएगी। वहीं एथलेटिक्स में प्रथम स्थान आने वाले को दस, द्वितीय स्थान आने वाले को सात हजार एवं तृतीय स्थान आने वाले को पांच हजार रुपए की सम्मानित राशि प्रदान की जाएगी।

## भारत ईज ऑफ लिविंग को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी को देता है महत्व : प्रधानमंत्री



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा है कि भारत लोगों के लिए ईज ऑफ लिविंग को आगे बढ़ाने को लेकर प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने को काफी महत्व देता है। प्रधानमंत्री एम्स ऋषिकेश के बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय के एक ट्वीट का जवाब दे रहे थे, जिसमें ड्रोन का ट्रायल रन किया गया था। एम्स ऋषिकेश से जिला अस्पताल, टिहरी गढ़वाल तक 30 मिनट में हवाई दूरी के लगभग 40 किमी (एक तरफ) को कवर करने के लिए टीबी दवाओं के 2 किलो भार का परिवहन करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, भारत लोगों के लिए ईज ऑफ लिविंग को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने को बहुत महत्व देता है।

## झलकियां

### ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** रेलवे स्टेशन में गुरुवार की देर शाम ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान की कोशिश की जा रही है। वही खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाई थी। मिली जानकारी के मुताबिक प्लेटफार्म में एक्सप्रेस ट्रेन रुकी हुई थी। जिसमें वह युवक सवार था। युवक कैसे ट्रेन की चपेट में आया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया था। रेलवे पुलिस का कहना है कि युवक की पहचान नहीं हो पाई है। उसके जेब से एक टिकट मिला है। पहचान की कोशिश की जा रही है।

### इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने फिर दिखाई मानवता, दो मरीज को किया रक्तदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने एक बार फिर मानवता का परिचय दिया है। अस्पताल में इलाजरत महेशपुर के दो मरीज को फाउंडेशन के सदस्य जीशान परवेज और अलाउद्दीन शेख ने रक्तदान के रूप में मदद किया है। फाउंडेशन से जुड़े सद्दाम हुसैन ने बताया कि सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में भर्ती महेशपुर प्रखंड के सीलमपुर की नूरसेफा बीवी एवं पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट अस्पताल में भर्ती महेशपुर प्रखंड के ही बोड़ा गांव के एक मरीज के शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी थी। चिकित्सकों ने ब्लड उपलब्ध कराने को कहा था। इसकी सूचना मिली तो सद्दाम ने अलाउद्दीन शेख को दूरभाष पर जानकारी दी। अलाउद्दीन ने एक सूचना पर ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। जिससे नूरसेफा बीवी का इलाज शुरू हुआ। इधर पश्चिम बंगाल रामपुरहाट में भर्ती एक मरीज को ब्लड देने के लिए जीशान परवेज सीधे रामपुरहाट पहुंच गए। उन्हें रामपुरहाट तक ले जाने में ग्रुप से जुड़े कबीर ने सहयोग किया। इस नेक काम में कबीर ने अपना चार पहिया वाहन से जीशान परवेज को ब्लड देने के लिए रामपुरहाट जाने में सहयोग किया। इधर फाउंडेशन के अध्यक्ष बानीज शेख ने कहा कि हमारे सभी सदस्य दूसरों के सहयोग के लिए चौबीसों घंटे तैयार रहते हैं। किसी को आर्थिक मदद की जरूरत हो या फिर ब्लड की, सूचना मिलते ही मदद के लिए आगे आते हैं। इंसानियत फाउंडेशन के तमाम साथियों का अब तक भरपूर सहयोग रहा है।

### भाजपा ने राजमहल लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने की बनाई रणनीति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** भाजपा नगर कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को नगर अध्यक्ष पंकज साह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव में राजमहल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। इस सीट से जीत हासिल करने की रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने राजमहल सीट पर जीत हासिल करने के लिए पार्टी की ओर से दिए गए कार्यों को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी भी सौंपा। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। जिसमें हर बूथ पर प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में नगर क्षेत्र में भय, भूख, भ्रष्टाचार का आलम बने होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्थाओं के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि कई ऐसे कार्यालय है, जहां भ्रष्टाचार चरम पर हैं। बिना सुविधा शुल्क के जनता का कोई भी काम नहीं हो पाता है। नगर में परिवहन विभाग, बिजली विभाग में बिजली बिल एवं अनियमित आपूर्ति नगर में यातायात की अव्यवस्था पाकुड़ सोना जोड़ी लेंप्स में गरीब खाताधारकों का बकाया राशि का भुगतान नहीं करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर भी आंदोलन की बातें कही गई। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पाकुड़ विधानसभा संयोजिका मीरा प्रवीण सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष संपा साहा, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, दिलीप सिंह, भास्कर पांडेय, धर्मेंद्र त्रिवेदी, असीम मंडल आदि मौजूद थे।

# एक साथ दो बाइक की चोरी, अपराधकर्मी पुलिस के लिए बना चुनौती

## पीड़ितों को परिवार सहित तबाह करने की दी धमकी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** थाना से महज सौ डेढ़ सौ गज की दूरी पर पीपीएल मोड़ स्थित एक टायर रिपेयरिंग की दुकान से एक साथ एक ही स्थान से दो बाइक की चोरी अपराधियों के बुलंद हौंसले का परिचायक है। यही नहीं बाइक चुरा लेने के दुस्साहस के बाद पीड़ित को मोबाइल पर तबाह कर देने, गाली गलौज करने या जान मारने की धमकी देने का दोहरा अपराध करने की हिम्मत रखने वाला अपराधकर्मी बेशक स्थानीय पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती पेश कर रहा है। पुलिस को इस मामले में ठोस पहल करना चाहिए। ताकि अपराध कर्मी अपना सर न उठा सकें।

### क्या है वाकया

अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के पीपीएल मोड़ के वर्तमान निवासी फिरोज अंसारी और गजाधर यादव जो टायर रिपेयरिंग के पेशे में हैं। उल्लिखित दोनों व्यक्तियों ने करीब आठ दिन पहले अपने जेएच 18 डी 5162 तथा एआर 02 बी 4074 नंबर की दो बाइक के गत 10 फरवरी की रात चुरा लिए जाने से संबद्ध आवेदन थाना को दिया था। आवेदन में यह उल्लेख किया था कि किसी परिचित व्यक्ति ने ही आपसी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया है। पीड़ितों ने बताया कि घटना के सप्ताह भर गुजर जाने के बाद भी पुलिस ने इस दिशा में कोई पहल नहीं किया है। बहरहाल, वजह जो भी हो।

### युवक लाडला शेख है इस घटना का मास्टरमाइंड

पीड़ितों ने बताया कि दुमका के नगर थाना क्षेत्र निवासी लाडला शेख नामक युवक ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। वह शातिर चोर है। वह अमड़ापाड़ा में कभी कोल डंपरों में बतौर खलासी तो कभी होटल में काम कर चुका है। वह कई व्यक्तियों का कीमती मोबाइल भी गुम कर चुका है। हमलोगों ने जब उसका विरोध किया तो उसने दुश्मनी पाल लिया। जब उससे मोबाइल पर संपर्क किया तो उसने बाइक चोरी की बात स्वीकारते हुए उसे काठीकुंड जंगल में जला देने की बात कही है। उसने मोबाइल पर यह धमकी भी दिया है कि मैं कई दफा जेल जा चुका हूं। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। तुमलोग ज्यादा उड़ोगे तो परिवार समेत तबाह कर देंगे। पीड़ितों ने बताया कि साक्ष्य के रूप में उसके ऑडियो रिकॉर्डिंग्स उपलब्ध हैं।

**थाना प्रभारी ने कहा**

**थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक गोपाल कृष्ण यादव ने बताया कि बाइक चोरी से संबंधित लिखित जानकारी मिली है। आरोपी को ढूंढ निकाला जाएगा। पीड़ितों को न्याय मिलेगा। मैं इस दिशा में गंभीर पहल कर रहा हूं।**

# सत्य सनातन संस्था ने पुलवामा हमले में शहीद अमर जवानों को दी श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सत्य सनातन संस्था के सदस्यों ने नगर के इंदिरा चौक पर पुलवामा में वीर गति प्राप्त हुए अमर जवानों की याद में श्रधांजलि अर्पित किया।संस्था के उपाध्यक्ष सागर चौधरी ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा जिले के श्रीनगर- जम्मू राजमार्ग पर अवन्तिपोरा क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के भारतीय सुरक्षा कर्मियों के काफिले को निशाना बनाकर पूरे बटालियन पर हमला किया था। जिसमें लगभग 40 जवान वीर गति को प्राप्त हो गए थे। वीरगति प्राप्त अमर जवानों को संस्था के सदस्यों ने बारी - बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।वही संस्था के सक्रिय सदस्य अमित साहा ने कहा मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले उन सभी पराक्रमी अमर जवानों का यह देश सदैव ऋणी रहेगा। उनके बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। 14 फरवरी को पश्चिमी सभ्यता की अंधी नकल वेलेंटाइन डे के नाम पर फूहड़ता का प्रदर्शन करने वालों को पहले कथित वेलेंटाइन मानते है।परंतु ये भूल जाते है कि इसी दिन पुलवामा में हमारे वीर जवानों पर आतंकवादियों का कायराना हमला हुआ था। जो कि हमारे लिए काला दिवस है। इसलिए उन वीरों के बलिदान दिवस पर स्वार्थी होकर ऐसे निरर्थक पश्चिमी त्यौहार मना उनके बलिदान के अपमान से बचना चाहिए। वेलेंटाइन डे मनाने वाले अंग्रेजों के मानसिक गुलाम न बनने के स्थान पर पुलवामा हमले में मातृभूमि की रक्षा करते हुए बलिदान हुए वीरों का स्मरण करें और संस्था भी निरंतर यही करती आ रही है। इंदिरा चौक पर संस्था के उपाध्यक्ष सागर चौधरी की अध्यक्षता में सभी वीर गति प्राप्त जवानों को भाव विभोर होकर पहले दो मिनट का मौन रखा एवं शान्ति पाठ किया। मौके पर संस्था के संयुक्त सचिव अजय भगत, विशाल भगत, सत्यम भगत, सत्यम कृष, रमन मिश्रा, राकेश सिंह,दिनेश केवट, गुड्डू त्रिवेदी, अभिनव झा, मिंटू गिरी, मनोज रजक, तारक भगत व सानू रजक, अधिवक्ता सह संस्था के विधि सलाहकार - पिंटू दास, प्रोलय कुमार कर,सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# श्रीकुण्ड की टीम ने कोटालपोखर की टीम को हरा बनी विजेता

**श्रीकुण्ड ने 136 रन बनाए,जबकि कोटालपोखर की टीम ने 16 ओवर पर 130 रन बना पाए**

मक़सूद आलम@प्रभात मंत्र

**कोटालपोखर :** साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटलपोखर बिरसा मुंडा युथ यूनिटी द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।आयोजित टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला श्रीकुण्ड क्रिकेट टीम और कोटालपोखर क्रिकेट टीम के बीच रोमांचित मुकाबला हुआ।कोटालपोखर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।कोटालपोखर की टीम ने कुल 16 ओवर में सभी विकेट गंवा कर 130 रन पर सीमट गए।जबकि श्रीकुण्ड के धुरंदर बल्लेबाजों ने छह विकेट गंवा कर बारह ओवर और एक बॉल पर 136 रन बनाकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया।श्रीकुण्ड क्रिकेट टीम के रोहित और बिजय की शानदार जोड़ी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक रोहित 52 रन और बिजय ने 33 रन बनाए। जबकि कोटालपोखर की टीम से सर्वाधिक विवेक 33 रन और इंद्रजीत 20 रन बनाए।इधर खेल को देखने के लिए काफी संख्या में भीड़ उमड़ी थी।फाईनल मुकाबला में बतौर चीफ गेस्ट कोटालपोखर पंचायत की मुखिया सेरोफिना,पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार साह,पूर्व उप मुखिया विजय कुमार साह,विकास यादव,ईकबाल अंसारी,रिटायर्ड आर्मी बिजय कुमार साह,ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश साह सहित उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि मौजूद थे।अतिथियों ने वीर बिरसा मुंडा की तस्वीर पर बारी बारी से माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित की।वीर बिरसा मुंडा यूनिटी के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।विजेता और उप विजेता टीम सहित मैन ऑफ द मैच,मैन ऑफ द सिरिजी के खिलाड़ियों को बारी बारी से सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने यूनिटी के सदस्यों की खेल आयोजन को लेकर सराहना की।अतिथियों ने कहा कोटालपोखर में काफी पहले से खेल का आयोजन किया



जाता था।लेकिन कुछ वर्षो से क्रिकेट टूर्नामेंट बन्द हो गया था।परंतु स्थानीय युवाओं ने टूर्नामेंट के आयोजन कराने की कमर कसी और सफलतापूर्वक आयोजन भी कराया गया है।एक्सपर्ट के अनुसार,क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जिसे खेलते रहने पर आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई चिंता करने की जरूरत नहीं होती है। वास्तव में इस खेल से आपकी बॉडी को नेचुरल टोन मिलता है,जिस वजह से आपको जिम जाकर पसीना बहाने की जरूरत नहीं होती है।और अगर खिलाड़ी बेहतर ढंग से प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें राज्य के अलावे रणजी ट्राफी में किस्मत आजमाने का मौका मिलेगा।इस लिए नियमित खेल का प्रेक्टिस करते हैं,सफलता जरूर मिलेगी।**कार्यक्रम को सफल करने में ये है युवाओं की टीम :-** वीर बिरसा मुंडा यूथ यूनिटी के अध्यक्ष प्रणव कुमार साह,सचिव मनीष सिंहा,उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार साह और निर्झर नियोगी। कोषाअध्यक्ष सुनील शेखर गुप्ता, संगठन प्रभारी संगम साह,अजय राउत के अलावे सदस्य के रूप में तनवीर अंसारी, आशीष गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, दीपक घोष, सत्यम साह, अनूप साह, सुमित गुप्ता, अमन राउत, गौरव राउत, इंद्रजीत शर्मा, सौरभ राजवंशी, सूरज माली, अमन साह, ऋषभ, सद्दाम अंसारी,फिरोज अंसारी, अमित साह, अनूप कुमार, विवेक साह एवं सांवरिया माली ने अहम भूमिका निभाई।

# पत्थर से कूचकर महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा :** थाना क्षेत्र के जामकुंदर गांव के समीप शुक्रवार को पत्थर से कुचलकर एक 22 वर्षीय महिला की हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है.घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी मिथुन कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। पुलिस ने महिला की पहचान थाना क्षेत्र के कुमारभांजा गांव निवासी बामड़ी पहाड़ीन के रूप में हुई है। मृतिका के मायके छोटा सूरजबेड़ा है। मृतिका के पिता गुगरा पहाड़िया ने बताया की मेरी बेटी की शादी तीन वर्ष पूर्व कुमारभांजा में हुआ था।शादी के बाद से ही पति-पत्नी में अनबन होते रहता था, मेरी बेटी की हत्या की गई है। वही प्रभारी थाना प्रभारी मिथुन कुमार ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत होता है।अशंका जताया की हत्या दूसरे जगह की गई है और शव को अन्य जगह फेंका गया है। साथ ही कहा कि पिता के लिखित आवेदन पर आगे मामले की जांच कर कारवाई किया जा रहा है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन : विजेता टीम को चार लाख व उप विजेता को तीन लाख मिलेंगी पुरस्कार राशि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर :** प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर गांव में शुक्रवार को आदिवासी ऐभेन गाऊंता कमिटी के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। शुभारंभ थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू व गोपीकांदर के सत्य शिक्षानंद मुर्मू, एएसआई सनातन मांझी व कमिटि के अध्यक्ष राम हांसदा के द्वारा संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कराया गया। इसके पश्चात थाना प्रभारी ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल को बढ़ाते हुए संबोधन में कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें, द्वेष की भावना से कभी नहीं खेलें। खेल भवना के साथ खेलें, इसमें लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य आपको मिलेगी। वहीं टूर्नामेंट का पहला मैच एफसी रांची के रामगढ़ टीम एवं सोरेन स्टार क्लब महेशपुर के बीच हुई। जिसमें महेशपुर टीम ने एक गोल से जीत हासिल की। वहीं फुटबॉल टूर्नामेंट में मालदा, गोड्डा, इलाहाबाद, जमशेदपुर, सिल्लीगुड़ी, बिहार, मुंबई आदि की टीम भाग ले रही है। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को चार लाख और उप विजेता टीम को तीन लाख का पुरस्कार कमिटि के द्वारा दिया जाएगा। वहीं सेमी फाइनल में प्रवेश करने वाली टीमों को 75-75 हजार बतौर पुरस्कार राशि दिया जाएगा। इस टूर्नामेंट में दर्शकों के लिए 30 रुपए व 50 रुपए का प्रवेश शुल्क कमिटी द्वारा निर्धारित किया गया है। वहीं टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमिटी के जोसेफ हांसदा, बाबूलाल सोरेन आदि सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

# सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** निति आयोग के आकांक्षी जिला पाकुड के आभुआ ग्राम पंचायत भवन, महेशपुर में पायलट स्कीम जैसे प्राकृतिक खेती, फार्म पॉन्ड सह मछली पालन, बायोफ्लॉक फिश कल्चर एवं शौचालय खाद की तैयार और इस्तेमाल एवं सोलर पावर जेनरेशन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आई टी सी मिशन, सुनहरा कल एवं सहयोगी संस्था सर्व सेवा समिति संस्था की संयुक्त तत्वधान में संस्था के जिला समन्वयक की अध्यक्षता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ का किया गया। जिसमे आभूआ पंचायत के आभुआ, मुर्गाडांगा, सोसाजोली, दुमकाडांगा , हाथीमारा की 70 किसान प्रशिक्षण में भाग लिया। उद्घाटन करने के बाद संस्था के जिला समन्वयक ने कहा की पाकुड़ जिला नीति आयोग की आकाक्षी जिला होने के नाते आईटीसी मिशन सुनहरा कल पिछ्ले चार साल से कृषि एवं समन्धित क्षेत्र में सरकार ,किसानों के हित में बिभिन्न् प्रकार का कार्य कर रही है, किसानों के बीच प्रशिक्षण,प्रदर्शन, सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजाना के प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है । प्रशिक्षक के रूप में अमित कुमार साहा ने पायलट स्कीम जैसे प्राकितिक खेती,फार्म पॉन्ड सह मछली पालन,बायोफ्लॉक फिश कल्चर,शौचालय खाद की तैयार और इस्तेमाल एवं सोलर पावर जेनरेशन पर बारी बारी में प्रशिक्षण दिया है।साथ ही क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से प्राकीतिक खेती से संबंधित सभी प्रश्न की उत्तर दिया एवं प्राकीतिक खेती से संबंधित खाद, पेस्टिसाइट आदि की बनाने की विधि प्रैक्टिकल प्रशिक्षण के माध्यम से दिखाया गया।उन्हें उपस्थित सभी किसान से आपिल किया की स्वच्छ भारत मिशन से बनाया हुआ शौचालय को सदुपयोग और शौचालय से शौचालय कम्पोस्ट खाद को कैसे खेत पर इस्तेमाल कर और प्राकितिक खेती को अपना कर किसान खेती कर सके उसके पर विशेष ध्यान देने की अबशक्ता है , उसके साथ हमारा भू जलस्तर,मिट्टी, पर्यावरण को सुद्धिकरण कर कैसे हरामा दैनंदिन जीवन स्तर पर सुधार लाना है उसके पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।उन्होने कहा हमारा संस्था कृषि विकास के साथ साथ हर सामाजिक गतिविधि के लिए तत्परता पूर्वक कार्य कर रही है।खास कर छोटा और प्रांतिक किसान,महिला, पहाड़िया समुदाय की सतत विकास हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य किये जा रहे है। साथ ही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना को सभी लाभार्थी तक पहुंचा जा सके उस पर भी काम कर रहे है, ताकि आने वाले 1 साल के अंदर पाकुड़ आकांक्षी जिला से बाहर आ सके और किसान की दैनंदिन जीवन स्तर पर सुधार आ सके। मौके पर सर्व सेवा समिति संस्था के जिला समन्वयक अमित कुमार साहा, फील्ड कोऑर्डिनेटर मुस्लेउद्दीन अंसारी, सभी वोलेंटियर्स,समाज कर्मी एवं 70 किसान आदि मौजूद थे।



# असंगठित मजदूरों के लिए आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा है प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को उम्र के आखिरी पड़ाव में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देगी। इस पेंशन योजना से रोज कमाने खाने वाले मजदूरों को वृद्धावस्था में प्रत्येक महीने 3,000 रुपए मिलेंगे। इसके लिए मजदूरों को पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के लिए उम्र सीमा भी तय किया गया है। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए उम्र के मुताबिक हर महीने एक छोटा सा अंशदान देना होगा। श्रम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 18 साल से 40 साल के असंगठित मजदूर योजना से जुड़ सकते हैं। अलग अलग उम्र के मजदूरों के लिए अंशदान की राशि भी अलग अलग है। मजदूरों के उम्र के हिसाब से अंशदान की राशि तय किया गया है। यह 55 रुपए से शुरू होकर 200 रुपए तक है। पंजीकृत मजदूरों को 60 साल की उम्र पूरी होने पर हर महीने 3,000 रुपए अकाउंट में मिलेंगे।



### इन क्षेत्रों में काम करने वाले लोग ले सकते हैं लाभ

*प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना का लाभ किसान, मजदूर, ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक, ईंट भट्ठा कर्मकार, गोपी और धोबी, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार, बीड़ी कामगार, हस्तकला कामगार, पगड़ा कामगार, फल व सब्जी खुदरा विक्रेता, आंगनबाड़ी कर्मी, मनरेगा कर्मी, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, पारा शिक्षक, सफाई कर्मी, सखी मंडल के सदस्य, दुकान कर्मी, कुम्हार, ऑटो व टैक्सी चालक, फूल विक्रेता, माली, गृह आधारित कर्मकार, गली में फेरी लगाने वाले, रसोईया एवं कूड़ा बीनने वाले सहित अन्य कामगारों में कार्यरत कर्मकार इसका लाभ ले सकते हैं। हालांकि शर्त है कि जिनका मासिक आय 15,000 से कम है और उम्र सीमा 18 से 40 वर्ष तक है, उन्हें ही योजना का लाभ मिलेगा।*

### किस उम्र के मजदूर को कितना देना होगा अंशदान

श्रम विभाग के अनुसार 18 साल के आवेदक को 55 रुपए महीने जमा कराने होंगे। वहीं 19 साल के आवेदक को 58 रुपए 20 साल के व्यक्ति को 61 रुपए, 21 साल के व्यक्ति को 64 रुपए, 22 साल के व्यक्ति को 68 रुपए जमा करने होंगे। उम्र 23 साल है तो उन्हें 72 रुपए जमा मासिक कराने होंगे। अगर उम्र 24 साल है तो मासिक किस्त 76 रुपए देना होगा। अगर आवेदन करते वक्त उम्र 25 साल है, तो आवेदन को हर माह 80 रुपए जमा कराने होंगे। 26 साल के व्यक्ति को स्कीम में अप्लाई के लिए 85 रुपए प्रति माह देने होंगे। 27 साल के व्यक्ति को हर माह 90 रुपए देने होंगे। 28 साल के व्यक्ति को 95 रुपए प्रति माह किस्त देना होगा। वहीं 29 साल के आवेदक को 100 रुपए महीना जमा कराना होगा। 30 साल के आवेदक को 105 रुपए महीना जमा कराना होगा। 31 साल के आवेदक को 110 रुपए जमा कराने होंगे। 32 साल के आवेदक को हर माह 120 रुपए जमा कराने होंगे। 33 साल के आवेदक को हर माह 130 रुपए जमा कराने होंगे। वहीं 34 साल के आवेदक को हर माह 140 रुपए जमा कराने होंगे। उम्र 35 साल है तो उन्हें हर माह 150 रुपए जमा कराने होंगे। 36 साल के आवेदक को 160 रुपए हर माह देने होंगे। 37 साल के व्यक्ति को स्कीम में अप्लाई करने पर हर माह 170 रुपए देने होंगे। 38 साल के व्यक्ति को 180 रुपए हर माह देने होंगे। 39 साल के व्यक्ति को 190 रुपए हर माह देने होंगे। अगर आपकी उम्र 40 साल है तो आप इस स्कीम का फायदा लेने के लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपको हर माह 200 रुपए जमा कराने होंगे।

**संक्षिप्त खबरें**

## श्याम प्रभु का ध्वजा पदयात्रा 26 फरवरी को

**रांची :** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम प्रभु का ध्वजा (निशान) पदयात्रा 26 फरवरी को नेवरी विकास श्री दुर्गा मंदिर से सुबह आठ बजे शुरू होगा। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों बूटी मोड़, बरियातू रोड, अपर बाजार का भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर हरमू रोड, रांची में बाबा श्री श्याम को ध्वजा निशान अर्पित किए जाने के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी भी खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर की है। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि भक्तों के लिए यात्रा के मध्य में विश्राम एवं भोजन प्रसाद की अनुपम व्यवस्था भी की जा रही है। नेवरी जाने के लिए 26 फरवरी को सुबह छह से 6-30 तक हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से बस की व्यवस्था भी भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगी।

## राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन एक मार्च को हजारीबाग में

**रांची:** प्रदेश राजद की ओर से विभिन्न जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन और अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत कर दी गई है। इसी क्रम में एक मार्च को हजारीबाग में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रदेश के नेता बैठक करेंगे। जबकि दो मार्च को बरकट्ठा के जयनगर ब्लॉक कैंपस में होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। तीन मार्च को पलामू जिले के छत्तरपुर स्थित नवडीहा बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश राजद के महासचिव डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में प्रदेश, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# महाशिवरात्रि को लेकर दंडाधिकारियों को किया गया नियुक्त : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त- सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची का संयुक्तादेश जारी किया गया है।

महाशिवरात्रि पर विधि-व्यवस्था एवं राज्य कार्यकारिणी समिति के आदेशों का पालन कराने हेतु दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्तियां दिनांक 18 मार्च 2023 के प्रातः 04:00 से पूजा समारोह के समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को लगातार भ्रमणशील रहकर किसी भी प्रकार के जुलूस पर नजर रखने और विधि व्यवस्था संधारण का आदेश दिया गया है।



महाशिवरात्रि के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 15 विभिन्न सुरक्षित थानों में थाना से एक पदाधिकारी एवं शहर के विभिन्न 86 स्थानों में स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है।

जिला कम्पोजिट कंट्रोल रूम में पवन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर, रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक, नगर नियंत्रण कक्ष, रांची को वरीय प्रभार में प्रतिनियुक्त किया गया है। इन्हें किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर अभिलंब वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यकतानुसार प्रस्थान करने का निदेश दिया गया है। अग्निशामक पदाधिकारी, ऑड्रे हाउस, धुर्वा, डोरंडा को अपने-अपने क्षेत्रवार स्थलों पर एक-एक अग्निशाम दस्ता की प्रतिनियुक्ति वाहन के साथ सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। सिविल सर्जन, रांची को जिला नियंत्रण कक्ष में दो एंबुलेंस, चिकित्सक दल को आवश्यक उपकरण तथा जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। संयुक्तादेश में साफ-सफाई, पेयजल, चलंत सुलभ शौचालय की व्यवस्था के लिए उप नगर आयुक्त, रांची नगर निगम को निर्देशित करते हुए सभी प्रमुख शिवालयों के आसपास साफ-सफाई पीने के पानी ब्लीचिंग इत्यादि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

# अमानत और स्वर्णरेखा फाइनल में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** बीएयू मैदान पर खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच राजेश सिंह के शानदार ऑल राउंड प्रदर्शन की बदौलत अमानत ने खरकई को 4 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। राजेश सिंह ने नाबाद 52 रन बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए खरकई ने 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 109 रन बनाए। राकेश ने 41 और सुशील ने 24 रन बनाए। मुकर्रम ने दो विकेट लिए।विजयी लक्ष्य को अमानत ने 14 ओवर में 6 विकेट खोकर 113 रन बना मुकाबला जीत लिया। राजेश सिंह के अलावा अमित सिंह ने 38 रन बनाए। प्रवीण मिश्रा ने 3 विकेट लिए।दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 135 रन बनाए। कुमार सौरव 41, आसिफ ने 28 और मोनू ने 18 रन बनाए। स्वर्णरेखा के लिए विमल विजयन, जावेद अख्तर और संदीप मिश्रा ने 2-2 विकेट लिए। विजयी लक्ष्य को स्वर्णरेखा ने 15.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 136 रन बनाया खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। मनोज सिंह ने 27, मनीष सिंह ने 24 और जावेद ने 22 रन बनाए। आसिफ ने दो विकेट लिए जबकि मोनू, अभिषेक और राजेश ने एक एक विकेट लिया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच की शुरुआत पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर कई वरीय पत्रकार भी शामिल रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने अर्धवार्षिक पत्रिका सरजोम बाः का किया विमोचन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रांची स्थित आवास में शुक्रवार को भारत मुंडा समाज की अर्धवार्षिक पत्रिका सरजोम बाः का विमोचन किया।

इस अवसर पर दो अन्य पुस्तक अग्निपथ के पथिक और मसकाल नामक दो पुस्तकों का भी विमोचन हुआ। ये दोनों पुस्तकों की लेखिका स्व सुशीला सामंत हैं, जिसे भारत मुंडा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एतवा मुंडा ने किया। मुंडा ने समाज को पत्रिका के लिए बहुत बधाई और शुभकामनाएं। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

# एबीवीपी के छात्र दल ने अर्जुन मुंडा से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के अंतर राज्य जीवन दर्शन कार्यक्रम के तहत पूर्वोत्तर राज्यों से आये छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। मुंडा ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। साथ ही छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।मेघालय, मिजोरम, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से आये छात्र-छात्राओं ने मुंडा से जानना चाहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए क्या काम कर रही है। मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती राज्यों के गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए योजना बनायी है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में जनजातीय बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं।



# नॉन इंटरलॉकिंग के कारण रांची से गुजरने वाली तीन ट्रेनों का रूट बदला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के अंतर्गत मकुड़ी-विरूर रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इस वजह से रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली कई ट्रेनों का रूट बदला गया है। ऐसे में अलग-अलग तिथियों पर ये ट्रेनें बदले रूट से जाएगा। ट्रेन संख्या 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 17 फरवरी एवं यात्रा प्रारंभ 24 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग विकराबाद, परली बैजनाथ, पूर्णा, अकोला, वर्धा, नागपुर होकर चलेगी। मार्ग में परिवर्तन की वजह से इस ट्रेन का काजीपेट, पेद्दपल्ली, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर एवं बल्हारशाह स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

ट्रेन संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 20 फरवरी और यात्रा प्रारंभ 22फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नागपुर, वर्धा, अकोला, पूर्णा, परली बैजनाथ, विकराबाद होकर चलेगी। मार्ग में परिवर्तन की वजह से इस ट्रेन का बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, पेद्दपल्ली एवं काजीपेट स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 22 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मेडचल, निजामाबाद, मुदखेड़, आदिलाबाद, माजरी होकर चलेगी।

# जीएम ने निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी में जुटने के दिये निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड बिजली वितरण निगम लि. (जेबीवीएनएल) के रांची जीएम पीके श्रीवास्तव ने आगामी गर्मी को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयार में जुटने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी के इंजीनियरों को कई निर्देश दिया है। उन्होंने ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि गर्मी के दौरान तारों को टुटने, जंफर कटने, ट्रांसफारमर का फ्यूज उड़ने, खराब होने की घटानाएं बढ़ जाती है। इसके कारण लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ता है। इसलिए इसके लिए प्लान बनाकर कार्य करें।

**जारी किए निर्देश:** सभी सब-स्टेशन में लगे पावर ट्रांसफारमर, वीसीबी और अर्थिंग का सूक्ष्म रूप से जांच किया जाए। पावर ट्रांसफारमर में अगर तेल डालने की जरूरत हो तो उसको अगले 10 दिनों में कार्य करें। शहर के सभी 33 केवी एवं 11 केवी अंडरग्राउंड केबुल के राइजिंग प्वाइंट की बारिकी से जांच की जाए।. अगर पेड़ों की डालियों को छांटने की जरूरत हो तो उसे शुरू की जाए। शहर के सभी ओवरहेड 33 केवी और 11 केवी एवं एलटी लाइन का पेट्रोलिंग करा लिए जाएं। इन तारों में जहां भी पेड़ों अथवा टहनियों के रहने की संभावना है तो इसे प्राथमिकता के आधार पर 15 दिनों में हटा लिए जाए। शहर के वैसे ट्रांसफारमर जहां बार-बार लोड के कारण फ्यूज उड़ने की शिकायतें प्राप्त होती हैं, उसे चिन्हित करते हुए सूची बनायी जाए। ओवर लोडेड ट्रांसफारमर की क्षमता बढ़ाने का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर करा लिए जाएं, ताकि लोगों को बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्या न करना पड़े। शहर में लगे डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफारमर के ऑयल की भी जांच करा लिए जाए। अगर ट्रांसफारमर में तेल डालने की आवश्यकता है, तो इसे कर लिए जाएं, ताकि ट्रांसफारमर को जलने से बचाया जा सके। शहर के सभी ट्रॉली ट्रांसफारमर में भी आवश्यकतानुसार मरम्मति कार्य जैसे ऑयल फिलट्रेशन करवाकर दुरूस्त कर लिया जाए।

# आदिवासी हित की चिंता करें प्रधानमंत्री : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि, पूरे देश के जनजातीय समुदाय को उसका वह न्यायोचित अधिकार शीघ्र मिलना चाहिये जो बरसों-बरस से लंबित है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनजातीय समाज के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक रिश्ता सही हो सकता है लेकिन जरूरत यह है कि वे उस रिश्ते की कद्र करते हुए आदिवासी समाज को उसका वह अधिकार दें जो वे वर्षों से मांग रहे हैं। तिर्की ने कहा कि, केंद्र सरकार की पिछले 9 साल की गतिविधियों को देखकर यही बात निश्चित रूप से कही जा सकती है कि, आदिवासी शब्द की मार्केटिंग और उन्हें शब्दों के मायाजाल में फँसाने के मामले में केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने कीर्तिमान बनाया है। तिर्की ने कहा कि अपनी अलग धार्मिक पहचान के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे और लड़ रहे आदिवासियों के हित में झारखण्ड विधानसभा ने सरना धर्म कोड बिल पारित कर उसे केन्द्र सरकार को इस आग्रह के साथ भेजा था कि वह उसे संसद में पारित कराकर पूरे देश में लागू करें, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गयी है और ऐसा लगता है जैसे केन्द्र ने इस समूचे मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि, यदि आदिवासी समुदाय की इतनी ही चिन्ता है और इतना ही भावनात्मक लगाव है तो केन्द्र सरकार ने जिस प्रकार जम्मू एवं कश्मीर में धारा 370 को हटाने के लिए अपनी इच्छाशक्ति का परिचय दिया था उसी तरीके से वह झारखण्ड समेत अनेक राज्यों में पांचवी अनुसूची को लागू करने और त्रिपुरा सहित अनेक राज्यों में छठी अनुसूची को लागू करने की दिशा में पहल क्यों नहीं करती? तिर्की ने कहा कि, इसके अभाव में जनजातीय समुदाय को उसका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल रहा और आजादी के 75 साल बाद भी इस स्थिति का बरकरार रहना बहुत निराशाजनक है।

# रांची में महाशिवरात्रि पर पुलिस की विशेष चौकसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पलामू जिले में महाशिवरात्रि से पहले हुई झड़प के बाद रांची की पुलिस भी सतर्क हो गई है। महाशिवरात्रि को लेकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है।

वहीं, 200 जवानों को रांची की सुरक्षा में तैनात किया गया है।

रांची एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि राजधानी में बेहद भव्य तरीके से शिवरात्रि का आयोजन होता है।

इस दौरान शिव बारात भी निकाली जाती है। ऐसे में सभी को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी और ग्रामीण थानेदारों को संवेदनशील इलाकों पर विशेष फोकस रखने को कहा गया है। साथ ही थानेदार खुद अपने-अपने क्षेत्र में गश्त लगाते रहें, इसे लेकर भी निर्देश जारी किए गए है।

सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी प्रकार की सूचना मिलने के बाद अपने आसपास के थाना प्रभारी और डीएसपी से संपर्क स्थापित कर सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी को पीसीआर और टाइगर पुलिस के भी लगातार संपर्क में रहने को कहा गया है।

शिव बारात के दौरान सुरक्षा के लिए मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल प्रदान किया गया है, जिनकी तैनाती की जाएगी।

शिवरात्रि के मद्देनजर सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही है।

इसके लिए साइबर सेल में एक स्पेशल टीम बनी है, जो भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर नजर रख रही है।

एसएसपी ने बताया कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वाले और सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी और पोस्ट करने वालों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। एसएसपी के अनुसार अनुसार सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। कई ग्रुप के एडमिन को पहले से बता दिया गया है कि अगर भड़काऊ पोस्ट किया तो कार्रवाई की जाएगी।

## संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा में आज से मिलेंगे 11वीं के नामांकन फॉर्म

**रांची :** संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा में 11वीं क्लास के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इसके लिए 11वीं के तीनों स्ट्रीम साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स में आवेदन फॉर्म 18 फरवरी से मिलने शुरू हो जाएंगे। जो ऑफलाइन माध्यम से स्कूल में 18 फरवरी से 25 मार्च तक सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मिलेंगे। इसमें आवेदन शुल्क दो हजार रुपए रखा गया है। एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाएगा। जो 14 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद चयनित छात्रों की लिस्ट जारी की जाएगी।

# पतरातू लेक रिसोर्ट 22 फरवरी से चार मार्च तक आमलोगों के लिए बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में दो-तीन मार्च को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। बैठक में शामिल जी-20 देशों के प्रतिनिधि पतरातू डैम का आनंद लेने भी जा सकते हैं। ऐसे में पर्यटन निदेशालय, झारखंड ने पतरातू लेक रिसोर्ट को 11 दिनों तक आम लोगों के लिए बंद रखने का फैसला किया है। इस संबंध में निदेशालय की ओर से शुक्रवार को सूचना भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक जी-20 समिट को देखते रामगढ़ जिला स्थित पतरातू लेक रिसोर्ट को 22 फरवरी से चार मार्च तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में आम लोगों के लिए लेक रिसोर्ट एरिया पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके जरिये लेक रिसोर्ट की साफ सफाई, सुंदरीकरण और अन्य कार्यों को दुरूस्त रखा जाएगा ताकि यहां आने पर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय अतिथियों को पतरातू लेक का भरपूर आनंद मिल सके।



उल्लेखनीय है कि रांची में जी-20 समिट को देखते राज्य सरकार और रांची जिला प्रशासन रांची नगर निगम के साथ मिलकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है। समूचे शहर को संवारा जा रहा है। मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का काम जारी है। होटल रेडिशन ब्लू में सुरक्षा तैयारियों को लेकर गुरुवार को माक ड्रिल भी हुआ था। इसी होटल में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि रूकेंगे।

# रांची में जी-20 समिट के लिए संपर्क अधिकारियों की ब्रीफिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में दो-तीन मार्च को झारखंड राज्य में प्रस्तावित जी- 20 समिट के दौरान विभिन्न देशों के डेलिगेट्स झारखंड भ्रमण पर रहेंगे। डेलिगेट्स को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए संपर्क अधिकारी इनके साथ रहेंगे। इसे लेकर शुक्रवार को डेलिगेट्स के साथ संपर्क अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति के लिए चिन्हित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग की निदेशक अंजली यादव और जैप आईटी के निदेशक विशाल सागर, ने संपर्क अधिकारी की प्रतिनियुक्ति के लिए चिन्हित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को जी-20 समिट से संबंधित जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।उपायुक्त ने कहा कि जी-20 सम्मेलन में संपर्क अधिकारी के तौर पर जिन पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति होगी, वो डेलिगेट्स के आगमन, भ्रमण, होटल में ठहरने और प्रस्थान के समय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अपने कार्यों का सही तरीके से निर्वहन करेंगे। डॉ. मनीष रंजन ने पीपीटी के माध्यम के संपर्क अधिकारी की प्रतिनियुक्ति के लिए चयनित पदाधिकारियों को जानकारी दी। रंजन ने डेलिगेट्स के सहयोग, व्यवहार और डूज एवं डोंट को लेकर चिन्हित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।अंजली यादव ने बताया गया कि जी-20 के लिए डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नोडल विभाग हैं। इसमें ज्यादातर डेलिगेट्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी से होंगे। कुल 130-150 डेलिगेट्स झारखंड भ्रमण पर रहेंगे। इसमें 60-70 जी-20 देशों के डेलिगेट्स, 50-60 भारतीय डेलिगेट्स तथा 30 एमईए/डीएसटी/सीएसआईआर के ऑफिशियल होंगे।




# भाकपा ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाकपा ने रांची सदर अनुमंडल पदाधिकारी को शुक्रवार को ज्ञापन सौंप कर अनुमंडल में लंबित मुकदमों की सुनवाई समय से करने की मांग की। साथ ही लंबित मामले में त्वरित कार्रवाई कर आदेश पारित करने की मांग की गयी है। भाकपा जिला सचिव अजय सिंह ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय में 144, 107 ,बिल्डिंग एक्ट एवं अन्य मुकदमों की सुनवाई समय सीमा के अंदर नहीं हो पाता है। इससे न्याय मिलने में काफी देर होती है।




यहां तक कि वर्षो से लंबित मुकदमों की सुनवाई पूरी होने के बाद भी कई मामलों में आदेश पारित नहीं हो पाया है। सिंह ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों को सख्त चेतावनी जारी करे, ताकि तय समय सीमा के अंदर कार्य पूरा हो ,लोगों को न्याय मिलने में देरी न हो।

## रैयत विस्थापित मोर्चा मिला रोहणी शाखा व पिपरवार जीएम से, की हक की मांग

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन सीबी सहाय और रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा शाखा कमेटी की बैठक किया गया. बैठक में मैक्लुस्कीगंज पिपरवार राजधर साइडिंग रेल लाईन परियोजना से प्रभावित रैयतों को पिपरवार सीसीएल प्रबंधन की ओर से मुआवजा नही दिया.वर्षों पहले सीसीएल नौकरी मुआवजा के नाम पर रैयतों की भूमिअधिग्रहण कर लिया गया था. सीसीएल बिना मुआवजा व नौकरी दिये ही अपना मुंह मिट्ठू कर वाहवाही लूटने में लगी है. परन्तु रैयत के पीढ़ी दर पीढ़ी गुजरते गये लेकिन मुआवजा व नौकरी का नशीब नही हुआ. वही रैयत विस्थापित ग्रामीणों व प्रभावितों को भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया. इस सभी मांग को लेकर महाप्रबंधक पिपरवार कार्यक्रम संभागर में बैठक कर चर्चा किया गया. इस बैठक में मुख्य रूप से रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता उपस्थित थे. इस दौरान नावाडीह शाखा से शिवनारायण लोहार सचिव प्रेम कुमार गुप्ता राधेश्याम प्रसाद,भरत महतो, हेमलाल गंझू, रामधारी गंझू, कुलदीप साहू, सुरेश साहू,बिशेश्वर साहू, उमा शंकर साहू, सोनू साहू, नरेश यादव, मिथुन गंझू,रामलखन गंझू, अमृत भोगता,नरेश गंझू, रामचंद्र उरांव सहित अन्य रैयत उपस्थित थे.



## पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखण्ड पदाधिकारी की बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड प्रमुख महोदया सोनी तिग्गा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखण्ड पदाधिकारी/कर्मी का बैठक किया गया. जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग,अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य,प्रभारी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ0.प्रतिमा कुमारी,प्रभारी प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति कुमारी प्रसाद,स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर इरशाद,प्रभारी प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी अजित कुमार सिन्हा,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा सरवरी नाथ चौरसिया,प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी श्री आदित्य नाथ झा,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री बिनय कुमार गुप्ता,प्रखण्ड समन्वयक श्री असित कुमार,प्रखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना श्री किशोर कुजूर,प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक श्री विकास प्रीति रंजन तिर्की,प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती जया कुमारी उपस्थित हुए. पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा विभाग वार समीक्षा किया गया. प्रखण्ड के पदाधिकारियों के द्वारा बैठक में अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई, एवं शिकायतों का निराकरण किया गया. इस दौरान पंचायत समिति सदस्य कुंजित देवी,मेनका देवी,सुनीता देवी, सहित अन्य पंचायत के पंसस उपस्थित थे.



## सफी नदी से बालू का अवैध उत्खनन जारी, प्रशासन मौन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरी सफी नदी से अवैध बालू का उठाव लगातार जारी है. स्थानीय प्रशासन व अधिकारियों द्वारा बीच बीच मे बालू माफियाओं पर करवाई भी किया जाता है पर बालू माफियाओं ने सारे नियम कानून को ताक में रखकर नदी से खुलेआम दिन के उजाले में बालू का उठाव कर रहे है. स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैध बालू उठाव पर प्रतिबंध लगाने का कोई ठोस कदम नही है. चुरी के सफी नदी से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में ट्रेक्टर से बालू का उठाव होता है और उस बालू को आसपास के क्षेत्रों में अधिक कीमतों में बेचा जाता है.बताना चाहते है कि समय रहते बालू माफियाओं पर नकेल नही कसा गया तो नदी का अस्तित्व तो खतरे में पड़ेगा ही साथ ही साथ सरकार को राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है. सूत्र के अनुसार बताया जाता है कि प्रसासन अवैध बालू खनन रोकने के लिये जिसे जिम्मेदारीदिया जाता है, वही जिमेवार व्यक्ति ट्रैक्टरों को पकड़ कर वसूली करने लगते है. बताया ये भी जाता है एक ट्रैक्टर पकड़ने पर 10 हजार रुपये का मांग किया जाता. कुछ समय बाद तोल मोल कर बालू लदा टैक्टर को छोड़ दिया जाता है. उसके बाद प्रति ट्रेक्टर बालू उठावने के लिए एक जगह वसूली कर रखा जाता है. तब जाकर निरंतर बालू घाट से अवैध खनन कर बालू का उठाव किया जाता है.



## आरवीपी कोयलांचल पत्रकार संघ की बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर वी पी कोयलांचल पत्रकार संघ की एक बैठक डकरा के भूतनगर में हुई. इस बैठक में मैकलुस्कीगंज, खलारी, डकरा एवं पिपरवार के पत्रकार शामिल हुए. बैठक में बतौर अतिथि पूर्व जिला परिषद सह मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक में मूल पत्रकारों की समस्याओं,क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया साथ ही निर्णय लिया गया कि 1 मार्च को पिपरवार में होली मिलन समारोह मनाया जायेगा. बैठक में नरेश चौरसिया, गोपी चौरसिया,रोहित कुमार, अशोक सिंह, रविन्द्र कुमार रवि,पवन गुप्ता, संजय गुप्ता,अखिलेश गिरी,धीरेंद्र कुमार, मो याकूब ,बसंत कुमार पंकज सहित अन्य पत्रकार साथी शामिल थे।



## आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला सामने आया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड में इन दिनों भूदान व वनपट्टा जमीन को पैसे के रौब वालो को किसी का नाम करा देना जैसे कि अंचल के प्रचलन बन गया है. अब मामला लपरा पंचायत के बघमरी ग्राम का है,जिसमे टाना भगत व मुण्डा आदिवासियों की जमीन को हड़पने का मामला सामने आया है. जो कि आदिवासी समाज के लोगो ने बताया कि जिस जमीन को कई पीढ़ियों के द्वारा जंगल झाड़ी, चट्टान, खूटी डाटी काटकर उपजाऊ बनाया.उस बंजर भूमि को खेती प्रकार बनाकर खेती-बारी करके अपने-अपने सपरिवार रहकर अपना कुआँ जंगल पेड़-पौधों लगाकर बागवानी बनाया गया. उस जगह की भूमि को बिहार भूदान यज्ञ कमिटी के तरफ से 1986-87 को मंगरूतरी खाता- प्लॉट- जमीन भूदान के द्वारा दिया गया हैं. जो कि अब भी दखल है, वही अब उक्त जमीन पर किसी नोनिया के नाम पर 10 एकड़ से ज्यादा फर्जी कागजात दिखाकर और साथ ही तरह-तरह प्रलोभन देकर जमीन जोर-जबरदस्ती करके नपवाने हड़पने की कोशिशें की जा रही है. जिससे बाघमरी मंगरूतरी के टाना भगत, मुंडा समाज पूर्ण रूप से आक्रोशित है. अब खलारी अंचलाधिकारी ने आदिवासी समाज को बुलाकर अपना अपना दस्तावेज सौंपने को कहा गया. अंचलाधिकारी के कहे अनुसार शुक्रवार को अंचल कार्यालय में आदिवासी समाज कागजात लेकर पहुँचे व निष्पक्ष जाँच कर पीढ़ी दर पीढ़ियों का हकदार को जमीन सौप देने की मांग किया। अंचलाधिकारी के आदेश पर लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी,व टाना भगत व मुण्डा समाज के महिला पुरुषों का दल उपस्थित हुये.



## प्रखंड का एक भी दिव्यांग महरूम न रहे अपने अधिकार से : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** उपायुक्त रांची के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की देखरेख में दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांव से आये दिव्यांगों की जांच हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एवीके बाखला, नेत्र विशेषज्ञ डॉ दीपांकर मिश्रा, ईएनटी के विशेषज्ञ डॉक्टर कैलाश भूषण अग्रवाल ने शिविर में पहुंचे दिव्यांगों की जांच किया। जबकि इएनटी के सहायक कन्हैया कुमार, नेत्र सहायक संदीप कुमार और अरुण कुमार ने जांच की प्रक्रिया सहयोग किया। शिविर में पहुंचे दिव्यांगों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे भी शामिल थे। जबकि 18 वर्ष अधिक आयु के लोगों ने भी शिविर का लाभ उठाया। दिव्यांगो की ऑनलाइन इंट्री किया गया। आयोजित शिविर का बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार समय-समय पर निगरानी करते रहे। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रखंड का एक भी दिव्यांग सरकारी लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया कि शिविर में पहुंचे सभी लोगों का जांच कर ऑनलाइन करना हम सबका दायित्व है। यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी दिव्यांग अपने अधिकार से महरूम ना रहे। डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि 10 से 15 दिनों के अंदर आज इनकी किए गए सभी दिव्यांगों का सर्टिफिकेट अपलोड हो जाएगा जिसे किसी भी प्रज्ञा केंद्र से निकाला जा सकता है। शिविर का शुभारंभ निर्धारित समय दस बजे होकर शाम 5 बजे तक चलता रहा। इस दौरान कुल 67 दिव्यांग उपस्थित हुए जिनमें से 58 का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। जबकि 9 लोगों को रेफर किया गया।शिविर को सफल बनाने में बीएओ कलिंदर साहू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, विवेक कुमार, संतोष तिवारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, संजय उरांव, बासुदेव बड़ाईक, परमानंद कुमार ने अहम भूमिका निभाई।



## हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर की कलश यात्रा निकाली गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** मुरी रेलवे कॉलोनी के समीप मस्जिद मोहल्ला में शुक्रवार को हनुमान जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार कर उसके प्राण प्रतिष्ठा किया गया! सर्वप्रथम वहां के महिलाओं पुरुष एवं बच्चीयों ने पीले वस्त्र पहनकर कलश यात्रा मे शामिल हुए !कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ हनुमान मंदिर से निकलकर स्वर्णरेखा नदी पहुंचे! सभी महिलाएं एवं बच्चीयां जय श्री राम, जय बंजरंग बली, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए नदी तक पहुंचे,एवं वहां से कलश में जल लेकर मस्जिद मोहल्ला हनुमान मंदिर पहुंचे! पश्चिम बंगाल से आए पुरोहित कंचन देवघरिया ने विधिवत मंत्रोच्चार कर पूजा अनुष्ठान किया! साथ ही रामायण पाठ भी किया।

## शहीद वीर बुधु भगत की जयंती समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** शुक्रवार को चान्हो प्रखंण्ड स्थित शहीद वीर भूमि स्थल सिलागाई मे शहीद वीर बुधु भगत की जयंती समारोह का आयोजन वीर बुधु भगत स्मारक समिति के द्वारा किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे ग्रामीण विकास विभाग सह संसदीय मंत्री आलमगीर आलम एवं स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची। आयोजनकर्ताओ ने स्वागत स्थल से पारम्परिक नृत्य मंडली एवं ढोल मांदर मंडली के साथ स्वागत करते हुए, वीर बुधु भगत की प्रतिमा तक लाया गया। माननीय मंत्री एवं स्थानीय विधायक ने प्रतिमा पर पुष्प माला चढाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात इन्हे नृत्य मंडली द्वारा मंच तक लाया गया। मंच पर अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ कर स्वागत व अभिनन्दन किया आयोजनकर्तओ ने। इसके तत्पश्चात माननीय मंत्री एवं स्थानीय विधायक ने इस वीर स्थल मे विभिन्न गाँवो से आये तमाम को सम्बोधन करते हुए वीर पुरुष की वीर गाथा को बतलाया कि कैसे आदिवासी समाज के हक एवं अधिकार के अंग्रेजो से लड़ा एवं अपने समाज के हक व अधिकार के लिए अपनी आहुति दे दी। मंत्री आलमगीर आलम ने वीर की इस पावन धरती, सिलागाई मे ग्रामीण निवासी के लिए कल्याण विभाग की ओर से 26 योजनाओ के क्रियान्वन हेतु 8 करोड़ 85 लाख रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान किया है। अब वीर धरती का विकास हो पायेगा। विधायक ने पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष माननीय बंधु तिर्की के बारे मे भी कुछ बातो को रखा। पूर्व मंत्री ने बिना लालच, निस्वार्थ भाव से मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता का सेवा किया साथ ही सिलागाई वीर भूमि के वीर स्थल पर विभिन्न चीजों का निर्माण कार्य कराया।विधायक ने इस जयंती मे विकास मेला का फीता काट कर मेला का उद्घाटन किया। जहाँ विधायक ने विभिन्न योजनाओं के लाभुक व्यक्ति के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र, पानी मशीन एवं अन्य चीजों का वितरण किया। इसके तत्पश्चात पुनः विधायक मंच पर पहुंची, जहाँ आयोजनकर्ताओ ने विधायक को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, मांडर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, विधायक प्रतिनिधि, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष, अन्य सामाजिक अगवा, वीर बुद्धू भगत स्मारक समिति के सदस्य गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शुक्रवार को शिक्षा विभाग के द्वारा रातु डायट में आयोजित झारखंड को जानो संबंधी जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में ओरमांझी प्रखंड के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओरमांझी प्रखंड का नाम रोशन किया। इस मौखिक क्विज प्रतियोगिता में रांची जिले के सभी प्रखंडों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला के छात्र मो सदीक जमाल एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहु के छात्र ऋषभ एक्का ने प्रखंड की ओर से संयुक्त रूप से भाग लेते हुए तीसरे राउंड में मौखिक प्रश्नों का सटीक जवाब देकर सर्वाधिक अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ओरमांझी प्रखंड का प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त करते हुए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने कहा कि प्रखंड स्थान प्राप्त कर बच्चों ने ओरमांझी प्रखंड का नाम रोशन किया। हम सभी शिक्षक गौरवान्वित महसूस करते हैं । और दोनों बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।




### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 11/2021–22**

**PR No. – 257279 का नवम् आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 21.02.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.03.2023 को अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 03.03.2023 को अपराह्न 3.30 बजे तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 04.03.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 08084784990
10. कार्य की विवरणी :– Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S.Division, Lohardaga for the year 2021-22 under JJM.

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों की संख्या | योजना की संख्या | FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra & Senha | 13 | 4 | 65 | 2141 | Loh/SVS/Cluster-04A | 6,09,21,000.00 | 6,10,000.00 | 10,000.00 | 09 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 290628 (Lohardaga) 22-23 (D)



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/14/2022-23/RE-1
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला योजना अनावद्ध मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | प्रखण्ड–सिमरिया, पंचायत–बगरा, ग्राम–बगरा में सावरा खातुन के घर से मध्य विद्यालय तक गार्डवाल निर्माण। | 24,05,830.00 | 48,200.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 02 | 02 | प्रखण्ड–कुन्दा, पंचायत–सिकीदाग, ग्राम–लोटवा में राजेश भारती के घर से छठ घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22,00,530.00 | 44,100.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 03 | 03 | प्रखण्ड–गिद्धौर, पंचायत–मंझगांवा, ग्राम–पिण्डारकोण में शिव मंदिर से श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,77,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 04 | 04 | प्रखण्ड–गिद्धौर, पंचायत–मंझगांवा, ग्राम–पिण्डारकोण में पिण्डारकोण में संतोष सिंह के घर से गड़के नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,88,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 05 | 05 | प्रखण्ड–ईटखोरी, पंचायत–कोनी, ग्राम–हरदिया में शत्रुघ्न सिंह के घर से देवा भुईयां के घर होते हुए यमुना सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 18,52,800.00 | 37,100.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 06 | 06 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–डमडोईया, ग्राम–डहुरी में पी0डब्लू0डी0 रोड से कोईली महुआ होते हुए बासो राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,92,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 07 | 07 | प्रखण्ड–पत्थलगडडा, पंचायत–सिंघानी, ग्राम–सिंघानी में मुस्लिम मुहल्ला से नरकी छठ घाट तक नाली निर्माण। | 19,79,800.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 08 | 08 | प्रखण्ड–प्रतापपुर, पंचायत–भरही, ग्राम–भरही में भरही मेन पथ से मोगल खां के घर होते हुए सोनुटांड मजारशरीफ तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण। | 24,97,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 09 | 09 | प्रखण्ड–प्रतापपुर, पंचायत–भरही, ग्राम–भरही में भरही मेन पथ से बजराही मजारशरीफ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,99,100.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **21.02.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – **27.02.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय **28.02.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **01.03.2023** के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR 290598 (Rural Development)22-23*D



### झारखण्ड सरकार
### कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा,चतरा

**ई–निविदा सूचना**

1. कारा का नाम – मंडल कारा, चतरा।
2. विषय–कारा में खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, फल एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति के निमित ई0 निविदा का आमंत्रण। **(द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04.2023 से 30.06.2023 तक)।**
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य ( Non refunfable ) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकारहै–
(i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु –रू0 2,500.00 ( दो हजार पाँच सौ रूपये )मात्र
(ii) रू0 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु रू 05,000.00 (पाँच हजार रूपये)मात्र
(iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर तक की सामाग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये)मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–03.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 11.03.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि 03.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 11.03.2023 के अपराहन 05:00 बजे तक।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक – 12.03. 2023 एवं 13.03.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–14.03.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में उनके कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website jharkhandtenders.gov.in पर e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक मंडल कारा,चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.290570 Home(22-23):D
अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा



### न्यायालयः– अंचल अधिकारी, काँके (राँची)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सहायक कुलसचिव (भू–अभिलेख), बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, राँची द्वारा सूचित किया गया है कि मौजा– मेसरा, रूदिया एवं होम्बई में एल0ए0 केस सं0– 05/1958–59 एवं एल0ए0 केस सं0– 09/1964–65 द्वारा बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, राँची हेतु अर्जित की गई है। प्रथम पक्ष के अनुसार उनके अर्जित भूमि पर द्वितीय पक्ष के नाम से कायम निम्न जमाबंदी दोहरा जमाबंदी है जिसे रद्द करने का अनुरोध किया गया है:–
प्रथम पक्षः– सहायक कुलसचिव (भू–अभिलेख)
**बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, राँची।**
बनाम
द्वितीय पक्षः–

| क्र0 | जमाबंदी रैयत | विविध वाद सं0 | मौजा | खाता | प्लॉट | कुल रकबा | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चरकु साहु वगैरह एवं उनके वंशज | 13/2022–23 | मेसरा | 71 | 1637, 1642 | 0.42 एकड़ | |
| 2 | गोपाल भोकता वगैरह एवं उनके वंशज | 14/2022–23 | मेसरा | 72 | 2370 | 0.02 एकड़ | |
| 3 | गिरधारी लाल मिसीर वगैरह एवं उनके वंशज | 15/2022–23 | मेसरा | 89 | 566, 573 | 0.30 एकड़ | |
| 4 | थोम नाथ महतो वगैरह एवं उनके वंशज | 16/2022–23 | होम्बई | 47 | 770 | 0.09 एकड़ | |
| 5 | पुरन मुण्डा वगैरह एवं उनके वंशज | 17/2022–23 | रूदिया | 5 | 115, 385 | 70 डी0 | |
| 6 | झुवला महतो एवं उनके वंशज | 18/2022–23 | होम्बई | 21 | 318, 648 649, 652 653 | 6.72 एकड़ | |
| 7 | दुखी मुण्डा एवं उनके वंशज | 19/2022–23 | मेसरा | 45 | 2338 | 0.21 एकड़ | |
| 8 | श्रीमति वाचो देवी वगैरह एवं उनके वंशज | 20/2022–23 | मेसरा | 125 | 507, 516, 1644, 2411 2412, 2413 2414 | 4.42 एकड़ | |
| 9 | जुसफ उराँव एवं उनके वंशज | 21/2022–23 | मेसरा | 135 | 2353 | 2.52 एकड़ | |
| 10 | लटु महतो वगैरह एवं उनके वंशज | 22/2022–23 | मेसरा | 99 | 417, 451 499, 538 502 | 2.50 एकड़ | |
| 11 | मोहर महतो वगैरह एवं उनके वंशज | 23/2022–23 | मेसरा | 23 | 427, 428 518, 562, 1638 | 3.42 एकड़ | |
| 12 | खेचा महतो एवं उनके वंशज | 24/2022–23 | मेसरा | 2 | 1623, 1625 | 4.98 एकड़ | |
| 13 | कुमारी मीरा वगैरह एवं उनके वंशज | 25/2022–23 | मेसरा | 13 | 1688 | 1200 वर्गफीट | |
| 14 | राम लाल महतो एवं उनके वंशज | 26/2022–23 | मेसरा | 24 | 2344 | 0.72 एकड़ | |
| 15 | श्रीमति पार्वती महतवाईन वगैरह एवं उनके वंशज | 27/2022–23 | मेसरा | 34 | 533, 535 | 0.44 एकड़ | |
| 16 | परमु महतो एवं उनके वंशज | 29/2022–23 | होम्बई | 28 | 773 | 1.52 एकड़ | |
| 17 | फकीरा पाहन एवं उनके वंशज | 30/2022–23 | मेसरा | 79 | 2433, 2437 | 0.73 एकड़ | |
| 18 | बुका पाहन एवं उनके वंशज | 31/2022–23 | मेसरा | 90 | 2418, 2416 2427 | 0.36 एकड़ | |
| 19 | शशिकांत एवं उनके वंशज | 32/2022–23 | मेसरा | 133 | 509 | 0.60 एकड़ | |
| 20 | श्रीमति लुखो वगैरह एवं उनके वंशज | 33/2022–23 | होम्बई | 31 | 410, 659 | 0.08 एकड़ | |
| 21 | श्रीमति लुखो वगैरह एवं उनके वंशज | 34/2022–23 | होम्बई | 45 | 342, 640 642, 729 | 3.52 एकड़ | |
| 22 | झुवला महतो एवं उनके वंशज | 35/2022–23 | होम्बई | 60 | 388 | 0 | |
| 23 | बिरसा मुण्डा वगैरह एवं उनके वंशज | 36/2022–23 | रूदिया | 4 | 188 | 0.00 | |
| 24 | श्री भृग राम महतो एवं उनके वंशज | 37/2022–23 | मेसरा | 54 | 441 | 0.16 एकड़ | |
| 25 | श्रीमति रासो देवी एवं उनके वंशज | 38/2022–23 | मेसरा | 65 | 430 | 16.50 एकड़ | |
| 26 | लालदेव मुण्डा वगैरह एवं उनके वंशज | 39/2022–23 | रूदिया | 13 | 145, 147, 177, 148 | 4.26 एकड़ | |
| 27 | झलवा महतो एवं उनके वंशज | 40/2022–23 | होम्बई | 20 | 310, 313, 539, 630, 728 | 0 | |
| 28 | जोगीया महतो वगैरह एवं उनके वंशज | 41/2022–23 | होम्बई | 14 | 366, 382, 391, 663, 664, 665, 743, 744, 745 | 2.53 एकड़ | |
| 29 | जीतवाहन महतो वगैरह एवं उनके वंशज | 42/2022–23 | होम्बई | 13 | 325, 334 | 0 | |
| 30 | श्रीमति बन्दना राय एवं उनके वंशज | 43/2022–23 | होम्बई | 8 | 555 | 0.015 एकड़ | |
| 31 | फ्रांसिस मेवा वगैरह एवं उनके वंशज | 44/2022–23 | रूदिया | 15 | 196, 289 | 2.20 एकड़ | |
| 32 | सन्तोष टोप्पो एवं उनके वंशज | 45/2022–23 | रूदिया | 21 | 387 | 0.64 एकड़ | |

इस संबंध में उभय पक्षों को नोटिस निर्गत कर दिनांक– 08.10.2022, 21.01.2023 एवं 08.02.2023 को प्रश्नगत भूमि के दावा से संबंधित कागजात की मांग की गई थी। किन्तु अभी तक द्वितीय पक्ष के द्वारा कागजात समर्पित नहीं किया गया है।
अतः आपको अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया जाता है कि प्रश्नगत भूमि के दावा से संबंधित मूल दस्तावेज/कागजात के साथ स्वयं अथवा प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में दिनांक 24.02.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे उपस्थित होकर कागजात जमा करना सुनिश्चित करें। अन्यथा यह समझा जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

PR.NO.290590 District(22-23):D
अंचल अधिकारी, काँके, राँची।

## जरूरतमंद बेटी की शादी में तैलिक साहू महासभा ने दिया सहयोग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के द्वारा मानगो बालिगुमा निवासी शारदा देवी को उसकी बड़ी बेटी की शादी के लिए नगद 21,100 का सहयोग राशि आज साकची जिला कार्यालय में दिया गया। उनकी तीन बेटियां हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने बताया कि शारदा देवी ने 10 दिन पहले समाज को एक आवेदन देकर सहयोग की मांग की थी। समाज एवं जनहित में आगे भी इस प्रकार का नेक कार्य जारी रहेगा। मौके पर कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार साव, पप्पू साहू, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साह, जिला सचिव अशोक साहू आदि उपस्थित थे।

## तिरूलडीह शहीद चौक में चला एंटी क्राइम चेकिंग

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के



तिरूलडीह थाना के तिरूलडीह शहीद चौक पर शुक्रवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के क्रम में बिना हेलमेट और लाइसेंस के बाइक चलाने के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह बाइक को जप्त कर कार्रवाई किया गया। दो पहिया व चार पहिया वाहनों का डिक्की आदि तलाशी लिया गया। लोगों को कार चलाते समय सीट बेल्ट बांधने व हेलमेट पहनकर बाइक चलाने का थाना प्रभारी रितेश कुमार ने अपील किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना का आंकड़ा भयावह हो गया है। लोगों को क्राइम कंट्रोल करने में पुलिस का सहयोग करने का अपील भी किया। थाना प्रभारी ने कहा कि एंटी कार्यक्रम चेकिंग लगातार जारी रहेगा। मौके पर एएसआई हरदेव पासवान,रंजीत प्रसाद एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

## सोनी ने नए कैमरा एफएक्स30 के साथ किया सिनेमा लाइन का विस्तार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनी इंडिया ने आज ब्रांड की



प्रतिष्ठित सिनेमा लाइन - एफएक्स30 (आईएलएमई -एफएक्स30) में नवीनतम जुड़ाव की घोषणा की है। नया एफएक्स30 एक 4के सुपर 35 कॉम्पैक्ट सिनेमा कैमरा है जो सिनेमा लाइन की कई पेशेवर विशेषताएं प्रदान करता है, जैसे डुअल बेस आईएसओ, लॉग शूटिंग मोड और उपयोगकर्ता द्वारा आयातित एलयूटीएस (लुक अप टेबल्स) एक मूल्य बिंदु पर जो कई महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करता है। सोनी ने कैमरे को दो वेरियंट - एफएक्स30 (बॉडी + एक्सएलआर हैंडल) और एफएक्स30बी (केवल बॉडी) में लॉन्च किया है। यह सभी सोनी सेंटर्स, अल्फा फ्लैगशिप स्टोर्स, प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक स्टोर्स और ईकॉमर्स वेबसाइटों पर उपलब्ध है। ग्राहकों को एफएक्स30 या एफएक्स30बी कैमरे की खरीद पर 2+1 साल की एक्सटेंडेड वारंटी और 6,790/- रुपये का बीसी - क्यूजेड1 चार्जर फ्री मिलेगा। आईएलएमई-एफएक्स 30 कैमरा की कीमत 199,990 रूपये और आईएलएमई- एफएक्स30बी कैमरा 179,990 रूपये है।

## रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा पर दैनिक फैशन के विकल्पों को देखकर हुए चकित




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिंत्रा ने अपने लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' के तहत अपने ब्रांड एम्बेसडर रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी के साथ एड फिल्मों की श्रृंखला जारी की है। रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा की दो-दो फिल्मों में दिखाई दिए हैं। देश में अपने लाखों फैंस के बीच रनबीर पुरुषों के कैज़्युअल वियर का प्रचार कर रहे हैं, और कियारा महिलाओं के वेस्टर्न वियर एवं एथनिक वियर का प्रदर्शन कर मिंत्रा का फैशन नैरेटिव घर-घर पहुँचा रहे हैं। ब्रांड कैम्पेन के बारे में मिंत्रा 6000 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांड्स के विस्तृत संग्रह के साथ अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल तथा विभिन्न मूल्य वर्गों में 1.7 मिलियन ट्रेंड-फर्स्ट स्टाईल प्रदान करता है। इस ब्रांड कैम्पेन का उद्देश्य देश में हर ग्राहक तक मिंत्रा के अद्वितीय उत्पाद पहुँचाना और उनकी फैशन की दैनिक जरूरतों को पूरा करना है, ताकि देश में दैनिक फैशन में सुधार हो।

## कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने दलभंगा ओपी प्रभारी का किया स्वागत



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने शुक्रवार को दलभंगा ओपी प्रभारी अभिषेक प्रताप को बुके देकर स्वागत किया। मालूम रहे कि दलभंगा ओपी में प्रताप पदभार लेने के बाद कुचाई थाना पहुंचे। जहां थाना प्रभारी समेत पुलिस जवानों ने माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान दलभंगा ओपी प्रभारी अभिषेक प्रताप ने कहा कि क्षेत्र में प्रेम सौहार्द एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का सामंजस्य जरूरी है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। पुलिस अपराध एवं अपराधियों के लिए है। आम लोगों के लिए पुलिस प्रशासन भी आम इंसान है। मौके पर कुचाई थाना के पुलिस जवान उपस्थित थे।

### टोल प्लाजा घटनाक्रम से आक्रोशित आदिवासी मूलवासियों ने

# जूना अखाड़ा के महंत विद्यानंद सरस्वती का पुतला फूंका

### प्रदर्शनकारियों ने कहा- सनातन धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं, विद्यानंद सरस्वती ने गलत परंपरा की शुरुआत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पाटा टोल प्लाजा में गत 16 फरवरी की शाम को पारडीह काली मंदिर के महंत सह जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यानंद सरस्वती के समर्थकों द्वारा टोल कर्मियों के साथ मारपीट किए जाने की घटना से क्षेत्र के आदिवासियों और मूलवासियों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार शाम को अक्रोशित आदिवासी समाज ने घटना स्थल पर पहुंच कर विद्यानंद सरस्वती और उसके समर्थकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मान सिंह मार्डी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरा भाई कपूर बागी, सुकलाल पहाड़िया व रूदिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ज्योतिलाल माहली के नेतृत्व में महंत विद्यानंद सरस्वती का पुतला दहन किया गया। वहीं, बीते कल की घटना की निंदा की।



जूना अखाड़ा के महंत विद्यानंद सरस्वती का पुतला दहन करते स्थानीय लोग

**सरकार घटना का निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करें : माहली**

इस दौरान आदिवासी समुदाय ने महंत विद्यानंद सरस्वती तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी किया। मौके पर ज्योतिलाल माहली ने कहा कि आदिवासियों के साथ आदिवासी शासन में पुलिस की मौजूदगी में अत्याचार असहनीय है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा में गरीब आदिवासी युवक काम करते हैं। उनलोगों के साथ पारडीह काली मंदिर के महंत विद्यानंद सरस्वती के इशारे पर यह सब घटना हुआ। उन्होंने सरकार से मांग किया कि घटना का निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करें अन्यथा आदिवासी समाज जोरदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**साधु संतों द्वारा आदिवासी मूलवासियों के साथ मारपीट की घटना अशोभनीय : कपूर बागी**

मुख्यमंत्री के फुफेरा भाई कपूर बागी ने कहा कि आए दिन आदिवासी व मुलवासी के साथ प्रशासन व बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करना बहुत ही निंदनीय है। सनातन धर्म व संस्कृति में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। पूरे देश में साधु संत शांति का संदेश दे रहें हैं और विद्यानंद सरस्वती व उनके समर्थक हिंसा को बढ़ावा दे रहें हैं।



सीसीटीवी में कैद- नेशनल हाईवे पाटा टोल प्लाजा में 16 फरवरी की शाम की घटना

उन्होंने कहा कि सड़क से पार होने वाले राहगीरों के साथ अमानवीय तरीके से भी मारपीट किया गया है। साधु संतों द्वारा आदिवासी मूलवासियों के साथ मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। साधु संत के वेश चोला पहने हुए आदिवासी विरोधी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध संवैधानिक रूप से जोरदार आंदोलन शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि महंत को बिना पैसा दिए ही टोल प्लाजा से गुजरना है तो उन्हें टोल प्लाजा के वरीय अधिकारियों और सरकार से इस सुविधा की मांग करनी चाहिए। न कि टोल प्लाजा में काम कर रहे गरीब आदिवासी मजदूरों के साथ मारपीट करना चाहिए था।

**विद्यानंद सरस्वती समेत समर्थक उपद्रवियों के खिलाफ एसटी-एससी के तहत मामला दर्ज कराया जाएगा : आदिवासी समाज**

टोल प्लाजा के कर्मचारियों के साथ मारपीट तथा उपद्रव मचाने के दौरान वहां से गुजर रहे जरियाडीह निवासी युवक संजय मुर्मु (झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय बंगाली मुर्मु का पुत्र) को भी बेवजह बेरहमी से पिटाई किया गया था। जबकि वह टोल प्लाजा का कर्मचारी भी नहीं है। वह चांडिल बाजार से लौटने के दौरान वहां पर मौजूद भीड़ को देखकर रुका था और मामले की जानकारी लेने का प्रयास कर रहा था। इस घटना से आदिवासी समाज आक्रोशित हो गई हैं और अब महंत विद्यानंद सरस्वती तथा उनके समर्थकों के विरुद्ध एसटी - एससी के तहत चांडिल थाना में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी में जुट गई हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि आदिवासी समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की जाएगी। वहीं, हजारों की संख्या में चांडिल थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**वहीं टोल प्रबंधक ने चांडिल थाना में महंत विद्यानंद सरस्वती द्वारा कर्मचारियों के साथ मारपीट और तोड़फोड़ का मामला दर्ज कराया है। जिसमें टोल प्रबंधन को लाखों का नुकसान हुआ है। प्रबंधन द्वारा 2 लाख नुकसान होने की भी शिकायत दर्ज कराई गई है।**

## प्रखण्ड प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रमुख लक्ष्मी गागराई की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित पंचायत समिति के सदस्यों तथा विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों के बीच विचार विमर्श हुआ तथा अनेक विकास योजनाओं के संबंध में प्राप्त सुझाव और शिकायतों के निराकरण की कार्रवाई की गई। बैठक में सर्वप्रथम प्रखंड समन्वयक पंचायती राज भूपेंद्र महतो द्वारा पंचायत समिति के माध्यम से संचालित और पूर्ण योजनाओं का ब्यौरा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान जिन योजनाओं में प्रगति अपेक्षित नहीं पाई गई उनको यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित संवेदक व लाभुक



समिति को सूचना निर्गत करने का निर्णय लिया गया । पंचायत समिति सदस्य, हुदू द्वारा बताया गया कि बिजली विभाग बिना सूचना ग्रामीणों का विद्युत कनेक्शन काटने का कार्य कर रहा है। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के आदेश अनुसार तीन तरह की बीमारियों से बचने हेतु गोवंश तथा भैंस पशुओं का टीकाकरण कार्य पूरे प्रखंड में चलाया जा रहा है। गर्मी मौसम की शुरुआत को देखते हुए पेयजल विभाग के कनीय अभियंता को पेयजल संबंधी समस्याओं से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश समिति द्वारा दिया गया। बैठक में उपस्थित कस्तूरबा विद्यालय सरायकेला की वार्डन द्वारा बताया गया कि कक्षा 6 में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं इस हेतु जनप्रतिनिधि गण भी अपने स्तर से लोगों को सूचित करें ताकि सही समय पर बच्चियां नामांकन हेतु अपना आवेदन जमा कर सकें । प्रभारी बीटीएम , आत्मा सरायकेला द्वारा कृषि यंत्र वितरण तथा गरमा मूंग के बीज वितरण योजना के संबंध में पंचायत समिति सदस्यों को विस्तार से बताया तथा इसमें सहयोग करने का अनुरोध किया। आज की बैठक में प्रमुख उपप्रमुख विधायक प्रतिनिधि खरसावां प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला अंचल अधिकारी सरायकेला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सरायकेला प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सरायकेला एवं समिति के सभी सदस्य गण के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## योजनाओं के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करें : एडीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड परिसर स्थित सभागार में जिले के उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई की अध्यक्षता आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा तथा 14वीं वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने इन योजनाओं के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश सम्बंधित कर्मियों को दिया। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों को हर हाल में आगामी मार्च के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कर लेना है। उन्होंने 14वीं वित्त योजनाओं के कार्यों की समीक्षा करते इसके अंतर्गत संचालित योजनाओं में सुधारत्मक प्रगति लाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही, मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं का पंचायतवार संचालन कर मानव सृजन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ मारुति मिंज, जेएसएस दयानंद प्रसाद समेत प्रखंड के सभी कनीय अभियंता व पंचायत सचिव उपस्थित थे।

**प्रखंड परिसर स्थित सभागार में जिले के उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई की अध्यक्षता आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा तथा 14वीं वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई।**

## नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में सिकंदर ने झारखंड के लिए जीता गोल्ड मेडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** फॉर्थ नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप-2023 में 5 किमी के वाकिंग रेस में सरायकेला खरसावां जिले के राष्ट्रीय एथलीट सिकंदर महतो को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को झारखंड को एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। इसकी जानकारी देते हुए मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव सिकंदर महतो ने बताया कि प्रतियोगिता में पहला गोल्ड 5 किमी वाकिंग रेस में उन्हें प्राप्त हुआ जबकि भाला फेंक में चैती मार्डी को सिल्वर मेडल मिला। दोनो एथलीट दूसरे दिन झारखंड के लिए दो पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन किया है। जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने दोनो एथलीट को बधाई व शुभकामनाएं दी है।



## गम्हरिया के तिरला पंचायत में कम राशन वितरण पर उपायुक्त ने दिए जांच के आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के विभिन्न क्षेत्र से अपनी अपनी समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों से साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में उपायुक्त अरवा राजकमल समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बारी बारी मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मिली जानकारी अनुसार लगभग 80 फरियादी पहुंचे थे, जिनमे से कुछ के समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कुछ समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित विभाग प्रमुख को निर्देशित करते हुए इनके आवेदन भेजे गए। गम्हरिया प्रखंड के तिरला



पंचायत मे पीडीएस डीलर द्वारा राशन वितरण में कम राशन देने सम्बन्धी एक मामले पर उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उक्त मामले में अंचलाधिकारी के साथ जांच करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा की जानचोपरान्त किसी भी प्रकार से गड़बड़ी पाए जाने या शिकायत सत्य पाए जाने पर नियमसंगत करवाई सुनिश्चित करे। उपायुक्त द्वारा प्रतिनिधियों से भी अपील किया गया कि यदि कोई पीडीएस डीलर राशन कम दे और हस्ताक्षर या आधार सिडिंग करने को कहे तो मामले को प्रशासन के संज्ञान में लाएं हस्ताक्षर कदापि ना करें।

## बुद्धिजीवी मंच ने पटमदा के प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भविष्य को लेकर आप डरें नहीं, आगे बढ़ें। आप जो कर सकते हैं एक कंफर्ट वाले छात्र नहीं कर सकते हैं। क्योंकि आप ढिबरी की रोशनी और बिना पंखे से ही खुद को तैयार कर चुके हैं यह आपका प्लस प्वाइंट है। बुद्धिजीवी मंच हमेशा आपका सहयोग और मार्गदर्शन के लिए तैयार है। यह बातें शुक्रवार को लोकसभा के कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र नाथ महतो ने कहीं। वे बुद्धिजीवी मंच पटमदा की ओर से बेलटांड़ चौक स्थित भगीरथ सिंह के मकान में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल



रहे थे। उन्होंने कहा कि मैथ्स विषय पर पटमदा डिग्री कॉलेज के गरीब छात्र का कोल्हान विश्वविद्यालय में अव्वल आना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मौके पर कोल्हान टॉपर कृष्णपद सोरेन, कॉलेज के दूसरे टॉपर हरिहर षाड़ंगी व अन्य छात्रों में अमिय महतो, बिष्णु महतो, संजय महतो, प्रदीप तंतुबाई, संगीता महतो व मौसमी महतो को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, समाजसेवी माधव महतो, मंच के अध्यक्ष गोपाल कुमार, उपाध्यक्ष मदन मोहन महतो, सचिव कल्याण कुमार गोराई व कोषाध्यक्ष विजय कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## कुचाई में योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के अंतर्गत पथ निर्माण विभाग सरायकेला खरसावां के द्वारा 7.33 करोड़ से चक्रधरपुर-टोकलो-कुचाई पथ का राईडिंग क्वालिटी में होगा सुधार कार्य, कुचाई के बारूगाड़ा नाला में वीयर योजना एवं नाला में वीयर योजना, कुचाई के मुचुसुईड और रोकोबेड़ा नाला में चैकडेम का निर्माण होगा. जिसका विधिवत शिलान्यास खरसावां विधायक दशरथ गागराई, सासंद प्रतिनिधि विजय महतो,जिला परिषद सदस्य जिग्गी हेम्ब्रम के द्वारा



संयुक्त रूप से किया गया. सरायकेला खरसावां पथ निर्माण विभाग के द्वारा 4.94 करोड़ के लागत से चक्रधरपुर-टोकलो-कुचाई पथ का राईडिंग क्वालिटी का सुधार कार्य होगा. वहीं 84 लाख के लागत से कुचाई के मुचुसुईड नाला एवं कुचाई के गोमेयाडीह के रोकोबेड़ा नाला में 75 लाख की लागत से चैकडेम का निर्माण होगा. जबकि कुचाई के बारूहातु पंचायत के बायगारा नाला में विशेष केन्द्रीय सहायता मद से 80 लाख के लागत से वीयर योजना सह नाली की मरम्मति एवं निर्माण होगा. मौके पर श्री गागराई ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है. विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर एवं कच्ची सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा. ग्रामीणों के इसी मांग पर यहां चैकडेम का निर्माण कराया जा रहा है. शिलान्यास के दौरान मुख्य रूप से खरसावां विधायक दशरथ गागराई, सांसद प्रतिनिधि विजय महतो, जिला परिषद सदस्य जिग्गी हेम्ब्रम, कनिया अभियता बलदेव बानरा, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप आदि उपस्थित थे.

## अखंड हरिकीर्तन के मौके पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के डुमरा गांव में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिकीर्तन को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे व कीर्तन के साथ निकाली गई इस कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं व कुंवारी कन्याएं शामिल हुई। इस दौरान डुमरा गांव स्थित भांगा तालाब से जल लेकर महिला श्रद्धालुओं ने पूरे ग्राम का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंच कर उसे स्थापित किया। तत्पश्चात पंडितों द्वारा कलश पूजन कराया गया। बताया गया है कि शनिवार, 18 फरवरी से 20 फरवरी तक अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद आगामी 21 फरवरी को घुलट एवं प्रसाद वितरण के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा। इसके सफल आयोजन में हरिनाम संकीर्तन समिति के अध्यक्ष मलिन चन्द्र मंडल, सचिव बुद्धेश्वर सरदार, कोषाध्यक्ष सुभाष मंडल, पोल्टू मंडल, आदि थे।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव 19 फरवरी से, तैयारी पूरी,मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटनः उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राजीकीय इटखोरी महोत्सव का उदघाटन अपराह्न 3ः00 बजे हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार,विशिष्ट अतिथि सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, हफीजुल हसन, मंत्री, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के करकमलों द्वारा डॉक्टर सुनील कुमार सिंह, सांसद, चतरा की अध्यक्षता में 19 फरवरी को किया जाएगा। उक्त जानकारी निवेदक चतरा डीसी अबू इमरान ने दी। चतरा डीसी श्री इमरान ने बताया कि तीन धर्मो की संगम माँ भद्रकाली के प्रांगण में तीन दिवसीय कार्यक्रम पूरे सम्मान के साथ 19, 20 और 21 फरवरी को होगी।जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। आयोजक जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।उक्त कार्यक्रम में किशुन कुमार दास, विधायक, सिमरिया, धर्म गुरू स्वामी रविन्द्र कीर्ति जी, हस्तिनापुर, ताराचन्द जैन, अध्यक्ष झारखण्ड राज् जैन धार्मिक न्यास बोर्ड, नांगजेय दोरजी, सदस्य सचिव, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति की गरिमामय उपस्थिति में होगी।निवेदक डीसी अबू इमरान ने आमंत्रण पत्र में जोहार सब्द से प्रारंभ करते हुए कहा है कि असीम आनंद एवं गौरव की अनुभूति हो रही है। धर्म संगम ईटखोरी के पावन भूमि पर माँ भद्रकाली के आँचल तले, भगवान बुद्ध की तपोभूमि एवं जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी की पवित्र जन्मभूमि पर अगामी 19, 20 एवं 21 फरवरी, 2023 को त्रिदिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारतीय एवं झारखण्ड की संस्कृति और सभ्यता से ओत-प्रोत भक्तिमय व संगीतमय रसधारा ख्यातिप्राप्त कलाकारों के द्वारा प्रवाहित की जाएगी। आगे कहा है कि महोत्सव में राष्ट्रीय पटल पर ईटखोरी का पुरातात्विक महत्व विषय पर संगोष्ठी का विशेष आयोजन होगा। जिसमें कई प्रसिद्ध वक्ता अपने विचार रखेंगें। डीसी ने कहा है आप अपनी गरिमामयी उपस्थिति से हमें कृतार्थ करें।

# डीसी ने नाबार्ड प्रायोजित मत्स्य प्रशिक्षण के प्रशिक्षार्थियों को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबु इमरान ने नवीनतम मत्स्य तकनीक पर प्रशिक्षण के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण को लेकर प्रशिक्षणार्थियों को रवाना किया है।गौरतलब है कि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रांची मतस्य निदेशालय एवं धुर्वा बांध, रामगढ़ में पतरातू बांध और बरही, कोडरमा में फिंगरलिंग उत्पादन का दौरा शामिल है। सिमरिया और टंडवा वाटरशेड क्षेत्र के 25 प्रतिभागियों से बैंकों के समर्थन और पीएम मतस्य सम्पदा जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने क्षेत्र में इन तकनीकों को अपनाने की ओर अग्रसर है।इस मौके पर अपर समाहर्ता मृत्युंजय बक्शी, डीडीएम नाबार्ड मौजूद थे।

## 10 दिवसीय पशु महाशिवरात्रि मेला का उद्घाटन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत कौलेश्वरी में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन आज होगा। जिसका मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी होंगे। एवं उनके साथ गिद्धौर जिला परिषद सदस्य अनीता देवी प्रमुख अनीता यादव राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक देवचरण दांगी सम्मिलित रहेंगे। इस आशय की जानकारी मेला समिति के अध्यक्ष मटुकधारी दांगी ने बताया। इन्होंने बताया कि मेला का उद्घाटन विधिवत दोपहर 2ः00 बजे किया जाएगा। जहां पूरे प्रखंड वासियों का भी उपस्थित होना अति आवश्यक होगा। वार्ड सदस्य कैलाश दांगी के साथ-साथ पूरे ग्रामीणों ने प्रखंड वासियों को सादर आमंत्रित के लिए निवेदन किया है।

## जिप सदस्या प्रियंका कुमारी ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत बसिया ग्राम में बीते 4 महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी के प्रयास से बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रासफरमर लगाया गया। जिसक जीप सदस्या प्रियंका कुमारी व भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा सम्मलित रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया। वही ट्रांसफार्मर लग जाने से गाँव के लोगो में खुशी का मौहोल है। मौके पर जावेद अख्तर,अजय चौधरी, परसाद चौधरी, सत्यम, राजन लाल,नईम अंसारी, जसीम ,रविन्द्र ,मोइन उर्मिला देवी, रीना देवी,मंगरी देवी, ललिता कुमारी, प्रतिभा देवी, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता केंद्र का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड के अंतर्गत बारीयतु क्लस्टर के दुवारी पंचायत भवन मे जेएसएलपीएस के तत्वधान के दूसरे वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु सक्षम केन्द्र का विधिवत उदघाटन प्रमुख अनीता यादव मुखिया जगदीश यादव और बीपीएम अभिषेक कुमार जिआरजीबी बैंक मैनेजर बिनोद पासवान अजय कुमार अरुण कुमार और अनिल प्रजापति के द्वारा शुक्रवार 17 फरवरी को किया गया। जिसके तहत सखी मंडल की दीदियों तथा ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी एवं जागरूक किया गया।तथा लोगों को वितिय सेवाएं प्रदान की जायेगी। सक्षम केंद्र के तहत ग्रामीण परिवेश में निवास कर रहे हर एक परिवार को वितीय साक्षर करना है।ताकि लोग बचत कैसे करे, बीमा क्यों करवाना चाहिए, पेंशन क्या है,बैंक क्यों जरूरी हैं इत्यादि चीजो के बारे में मैनेजर ने बताया।खेल के माध्यम से भी समुह दिदी लोगों को जागरूक करना हैं।डिजिटल ट्रांसेक्शन को बढ़ावा देने हेतु डिजिटल ग्रामीण भारत के तहत डिजिटल ग्रामीण परिवार की भी सुरुवात कि गयी। इसका मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर एवम ग्राम स्तर पर डिजिटल ट्रांसेक्शन को बढ़ावा देना है।इस मौके पर ब्रष्ट पूर्णिमा कुमारी के द्वारा 6500 का ट्रांजैक्शन भी किया गया । ताकि समूह के दीदी बेहतरीन तरीका से समझ सके।मौके पर जेएसएलपीएस से जुड़ी सक्रिय महिला किसान सखी पशु सखी बैंक सखी एवं सखी मंडल की दीदी उपस्थित है।

# सिविक एक्शन प्लान के तहत सीआरपीएफ ने वितरण किया कई प्रकार की सामग्री





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर में शुक्रवार को सिविक एक्शन प्लान के तहत सीआरपीएफ ए-11 बटालियन के द्वारा जरूरतमंदों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में किया गया । इस दौरान सीआरपीएफ के द्वारा कस्तुरबा विद्यालय, लावालौंग हाई स्कूल के बच्चों के बीच फुटबॉल,वॉलीबॉल,नेट एवं विधवा महिलाओं / पुरुषों के बीच त्रिपाल का वितरण किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए कमांडेंट वेद प्रकाश नें बताया कि सीआरपीएफ 24 घंटे क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए तैयार है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करवाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है।वहीं इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस एवं पब्लिक के बीच अच्छा सामंजस्य स्थापित करना भी हमारा लक्ष्य है।जिससे समाज के उत्थान कार्यो को बढ़ावा दिया जा सके। वहीं स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आज की युवा पीढ़ी सही और इमानदारी पूर्वक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करती है तो निश्चित ही भविष्य में उनके कदम कभी भी गलत रास्ते पर नहीं जाएंगे और सुदृढ़ भारत निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।आगे उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही स्वयं को इतना सशक्त बनाएं कि किसी से मदद लेने की आवश्यकता ना पड़े बल्कि हम दूसरों के संरक्षक एवं मददगार बन सकें।पढ़ाई,खेल, व्यापार एवं अन्य कला कौशल में अपनी योग्यता एवं क्षमता को पुष्ट करके देश एवं प्रखंड का नाम रोशन करें।कार्यक्रम के दौरान लावालौंग और मंधनियां पंचायत के दर्जनों गांव के जरूरतमंदों के बीच सामग्रियों का वितरण किया गया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल में पहुंचा लोहड़ी पड़वा

**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को कई दिनों से हो रहे केतार के परसोडीह फील्ड मे शहीद निलाम्बर पितांबर कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन6 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला सोनपुरा बनाम लोहडी पड़वा के बीच खेला गया। जिसमे 9 विकेट से सोनपुरा को पराजित कर लोहड़ी पड़वा ने फाइनल में अपना जगह बना लिया गया। जिसमें सोनपुरा टीम के खिलाडी गौतम कुमार को मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उक्त टूर्नामेंट के उद्घाटन करता अनिल कुमार पासवान, अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष लव वर्मा, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक संतोष रजक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप का समाजसेवी ने किया उद्घाटन

**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को केतार बाजार के मुख्य गेट के समीप राजा फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप का उद्घाटन समाजसेवी सह युवा नेता पंकज कुमार सिंह ने फीता काटकर शुरुआत किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य एवं स्थानीय व्यवसाई शामिल रहे। समाजसेवी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि केतार प्रखंड क्षेत्र में इस तरह का एक भी शॉप उपलब्ध नहीं था जिससे लोगों को फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक का सामग्री खरीदने को लेकर भवनाथपुर, नगर उंटारी, गढ़वा, एवं उत्तर प्रदेश को जाना पड़ता था। परंतु अबसे केतार में ही अच्छी क्वालिटी के सोफा, दीवान, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, मिक्सर, गीजर, फैन सहित अन्य सामग्री उचित कीमत पर उपलब्ध हो सकेगी। मौके पर उपस्थित दुकान संचालक हकीमुद्दीन अंसारी, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, अमर जायसवाल, विश्वनाथ साह, रामविचार साहू, अल्ताफ अंसारी, अली हुसैन अंसारी, मोहम्मद अली, फुजैल अंसारी, अवध यादव, लल्लू जायसवाल, विनोद भगत, राज किशोर सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# एसडीपीओ अविनाश कुमार बने कैरियर काउंसलर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार गांव के स्कूली बच्चों के लिए अब कैरियर काउंसलिंग का काम भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के बच्चों में प्रतिभा तो कूट-कूट कर भरी रहती है,लेकिन उन्हें भविष्य की योजना और अपने विषय में रुचि के अनुसार कैरियर तलाश करने का के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जाती है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग के काम से फुर्सत मिलते ही गांव के स्कूली बच्चों के बीच चले जाते हैं और पठन-पाठन के साथ-साथ उन्हें कैरियर काउंसलिंग के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि उनका बेहतर कैरियर का निर्माण हो सके।इसी क्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय,जोरी में जाकर बच्चों के बीच कैरियर काउंसलिंग किया गयाद्य दसवीं क्लास के बच्चों को जो फाइनल बोर्ड एग्जाम देने वाले हैं,उनको विदाई भी दी गई । साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु सारे बच्चों को प्रेरित किया गया । स्टूडेंट पुलिस कैडेट के तहत सारे बच्चों को यह जानकारी दी गई । साथ ही नशा ही नाश का जड़ है, इससे दूर रहने के लिए सारे बच्चों को बताया गया ।

# बेस्ट सहिया अवार्ड के लिए बीटीटी ने मांगे पांच हजार, जांच करने पहुंचे पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत बिटीटी हिरामन पांडे ने बालूमाथ कि सहिया शीला देवी से बेस्ट सहिया अवार्ड के लिए 5000 रिश्वत की मांग की है। शीला देवी ने इसकी शिकायत लातेहार सिविल सर्जन से की। सिविल सर्जन ने रिश्वत की मांग की जाच जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोपनो को दिया ।जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने शुक्रवार को जांच करनेबालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे ।जहां सहिया शीला देवी एवं बिटीटी से पूछताछ की।जांच पदाधिकारी ने कहा कि अभी दोनों पक्षों की लिखित रूप से अपना पक्ष रखने को कहा गया है ।सारे पहलू को एक साथ रख कर जांच की जा रही है जांच रिपोर्ट बरिय पदाधिकारी को दी जाएगी। तथा इस मामले में अगर दोषी पाए जाते हैं तो बिटीटी के ऊपर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा जाएगा। ज्ञात हो कि बालूमाथ में बेस्ट सहिया का अवार्ड देने की घोषणा राज्य सरकार द्वारा की गई है।लेकिन अवार्ड देने के एवज में भी पैसे की मांग करना प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ।

# बालूमाथ में संचालित सभी बैंक और महिला समूह की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे शुक्रवार को बालूमाथ में संचालित सभी बैंक और महिला समूह की एक बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता जेसलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आलोक कुमार ने किया ।बैठक मे सुरक्षा बीमा योजना,जीवन ज्योति योजना,अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी गयी ।उपस्थित बैंक अधिकारियों के द्वारा समूह की महिलाओ को जानकारी देते हुए कहा की भारत सरकार ने समाज के गरीब और कम आय वर्ग के विकास के लिए एक नई जीवन बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू की है।सुरक्षा बीमा योजना 20 रुपये प्रति वर्ष की न्यूनतम प्रीमियम दर के साथ यह नीति समाज के गरीब और निम्न आय वाले वर्ग के लिए सबसे अधिक फायदेमंद है।वही अटल पेंशन योजना में 18 से 40 वर्ष के लोग शामिल हो सकते है, योजना में शामिल होने पर आपको 60 वर्ष की उम्र तक प्रीमियम राशि (क़िस्त) जमा करनी होगी। 60 वर्ष के बाद आपको 1000 से 5000 रुपये तक मासिक पेंशन दी जाएगी।

## हत्या में संलिप्तता के आधार पर दो को जेल



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना क्षेत्र के पंचायत बलीगढ़ के अंजनिया में 12 फरवरी कि सुबह एक नाबालिग युवती का शव खेत मे मिलने से शवजनों ने हत्या कर मिर्ची के खेत में शव फेंकने का मामला केतार थाना में दर्ज कराया था। इसका खुलासा स्थानीय पुलिस 5 दिन बाद करने में सफल रही। ज्ञात हो कि 17 वर्षीय युवती का शव ग्रामीणों ने खेत में देखने के तत्पश्चात केतार थाना को सूचना दिया सूचना पाकर थाना प्रभारी संतोष कुमार रवी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी ली शव का पहचान मुटगवा गाँव निवासी सुरेंद्र सिंह के लड़की सुषमा कुमारी के रूप में किया गया। घटनास्थल पर मौजूद मृतक के पिता सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मेरे लड़की सुबह 4 बजे से गायब थी उसके बाद हम लोग खोजबीन कर ही रहे थे की सूचना मिला आपकी लड़की का शव अजानिया गाँव में मिर्ची के खेत में पड़ा हुआ है। पिता ने शव को देखकर कहा कि मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि मेरे लड़की को बेरहमी से हत्या कर खेत में फेंक दिया गया है जिस पर स्थानीय पुलिस मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई थी जिसका खुलासा पुलिस ने 17फरवरी को किया है। उक्त पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया है कि प्राथमिक अभियुक्त एवं अप्राथमिक अभियुक्त के फर्दबयान के आधार पर केतार थाना - कांड संख्या - 09/2023 , दिनांक- 12.02.2023 , धारा 302 भा0 द0 वि0 के अंतर्गत विकास कुमार सिंह पिता- सुदामा सिंह ग्राम मोटंगवा के विरुद्ध वादी की नाबालिक पुत्री की हत्या कर मिर्ची के खेत में फेंक देने के आरोप मामले में कांड अंकित किया गया था। इस कांड के अनुसंधानोंपरांत कांड के प्राथमिक अभियुक्त विकास कुमार सिंह एंव कांड के अप्राथमिक अभियुक्त विजय कुमार गुप्ता का इस कांड में संलिप्त पाया गया। जिसके आधार पर दिनांक 16.02.2023 को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एंव दिनांक 17.02.2023 को माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस निरीक्षक ने स्कूली बच्चो को किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सड़क सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को पुलिस निरीक्षक केपी चौधरी ने एसएस प्लस टू हाई स्कूल के छात्र छात्राएं को जागरूक किया।इस दौरान पुलिस निरीक्षक ने प्रखंड के विद्यालयों में पहूंचकर बच्चो को सड़क सुरक्षा को लेकर कई प्रकार की जानकारी देकर जागरूक किया।उन्होने आगे बताया की जानकारी के अभाव एवं लपरवाही की वजह से प्रत्येक दिन कई लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवा देते है इसलिए सड़क सुरक्षा नियम का पालन करना चाहिए।कभी भी शराब पीकर,बिना हेलमेट पहने वाहन नही चलाए तथा हमेशा बाईक को धीमा गति से चलाना है वही कम उम्र के बच्चो को वाहन नही चलाने का निर्देश दिया है आगे बताया की सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को हमेशा मदद कर नजदीक के अस्पताल में भर्ति करना चाहिए।घायल को मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से नगद राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।वही सोशल मीड़िया,साईबर क्राईम,अफीम की खेती,मोबाईल में ओटीपी के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए जागरूक किया।बिना जानाकारी के मोबाईल में किसी प्रकार के लिंक को नही खोले।लिंक खोलने से आपके मोबाईल को हैंक कर आपके खाते से पैसा उड़ा सकता है,सड़क सुरक्षा को लेकर सभी बच्चे को शपथ दिलाया गया।किसी प्रकार के दिक्कत होने पर पुलिस के पास कॉल करे,ताकी समय पर आपकी मदद हो सके।

# आरएनएम कॉलेज के एनएसएस यूनिट ने नशा मुक्त समाज बनाने को लेकर निकाली जागरूकता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** हंटरगंज के राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के एनएसएस यूनिट के द्वारा शुक्रवारवार को विशेष शिविर के दूसरे दिन नशा मुक्त भारत बनाने को लेकर एक जागरुकता रैली निकाली गई।रैली को रवाना करने से पहले प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की नशा भारत के लिए एक अभिशाप का स्वरूप ले चुका है। इस रैली से डुमरी कला ग्राम के लोग जहां जागरूक होंगे वहीं भारत के उत्थान में इस प्रखंड का अहम भूमिका होगा। इस रैली का नेतृत्व एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ0 फहीम अहमद कर रहे थे।रैली एनएच 22 होते हुए डुमरी कला ग्राम के कई टोला मुहल्ला होते हुए पुराना पंचायत भवन पहुंचा।स्वयंसेवकों के हाथों के तख्तियों पर नशा के हानि और उसके दुष्परिणाम जहां लिखा था वहीं नारे भी लगा कर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। नशा जो करोगे जीवन भर बैठ कर रोवोगे। नशा छोड़ो नए भारत का निर्माण करो। विभिन्न तरह के नारा और सलोगन से अपनी बात समाज में पहुंचाने का प्रयास किया गया।नशा समाज के लिए एक अभिशाप का रूप ले चुका है।अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए नशा हर हाल में छोड़ना होगा जैसे नारों से पूरा मोहल्ला गूंजता रहा ग्रामीण भी इस रैली में शामिल हुए और छोड़ने का संकल्प भी लिया। एनएसएस की नशा मुक्त रैली पुराना पंचायत भवन पहुंचकर एक सभा में तब्दील होगई।सभा की अध्यक्षता महिला संगठन समूह की प्रखंड अध्यक्ष अनिता कौर ने किया। सभा का संचालन एनएसएस वॉलंटियर ऋषभ राज गुप्ता ने किया। सभा को सत्य प्रकाश,सारजन कुमार,चांदनी वर्मा, साद अहमद,मधु कुमारी,सौरभ कुमार सिंह,मुस्कान कुमारी ने अपने संबोधन में नशा की उत्पति और हानि पर व्यापक प्रकाश डाला गया।वहीं एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के परिणाम को चरितार्थ करने का प्रयास किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में अनिता कौर ने कहा कि नशा से जहां दुर्घटनाएं बढ़ी है वहीं कई गंभीर बीमारियों समाज में उत्पन्न हुई है। जिससे कई परिवार बर्बाद हो गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के बागी निर्दलीय प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस का दौरा गोला में

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के रामगढ़ में 27 फरवरी को विधानसभा उपचुनाव होने जा रहा है।जिसको लेकर रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव का पारा चढ गया है। राष्ट्रीय पार्टी से लेकर निर्दलीय प्रत्याशी तक जोरदार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। भाजपा के बागी निर्दलीय प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस भी जोरदार तरीके से चुनाव लड़ रहे हैं। आज निर्दलीय प्रत्याशी धनंजय कुमार ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया है। मतदाताओं से उन्होंने वोट देने की अपील किया है। धनंजय कुमार ने कहा है कि रामगढ़ विधानसभा की जनता पिछले 15 वर्षों से परिवारवाद से त्रस्त हैं। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे राजनीतिक दल के दो बड़े प्रत्याशी परिवारवाद से आते हैं। आम जनता से अपील है कि रामगढ़ के विकास के लिए , परिवारवाद को दूर करने के लिए क्रम संख्या 09 फोन चार्जर पर वोट देकर विजय बनाएं। उनके जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक चल रहे थे। धनंजय कुमार को गोला के लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है।

### अरगड्डा माइंस के जंगल से शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गिददी ए क्षेत्र के सीसीएल अरगड्डा माइंस पडरिया जंगल से शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उक्त स्थल पर लग गई। सूचना के बाद गिद्दी पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक चंद्रिका सिंह पिता स्वर्गीय बिगुल सिंह उम्र लगभग 52 वर्ष, बड़का चुम्बा (खिजुरिया टोला) के रूप में पहचान हुई हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक की पुत्री काजल कुमारी अन्य ग्रामीण अरगड्डा माइंस जंगल पहुंचे। इस संबंध में बताया गया कि मृतक चंद्रिका काम करने के लिए पडरिया गए हुए थे, काम पर नहीं लौटने के बाद परिजनों जान पहचान के पास काफी खोजबीन भी की गई। गुमशुदगी की रिपोर्ट 16 फरवरी को गिद्दी थाने में दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से ही मृतक के परिवार में पत्नी मुनिया देवी, बेटी काजल कुमारी(20), कृति कुमारी(6), पलक कुमारी (2) हैं। बताया गया कि बड़ी बेटी काजल कुमारी का विवाह लगन 21 फरवरी और शादी 24 फरवरी को होने वाला था।

### एनडीए प्रत्याशी सुनीता ने चुनावी प्रचार किया, मांगा वोट

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा वार्ड 13 के अंबेडकर नगर झोपड़ी में शुक्रवार को एनडीए विधानसभा रामगढ़ उपचुनाव प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने अपने पक्ष में केला छाप पर बटन दबाकर वोट की अपील लोगों से किया। उन्होंने जनसंपर्क में लोगों से समस्याओं को जानने के बाद निराकरण का भरोसा दिलाया। कहां कि विकास के लिए मत देकर गति को आगे बढ़ाएं। मौके पर तिवारी महतो, युगेश बेदिया, गुड्डू यादव, रंजीत पासवान, सतेंद्र महतो, रंजीत राम, अमरलाल महतो, रणधीर, बेचैन, दीपक, नितेश छोटू, हुसैन, शिवम, अमर, उषा किरण चौहान, गुड्डी देवी, बबीता देवी, सुचित्रा दूबे, इंदु देवी, गुड़िया देवी, अनिता देवी, सुशीला देवी, सीताराम पासवान, रणजीत चौहान, राजकुमार राम, कपिल नायक, अजय रजक समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को ले आजसू प्रमुख ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंडियों के लिए नीति बनाने, युवाओं को रोजगार देने, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने तथा महिलाओं चूल्हा खर्चा देने के नाम पर आई झामुमो-महागठबंधन की सरकार ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में भय, भूख और भ्रष्टाचार के अलावा इस राज्य को कुछ नहीं दिया। आज राज्य में अफसरशाही इस कदर हावी है कि छोटे-छोटे कार्यों को लेकर जनता को प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। पहले कोरोना के नाम पर सरकार ने समय काटा और अब नियोजन नीति, स्थानीय नीति और आरक्षण जैसे संवेदनशील विषय का राजनीतिकरण कर, ये जनता को दिग्भ्रमित कर रहें। झामुमो-कांग्रेस महागठबंधन की सरकार ने झारखंड को विकास के सभी मानकों में पीछे धकेल दिया। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत गोला प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के दौरान कही।रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर जनसंपर्क करते हुए आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जनता एवं एनडीए कार्यकर्ताओं का जोश एवं उत्साह एक नई क्रांति की शुरुआत की ओर इशारा कर रहा है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव से एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी के समर्थन में सड़कों पर उतरा जनसैलाब परिवर्तन का संकेत है। यह वर्तमान सरकार के खिलाफ नाराज़गी की गवाही है। यह भी गवाही दे रहा कि राज्य के गरीब, मजदूर, किसान, युवा और महिला इस सरकार से त्रस्त हैं। एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी ने कहा कि अब रामगढ़ की जनता खुद वर्तमान सरकार एवं रामगढ़ विधायक के कार्यों का आंकलन करने लगी है और उनकी कथनी और करनी में अंतर भी जनता बखूबी समझ चुकी है। निश्चित रूप से इस बार रामगढ़ में बदलाव होगा।

## विरोधी के षड्यंत्र के कारण रामगढ़ में उपचुनाव हो रहा है : योगेन्द्र महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के दुलमी बाजार में को माननीय मंत्री(दर्जा प्राप्त) श्री योगेंद्र प्रसाद महतो जी ने दुलमी प्रखंड के झामुमो कांग्रेस एवं गठबंधन दल के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। माननीय मंत्री जी ने महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित करने को पूरे लग्न, मेहनत से चुनाव प्रचार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में सत्ता और स्वार्थ के लोभी को इस बार फिर से उखड़ फेंकना है। रामगढ़ को दबंगता और दलालों से मुक्त बना कर रखना है। माननीय मंत्री श्री महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विरोधी के षड्यंत्र के कारण रामगढ़ में उपचुनाव हो रहा है। उन्होंने चंद्रप्रकाश चौधरी पर निशाना साधा और कहा कि पंद्रह साल सत्ता में रहकर सिर्फ ठेकेदारी किया और अपने स्वार्थ की पूर्ति की।

# तीसरे दिन भी बंद रहा खाद्यान्न व्यापार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के अंतर्गत सभी खाद्यान्न की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहा। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में सैकड़ों व्यवसाय बंधुओं ने भुरकुंडा एवं पतरातू का गहन दौरा किया। सभी जगह व्यवसायियों का ऐतिहासिक समर्थन रहा। व्यापारियों को को संबोधित करते हुए अमित साहू ने कहा कि आज रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों में लगातार तीसरे दिन व्यवसायियों को द्वारा काले कानून के विरोध में पूर्ण रूप से बंद रहा है और सभी व्यवस्थाएं सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि आम जनता की कठिनाइयों को देखते हुए और महंगाई की आग मे आम जनता जो पिसा रही है। इसको देखते हुए राज्य सरकार जल्द से जल्द इस काले बिल को वापस कर व्यवसायियों को राहत प्रदान करें। साहू ने कहा कि चौथे दिन भी पूरे झारखंड समेत रामगढ़ जिले के सभी खाद्यान्न व्यवसायी अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखेंगे। श्री साहू ने कहा कि आम जनता की तकलीफ और कठिनाइयों को देखते हुए जल्द से जल्द इस काले कानून को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। इस मौके पर जानकी महतो सुनील गुप्ता प्रदीप कुमार बरेलिया मुकेश अग्रवाल उमेश महतो प्रमोद शर्मा जितेंद्र अग्रवाल मनोज बंसल सरवन साहू अमर गुप्ता गोलू अग्रवाल पिंटू अग्रवाल राकेश चौधरी किशन बंसल शिवकुमार मांगीलाल गुप्ता विमल अग्रवाल रौशन अग्रवाल काजल दत्ता पप्पू साहू अशोक शर्मा अरुण अग्रवाल नरेश राय पटेल राय अक्षय कुमार समेत सैकड़ों व्यवसाई मौजूद थे।

## झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने दौरा किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** झारखण्ड पार्टी के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने पूरबडीह,कुम्हरदगा,पतरातु,मुरुडीह, पतरातु और छोटकी सरला के लोगों से जनसम्पर्क किया और पार्टी के विचारधारा और चुनावी मुद्दों के बारे में बताया! बाक़ी के पार्टियों को लोगों ने कई कई सालों प्रतिनिधित्व करने का मौक़ा दिया लेकिन ये रामगढ़ की जनता के उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।लोगों ने झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो से कहा कि झारखण्ड पार्टी इस बार क्रांतिकारी मुद्दों और घोषणाओं से चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी । संतोष महतो ने इस रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के अहम मुद्दों और रामगढ़ के मूलभूत समस्याओं यानि शिक्षा,रोज़गार, स्वास्थ्य सहित सभी मुद्दों पर बात चीत की।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं पर जिनकी बात करने तक जिनकी योग्यता नहीं है उनसे क्षेत्र के विकास की कल्पना करना बेमानी है।रामगढ़ के सैकड़ों लोग हमारी विचारधारा और सार्थक मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं ।

## यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो ने चुनाव में झोंकी पूरी ताकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश की रामगढ़ विधानसभा का उपचुनाव 27 फरवरी को होना तय हुआ है।नामांकन प्रक्रिया के बाद अब लोग प्रचार और प्रसार के कार्य में जुट चुके हैं। खासकर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में जाकर वोट मांग रहे हैं।साथ ही अपनी बातों को बता रहे हैं।रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी के पति बजरंग महतो आज 17 फरवरी को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में दर्जनों स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बजरंग महतो के जनसंपर्क अभियान में लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। खासकर बुजुर्ग पुरुष महिला बजरंग महतो की बातों को ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग ने गोला प्रखंड के गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि रामगढ़ की विधायक ममता देवी को एक साजिश के तहत सत्ता के सुख भोगने वाले लोगों ने बौखलाहट में आकर जेल भिजवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पैसे के बल पर गवाहों को गलत तरीके से वरगलाया गया।

राशन दुकान का चावल प्लास्टिक चावल के रूप में वायरल, एमओ ने कहा-

## अफवाह से बचें, यह पोषक युक्त चावल है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सोशल मीडिया में इन दिनों जन वितरण प्रणाली दुकान के चावल को प्लास्टिक चावल के रूप में वायरल किया जा रहा है। इससे राशन कार्ड धारियों ने संशय बना हुआ है। यह वायरल खबर प्रखंड के साँढ़ पंचायत से शुरू हुई है। सोशल मीडिया में साँढ़ निवासी उपभोक्ता गणेश भारती पिता स्वर्गीय होरिल महतो द्वारा वायरल किया गया है। जबकि इस संबंध में डीलर जुगेश्वर राम का कहना है कि यह प्लास्टिक चावल नहीं है, बल्कि पोषक युक्त चावल है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि अभी मैं अवकाश पर हूं, फिर भी यह बता देना चाहता हूं कि वह प्लास्टिक चावल नहीं है। इस चावल में पोषक तत्व डाला गया है। इस चावल को पोर्ट्रिफ्रिक चावल कहा जाता है। इसके लिए झारखंड सरकार द्वारा प्रचार प्रसार किया गया है। उन्होंने लाभुकों से आग्रह किया कि आप भरम में ना रहे, अफवाह से बचें।

## व्यवसायियों ने कृषि मंत्री का पुतला किया दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** झारखंड सरकार के द्वारा रोजमर्रा की आम उपभोग की वस्तुओं पर 2 प्रतिशत की कृषि टैक्स लगाने के विरोध में बरही व्यवसायी संघ के बैनर तले बरही के खाद्यान्न व्यवसायी आंदोलित हैं। शुक्रवार को आंदोलन के तीसरे दिन खाद्यान्न से संबंधित थोक व खुदरा दुकानों के व्यवसायियों ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। बरही के व्यवसायी लोग भामाशाह स्कुल के पास जुटे और बरही चौक के समीपवर्ती चारों प्रमुख मार्गो में आक्रोश मार्च निकाला। इस आक्रोश मार्च के दौरान झारखंड सरकार के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाज़ी किया। वहीं काला कानून वापस लो का नारा देते हुए शहर के चारों प्रमुख मार्गो पर पैदल प्रदर्शन करने के बाद सभी बरही चौक पहुंचे। जहां थोड़ी देर के लिए नुक्कड़ सभा के बाद झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया गया। बरही में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बरही व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि यह काला कानून है। सूबे के कृषि मंत्री ने जनता को गुमराह करके इस विधेयक को पारित करवाया है, इसलिए जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाएगा तब तक यह विरोध जारी रहेगा। व्यवसायी अरुण केशरी ने कहा कि कोई भी व्यापारी अपनी जेब से टैक्स नहीं देता है, इसलिए इसका बोझ अंत में आम जनता व उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। मौके पर बरही व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, गल्ला व्यवसायी अरुण केशरी, विजय कुमार जयसवाल, मनोज केशरी,रंजीत केशरी, बलराम केशरी, मंटू केशरी, प्रदीप केशरी, राहुल केशरी, उदय केशरी, मोनू जयसवाल, विनोद प्रसाद केशरी, रमेश प्रसाद केशरी, धर्मपाल केशरी, आशीष केशरी, धर्मेंद्र गुप्ता, अजय केशरी, राजेश केशरी, संदीप केशरी, विक्की कुमार केशरी, चंदन जयसवाल, गौतम केशरी, संजय केशरी राकेश कुमार आदि भारी संख्या में बरही के व्यवसायी कार्यक्रम में शामिल थे।

### जनता दरबार में आए दर्जनों मामले, उपायुक्त ने दिया निष्पादन का निर्देश

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिनमे रिंग रोड निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा, पंजी दो में जमाबंदी नहीं होने, सीएनटी के जमीन को भू माफियाओं द्वारा हड़पने , पड़ोसियों द्वारा फसल बर्बाद करने,सिलाई सेंटर के लिए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने , निजी जमीन पर निर्माण कार्य रोकने,खतियान की प्रमाणित प्रति देने में विलंब , राशन डीलर के द्वारा कम राशन देने, विधवा को पैतृक संपत्ति से बेदखल करने, बिना विवाह के विवाह प्रमाण पत्र गलत तरीके से बनवाने , पेंशन भुगतान ,जमीन ऑनलाइन करने सहित कई मामलों के आवेदन आए।

### महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकली गई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के गोहमदवा टांड में श्री श्री 1008 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गोहमदवा टांड से निकाली गई जो बरसोती नदी पहुंची, जहां आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद कलश में जल भरा गया, यात्रा में करीब 251 श्रद्धालुओं ने कलश उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य सह जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, मलकोको पंचायत के मुखिया सह बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव शामिल हुवे। कलश यात्रा में छत्रु यादव, रंजीत यादव, महायज्ञ संचालक सह मीडिया प्रभारी केदार राणा, अध्यक्ष मिश्र लाल राणा, सचिव राजू राणा, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह, सदस्यगण शंकर राणा, हीरालाल ठाकुर, विजय राणा, दिनेश राणा, मुकेश ठाकुर, दिनेश कुमार, चंदन सिंह, रोहन राणा, अर्जुन सिंह के अलावा भारी संख्या में समस्त ग्रामवासी कलश यात्रा में शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दो लोगो को मिली बोलेरो

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुसूचित जाति के दो लोगों को उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा बोलेरो देकर कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर उपायुक्त ने लाभुकों को सकारात्मक सोच के साथ मिली योजना के लाभ का उपयोग करने का सुझाव दिया। इस योजना के तहत अरविंद कुमार पिता बैजनाथ रजक ग्राम बड़कागांव अंबेडकर मोहल्ला हजारीबाग को एवं केशव कुमार पासवान पिता गोविंद पासवान ग्राम पून्दोल महगाई रोड पोस्ट थाना बड़कागांव, हजारीबाग को बोलेरो प्रदान किया गया।

### उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दौरवा के बच्चों के बीच नोटबुक वितरित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दोरवा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों के बच्चों के बीच दी जा रही नोटबुक का वितरण किया गया। वितरण बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक के हाथों किया गया। बच्चों को नोटबुक मिलने पर उनके चेहरे पर खुशी देखी गई। मौके पर प्रमुख मनोज रजक ने कहा की झारखंड सरकार स्कूली बच्चों के प्रति गंभीर हैं, इस बार समय पर बच्चों को नोटबुक दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की बात कही।

### श्री श्याम फाल्गुन निशान उत्सव का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के मुनका बगीचा के प्रांगण में गुरुवार को देर शाम श्री श्याम आदर्श कीर्तन परिवार के द्वारा एक दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष आशीर्वाद श्री श्याम परिवार तुलसी धाम कोलकाता का रहा। श्री श्याम आदर्श कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट का विशेष सहयोग मिला। कार्यक्रम के दौरान मनोहारी श्रृंगार, सुमधुर अखंड कीर्तन, अखंड ज्योत, इत्र वर्षा, फूलों की होली एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस से पूर्व श्री राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशीकांत मिश्रा ने श्याम बाबा की पूजा अर्चना करवाकर भाग्य कार्यक्रम प्रारंभ करवाया। कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम का भव्य ज्योत लिया गया।

# खुदरा एवं थोक व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान अनिश्चितकालीन तक बंद रखने का किया ऐलान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ खुदरा खाद्यान्न व्यवसाई संघ ने कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन 2022 के तहत राज्य सरकार बाजार समिति द्वारा 2त्न टैक्स बढ़ोतरी के निर्णय पर इस काले कानून को वापस लेने की मांग को लेकर हेमंत सरकार के विरोध में खाद्यान्न व्यवसाई संघ विष्णुगढ में 15 फरवरी से 17 फरवरी तक सांकेतिक रूप से तीन दिवसीय हड़ताल कर दुकाने बंद रखी परन्तु हेमंत सोरेन ने इस पर कोई निर्णय नही लिया ।इस काले कानून के विरोध में विष्णुगढ खाद्यान्न व्यवसाई संघ के बंदी को बढ़ाते हुए बंदी को अनिश्चितकालीन के लिए बंदी का ऐलान किया । प्रखण्ड मुख्यालय मे व्यवसाई संघ ने रैली निकालकर सभी खुदरा दुकानदार,फल,सब्जी की दुकानों से आग्रह कर बंदी को आगे बढ़ाते हुए मांग माने जाने तक बंदी करने की बात कही ।बातचीत के दौरान व्यवसाई निर्मल कुमार ने कहा कि सरकार का यह कदम जनविरोधी है,इससे महंगाई में और वृद्धि होगी और आम-खास सभी को अपने प्रभाव में लेगी ।हेमन्त सरकार को तत्काल जनहित में कदम उठाते हुए इस काले कानून को वापस लेना चाहिए ।इस मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद,सचिव संजीत प्रसाद,कोषाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद,अजय प्रसाद, चंदन कुमार, मनोज प्रसाद, अमित प्रसाद, संतोष कुमार समेत काफी संख्या में व्यवसाय से जुड़े लोग मौजूद थे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** पतरातु लेक रिसॉर्ट के पास जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई जननायक करपुरी ठाकुर की पुण्यतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता नाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष गणेश ठाकुर ने किया तथा संचालन कोषाध्यक्ष रामप्रसाद ठाकुर के द्वारा किया गया पुण्यतिथि कार्यक्रम में मुख्य रूप से कटिया बस्ती पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा सर्वप्रथम माल्यार्पण किया गया। किशोर कुमार महतो ने कहा की हमे शिक्षक,राजनीतिज्ञ,बिहार के उप मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गणेश ठाकुर ने कहा कि यदि हम एक अच्छे व्यक्ति के विचारों को अपना आदर्श मानते हैं।तो हम अवश्य ही एक अच्छा व्यक्तित्व को पाते हैं। गणेश ठाकुर ने कहा कि हमें जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेसला पंचायत के पूर्व मुखिया वीरेंद्र झा,सानिध्य के सचिव अमित कुमार,रणधीर कपूर,कटिया बस्ती उप मुखिया नंद किशोर महतो,नाई समाज के श्यामलाल ठाकुर,अमित ठाकुर,सचिव लाल मोहन ठाकुर,बसंत ठाकुर,रामचंद्र ठाकुर,सत्येंद्र ठाकुर,पंकज ठाकुर, मंगरा ठाकुर,राजीव ठाकुर,मदन ठाकुर,किशोरी ठाकुर,सिकंदर ठाकुर,संजय ठाकुर,महेंद्र ठाकुर, मुकेश ठाकुर,इत्यादि शामिल हुए।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के बच्चों ने लहराया परचम

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय प्रतिभा खोज और चित्रकला प्रतियोगिता में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के बहनों ने परचम लहराया। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में कक्षा नवम की बहन कृति कुमारी और



चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ की बहन आरुषि झा ने पूरे झारखंड में टॉप 10 में अपना स्थान बनाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव एवं प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा बहन कृति कुमारी को 1000 रुपये की पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र व बहन आरुषि झा को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर वंदना सभा में सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने विजयी प्रतिभागी बहनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ये पुरस्कार इनकी कड़ी मेहनत और लगन का ही परिणाम है। साथ ही इस तरह की प्रतियोगिताओं में सभी भैया बहनों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रांची में हुआ अडवान्स्ड एआई आधारित टेक्नोलॉजी से युक्त क्रिकुरु का लॉन्च

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्रिकुरु एक नया क्रिकेट ऐड टेक प्लेटफॉर्म है जो वर्चुअल क्रिकेट प्रशिक्षण के लिए व्यापक मार्केटप्लेस उपलब्ध कराता है और हर क्रिकेट प्रेमी के क्रिकेट सीखने के सपने को पूरा करने में योगदान देता है। अब आधुनिक एआई तकनीक के साथ क्रिकुरु का लॉन्च किया गया है जिसके द्वारा हर यूज़र को सीखने का मौका मिलता है और वह अपने कौशल एवं परफोर्मेन्स में सुधार ला सकता है। यह एआई टूल भारत में क्रिकेट प्रशिक्षण में अपनी तरह का पहला उपकरण होगा, जो न सिर्फ क्रिकेट सीखने बल्कि उनके कौशल को बढ़ाने में भी मदद करेगा। भारतीय किक्रेट के दिग्गज स्किपर महेन्द्र सिंह धोनी के शहर रांची से क्रिकुरू को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, शहर से बड़ी संख्या में यूज़र्स ने इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन किया है। वो दिन दूर नहीं जब शहर से कई और धोनी पैदा होंगे जो न सिर्फ क्रिकेट के खेल में अपनी पहचान बनाएंगे बल्कि देश का नाम भी रौशन करेंगे। क्रिकुरु ने शिक्षा में क्रिकेट प्रशिक्षण को शामिल करने का महत्व समझा और इसी दृष्टिकोण के साथ क्रिकेट प्रेमियों को क्रिकेट सीखने का अवसर प्रदान किया। हम क्रिकेट प्रशिक्षण को पहले से अधिक सुलभ बनाना बनाना चाहते हैं और ऐसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को पहचानना चाहते हैं तो नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकें। तकनीक के इंटीग्रेशन के द्वारा हम हर व्यक्ति का क्रिकेट सीखने का सपना साकार कर सकें। दिग्गज क्रिकेटर एवं क्रिकुरु के सह-संस्थापक संजय बांगर ने कहा, ''क्रिकुरु क्रिकेट कोचिंग में बड़ा बदलाव लाना चाहता है और इसे देश के हर कोने तक पहुंचाना चाहता है। ताकि क्रिकेट प्रेमी दिग्गज क्रिकेटरों एवं विशेषज्ञों से मार्गदर्शन पा सकें। हमें उम्मीद है कि हम उभरते क्रिकेट प्रेमियों के सपनों को साकार कर सकेंगे, जिन्हें टॉप तक पहुंचने की क्षमता है, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें उचित मार्गदर्शन और प्रशिक्षण नहीं मिल पाता।

## रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा पर दैनिक फैशन के विकल्पों को देखकर हुए चकित




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिंत्रा ने अपने लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' के तहत अपने ब्रांड एम्बेसडर रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी के साथ एड फिल्मों की श्रृंखला जारी की है। रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा की दो-दो फिल्मों में दिखाई दिए हैं। देश में अपने लाखों फैंस के बीच रनबीर पुरुषों के कैज़्युअल वियर का प्रचार कर रहे हैं, और कियारा महिलाओं के वेस्टर्न वियर एवं एथनिक वियर का प्रदर्शन कर मिंत्रा का फैशन नैरेटिव घर-घर पहुँचा रहे हैं। ब्रांड कैम्पेन के बारे में मिंत्रा 6000 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांड्स के विस्तृत संग्रह के साथ अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल तथा विभिन्न मूल्य वर्गों में 1.7 मिलियन ट्रेंड-फर्स्ट स्टाईल प्रदान करता है। इस ब्रांड कैम्पेन का उद्देश्य देश में हर ग्राहक तक मिंत्रा के अद्वितीय उत्पाद पहुँचाना और उनकी फैशन की दैनिक जरूरतों को पूरा करना है, ताकि देश में दैनिक फैशन में सुधार हो। 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे'' की मुख्य अवधारणा अपने ग्राहकों को उनके पसंदीदा अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ब्रांड्स की सबसे विशाल श्रृंखला प्रदान करने के वादे पर आधारित है। यह अवधारणा एक छोटे से विचार से उत्पन्न हुई है कि यदि व्यक्ति को अग्रणी ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल और ट्रेंड्स की विस्तृत श्रृंखला बहुत आसानी से उपलब्ध हो, तो उनका दैनिक स्टाईल बेहतरीन होकर सामान्य क्षणों को अभूतपूर्व बना सकता है।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स जयंत इंटरप्राईजेज, भवनाथपुर, जिला – गढ़वा संवेदक के द्वारा राज्य सम्पोषित योजना मद अंतर्गत डोरम से तेनुवा भाया उबका तक पथ निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 F2-103/2017-18 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 06.03.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 05.06.2019 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि इस कार्य को 10 मार्च 2023 के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर नियमानुसार एकरारनामा की शर्तों के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपको कालीसूची में डाल दी जायेगी।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 290633 Rural Development(22-23).D

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़

**सूचना**

**विशेष मध्यस्थता अभियान**

**दिनांक : 20.02.2023 से 24.02.2023**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 20.02.2023 से 24.02.2023 तक विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पराक्रम्य लिखत अधिनियम **(N. I. Act)** से संबंधित मामले जो व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ के विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं का निस्तारण आपसी सुलह–समझौता तथा मध्यस्थता के आधार पर किया जाएगा।

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत लाभुक अपने मामलों को संबंधित यायालयों से मध्यस्थता केन्द्र में भेजवाकर विशेष अभियान के तहत उनका निस्तारण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

अधो0/–
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़।

PR.NO.290532 District(22-23):D

## स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा शुक्रवार को 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न बिरहोर क्षेत्रों में बिरहोर समूह के मतदाताओं को आगामी



23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने

मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स आदि के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व, मतदान संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दी गई। इसके साथ ही ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बड़ी संख्या में ईवीएम के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जानकारी दी गई एवं सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।36 वां राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड से राजेश कुमार का 21 किलोग्राम कैटेगरी मे चयन एवं राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में श्रुति कुमारी यादव का 51 किलोग्राम कैटेगरी में चयनित किया गया है।स्कूल के निदेशक आईपी भारती ने बताया कि प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान में आयोजित होगा।झारखंड प्रदेश से इस वेट केटेगरी में केवल दो छात्रों




का चयन किया गया है।ओर खुशी की बात है यह है कि दोनों विधार्थी राजेश कुमार एवं श्रुति कुमारी यादव डिवाइन पब्लिक स्कूल नामंकित हैं।विधालय प्रबंधन ने दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किए।

## प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग में प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गयाद्य कार्यक्रम का श्रीगणेश बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अभिभावक प्रतिनिधि अशोक कुमार मल्लिक एवं प्रधानाचार्य विनय कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया द्यतत्पश्चात आचार्य मनोज कुमार पांडे ने अतिथियों का परिचय कराया द्यविदित हो कि विद्यालय की अष्टम कक्षा की बहन लक्ष्मी चौधरी ने पूरे झारखंड में निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, कक्षा अष्टम की बहन पीहू सिंह एवं कक्षा सप्तम की बहन सोनम कुमारी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया था जिन्हें अशोक कुमार मल्लिक एवं प्रधानाचार्य श्री पांडे ने मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित कियाद्य इस अवसर पर शिक्षिका आशा कुमारी को निबंध प्रतियोगिता में एवं कक्षा अष्टम के कक्षाचार्य अविनाश कुमार पांडे एवं कक्षा सप्तम के कक्षाचार्य महेश कुमार को विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से भैया /बहनों में रचनात्मक क्षमता का विकास होता है जो भविष्य में उनकी प्रतिभा निखारने का काम करता है द्य प्रधानाचार्य श्री पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प हैद्य विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ उनके कैरियर बनाने की दिशा के निमित्त विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर कराया जाता है।जो उन्हें भविष्य में आत्म निर्भर एवं मेघावी बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं द्यकार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य बंधु/ भगिनी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई ।

## फ्लाइंग स्कायड दल द्वारा जब्त किया गया 1 लाख 48 हज़ार रुपए कैश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23-रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल एवं फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार रात को फ्लाइंग स्क्वायड दल द्वारा रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी वाहन से 1 लाख 48 हज़ार रुपए कैश जब्त किया गया। जब्त राशि को संबंधित थाने में सुपुर्द कर इसकी सूचना जिले में गठित कैश रिलीज कमिटी को भेज दी गई है जिसके उपरांत कमिटी द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनरेगा पार्क में कार्य पर अनियमितता को लेकर राज्य स्तरीय जांच टीम कर्रा पहुंची

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला झाविमो पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा के मांग पर शुक्रवार राज्य स्तरीय गठित टीम के द्वारा मनरेगा पार्क कर्रा का जांच किया गया. ज्ञात हो कि झाविमो पूर्व जिला अध्यक्ष खूंटी दिलीप मिश्रा ने मनरेगा पार्क कर्रा में कार्य पर अनियमितता पर माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, महामहिम राज्यपाल झारखंड सरकार व मुख्य सचिव झारखंड सरकार जांच कि मांग रखी गयी थी. जिसमे शुक्रवार को जांच टीम कर्रा पहुंचकर मुख्य रूप से मनरेगा पार्क कर्रा में पूर्व से निर्मित तालाब का समतलीकरण, भूमी संरक्षण विभाग से निर्मित दो तालाब, किसान पाठशाला, गाय सेड, भैस सेड, बकरी सेड, मुर्गी सेड, स्ट्रीट लाईट, बागवानी, केंचुआ खाद यूनिट, सब्जी खेती, टोली हाउस, नर्सरी, सौंदर्य चलित लिफ्ट सिंचाई इकाई, सोलर कोल्ड स्टोरेज, प्रशिक्षण केन्द्र, मनरेगा पार्क का घेराबंदी के किये गये कार्यो का निरीक्षण किया गया।

### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक.......................... खूँटी, दिनांक..........................

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर स्थित दुकानों का आवंटन किया जाना है। इस हेतु दिनांक 04.03.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक आवेदक निम्नांकित शर्त्तों पर आवेदन मुहरबंद लिफाफा (EOI) आमंत्रित की जाती है। प्राप्त आवेदन (EOI) दिनांक 04.03.2023 को अपराहन 4:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कक्ष में खोली जाएगी। आवेदन (EOI) समर्पित करने वाले आवेदक बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र0 | दुकान स्थल | दुकान की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | गया मुण्डा कम्प्लेक्स | 7 |
| 2 | तमाड़ बस स्टैंड | 2 |
| 3 | जयपाल सिंह मुण्डा मार्केट | 1 |
| 4 | एस0एस0+2 स्कूल बाजार टांड़ | 4 |
| 5 | बिरसा कॉलेज कैम्पस बाजार टांड़ | 1 |
| | कुल | 15 |

नोट:– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, खूँटी

PR 290588 Urban Development (22-23)_D

### राँची समाहरणालय, राँची।
(जिला भू–अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in
dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com, dlao-ranchi@jharkhandmail.gov.in

**आम सभा**

**बुढ़ा खुखरा (मांडर–टांगरबसली पथ पर)–कुरकुरा– मांडर(चान्हो–दिघिया–पुरनापानी पथ पर) पथ (कुल लं0–15.100 कि0मी0) परियोजना** अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची के पत्रांक–476(अनु0)/दिनांक–12.02.2022 एवं संशोधित अधियाचना का पत्रांक–2378(अनु0)/दिनांक–29.11.2022 के द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्रामसभा का आयोजन दिनांक–22.02.2023 को पूर्वाह्न 12.30 बजे अंचल–मांडर के प्रखण्ड कार्यालय का सभागार में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| दिनांक | समय | संबंधित अंचल /मौजा का नाम | आम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 22/02/2023 | 12.30 पूर्वाह्न | बुढाखुखरा, गुड़गुडजारी, मुरजुली, महुआजाड़ी, सरगाँव, कुरकुरा, मन्द्रो, बखार, बंझिला (शीट सं0–2) अंचल–मांडर | प्रखण्ड कार्यालय का सभागार, मांडर। |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह0/
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची।

PR 290654 (Land Reforms) 22-23 (D)

### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)
इच्छा की अभिव्यक्ति

**(Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत 200 सेविका एवं 200 सहायिका (सेविका के लिए हॉफ ब्लू ब्लेजर एवं सहायिका के लिए हॉफ हरा ब्लेजर) के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार प्रसार हेतु कुल–400 हॉफ ब्लेजर क्रय किया जाना है। उक्त के निमित् वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति ;Expression of Interestद्ध का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक– 27/02/2023 को पूर्वाह्न/अपराह्न 11:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–27/02/2023 को 02:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में खोला जायेगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, कोडरमा।

PR 290572 Women, Child Development & Social Security(22-23)D

## इनोवेशन फंड के रूप में उपलब्ध कराई जा रही है 3 करोड़ की राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत खूंटी जिले को हेल्थ एंड न्यूट्रीशन प्रक्षेत्र में मार्च 2022 के डेल्टा रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इसके तहत नीति आयोग द्वारा खूंटी जिले को 3 करोड़ की राशि इनोवेशन फंड के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में नवोन्मेषी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा भेजे गए प्रस्तावित अभियान/ नवोन्मेषी कार्यक्रमों को नीति आयोग के द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। जिला अस्पताल, खूँटी में मॉडल पैथोलॉजि लेबोरेटरी की स्थापना डिजिटल तकनीकों के उपयोग के माध्यम से आमजनों को सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगे। खूंटी के जिला अस्पताल में पैथोलॉजी लैब में आधुनिक डिजिटल डायग्नोस्टिक उपकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खूंटी जिले में 35 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र (ड्ढुष्ट्ह्य) बनाए जायेंगे।जिला प्रशासन ने पहले चरण में सभी 840 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 35 आंगनवाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप के विकसित किया जाने की योजना तैयार की है।

### पूर्व मध्य रेल

**खुली निविदा**

**शुद्धि पत्र**

**निविदा सं.– 39235042**

**धनबाद मंडल, भंडार विभाग**

**सामग्री का संक्षिप्त विवरण: (ए)** जीपीएस आधारित पर्सनल टैकिंग डिवाइस(पीटीडी) की आपूर्ति और कमीशनिंग, **मात्रा:** 634 नंबर, **(बी)** एसएमएस, वॉयस और डेटा शुल्क की लागत के लिए 2 साल के लिए पूरी दर, **मात्रा:** 634 नंबर। **शुद्धिपत्र प्रकाशित करने की तिथि:** 15.02.2023, **निविदा बंद होने की मौजूदा तिथि एवं समय:** 16 फरवरी 2023, 14:00 बजे

**निविदा बंद होने की संशोधित तिथि एवं समय: 23 फरवरी 2023, 14:00 बजे।** प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

कृते व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पूमरे, धनबाद

पीआर/02151/डीएचएन/स्टीओआरई/सी/21–22/28

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया मजदूरों के बीच खिचड़ी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को फेडरेशन ऑफ चेंबर एंड कॉमर्स द्वारा स्थानीय महेश सोनी चौक पर मुठिया मजदूर एवं छोटे वाहन एवं ठेला चालक जो हड़ताल के कारण बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं की भूख मिटाने हेतु भरपेट खिचड़ी का वितरण किया गया।जिसमे लगभग 3 से 4 सौ लोगों ने भोजन का लुफ्त उठाया और हड़ताल बनाए रखने में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस कार्य में चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, चंद्र मोहन पटेल, विनय कुमार गुप्ता सतीश बंसल ,कविता कुमारी,पूजा कुमारी,रवि जायसवाल, चेंबर के सह सचिव तारिक अहमद रजा एवं अन्य व्यापारियों ने सहयोग किया।कहा आगे भी जब तक हड़ताल रहेगी तब तक प्रतिदिन यह कार्य चलता रहेगा।चेंबर के पदाधिकारियों ने झारखंड सरकार से कृषि काला कानून को अविलंब वापस लेने की अपील की।

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल लातेहार।

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक मेसर्स माँ गायत्री बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड, एम.आई.जी.–डी./110 हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा, राँची, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा इस प्रमंडल में "लातेहार–सरयु–कोटाम (गारू) पथ (एम.डी.आर.–249) के 3रे कि0मी0 में औरंगा नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण (पहूँच पथ सहित) कार्य" एकरारनामा संख्या 10SBD/2016-17 Dated 12-11-2016 दिनांक 12.11.2016, वर्ष–2016–17 दिनांक 12.11.2016, एकरारनामा की राशि – 5,94,48,229.00 (पाँच करोड़ चौरानबे लाख अड़तालीस हजार दो सौ उनतीस) रूपये मात्र है। कार्य प्रारम्भ होने के छः वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के पश्चात आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने में असफल रहने के कारण मुख्य अभियंता(या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक 339/रांची दिनांक 15.02.2023 के आदेशानुसार उक्त कार्य का एकरारनामा (10SBD/2016-17 Dated 12-11-2016) को SBD के Conditions of Contract के Clause – 59.2 (a), (b) एवं (g) के तहत एकरारनामा विखण्डित किया जाता है,

योजना की अंतिम मापी दिनांक 23.02.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा ली जायेगी। अतः निर्धारित तिथी एवं समय पर संवेदक स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधी उपस्थित रहेंगें। संवेदक अथवा उनके प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में भी कार्य की अंतिम मापी ले ली जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, लातेहार।

PR 290534 (Road) 22-23 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

(SCA योजना के अन्तर्गत)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 25/वर्ष 2022–23**

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................................/

1. विभाग का नाम — जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग,झारखण्ड सरकार, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि — दिनांक 21.02.2023 से 28.02.2023 (कार्यालय अवधि में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक 02.03.2023 अपराह्न 3.00 बजे
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — दिनांक 02.03.2023 अपराह्न 3.30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पण्डरिया टाना टोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार कार्य। | भण्डरा | 397900.00 | 750.00 | 8000.00 | एक माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 290565 Lohardaga(22-23).D

### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, लोहरदगा

**भर्त्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 20.02.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | NASH Industries Chennai. | Factory Helper/ Assistant | 100 | 10th/12th/ Graduation/ITI in any Trade | 18 to 30 | 12,771/= Gross for 10th and 12th pass 13500/= for ITI pass candidate's. Job location- Chennai. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपीए फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:30 बजे से होगी। कोविड 19 को देखते हुए समाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer
Lohardaga

PR 290542 Lohardaga (22-23)_D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## संचिता मेकओवर एंड ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष कॉ. जगदीश रवानी ने मनइटांड़ गोल बिल्डिंग स्थित संचिता मेकओवर एंड ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन फीता काटकर किया।इस अवसर पर पार्लर के ओनर संचिता चट्टराज ने कहा कि इस पार्लर में महिलाओं के सभी प्रकार के मेकअप का काम किया जाएगा।साथ ही साथ अत्यंत गरीब परिवार के लड़की की शादी में निशुल्क सजाया जाएगा।इस उद्घाटन कार्यक्रम में वार्ड नंबर 30 के निवर्तमान पार्षद निर्मला देवी, संजू कुमारी, अजय मंडल, दीपक चट्टराज, मुकेश महतो, अमृता हालदार आदि लोग शामिल थे।

## त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महाशिवरात्रि महापर्व के पावन



अवसर के उपलक्ष्य में ईश्वरीय महाविद्यालय ब्रह्मकुमारी ज्ञान विज्ञान भवन निरसा में 87 वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित बीमा कुमारी जया ने बताया कि 1937 से यह कार्यक्रम लगातार ईश्वरीय महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष हम लोग 87वा त्रिमूर्ति शिव की जयंती मना रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य है की शिव की दिव्य ज्योति का अवतरण हुआ है। इस कलयुग के अंत के साथ सतयुग के शुरुआत के लिए। जब जब कलयुग में अज्ञान का अंधेरा व भ्रष्टाचार का अति हो जाता है वैसे समय में भगवान शिव धरती पर अवतरित होकर उसका नाश करते हैं। उसी के याद में हम लोग शिवरात्रि का पर्व मनाते हैं। शिव अर्थात कल्याणकारी जिसे हम लोग ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजते हैं। भगवान शिव के पूरी गाथा को नृत्य के माध्यम से श्रद्धालुओं ने प्रस्तुत की। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दीक्षा समारोह का आयोजन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के



प्रांगण में कक्षा द्वादश के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के 102 भैया -बहनों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य सुनील कुमार सिंह कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलित करके ही गई । इस मौके पर कक्षा द्वादश के भैया- बहनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी आचार्य एवं दीदी जी को धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी के अथक परिश्रम से ही हमलोग इस मुकाम पर पहुंचे हैं कि आज हम सबों के लिए कक्षा एकादश के भैया-बहनों ने दीक्षा समारोह का आयोजन किया है। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हमारे देश भारतवर्ष के विकास का भार आप जैसे नव युवकों के कंधों पर है।

## शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरसा अनुमंडल के पंचेत ओपी अंतर्गत गोबराहीड़ के समीप सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थिति में शुक्रवार को शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। बताया जा रहा है मृतक शिवलाल हांसदा पतलाबाड़ी ऊपर बस्ती के रहने वाला हैं।

परिजनों के अनुसार मृतक दारू का आदी था। वहीं पंचेत ओपी प्रभारी ने पूरे मामले पर बताया की सूचना मिला गोबराहीड़ कल्वर्ट के नीचे एक लाश मिला है, जिसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने के लिए मौके पर पहुंचे हैं । वहीं उन्होंने यह भी बताया तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भेज रहे है, फिलहाल अनुमान लगाना उचित नहीं हैं।

# सुरक्षा विभाग ने किया भारी मात्रा में कोयला बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सीसीएल कथारा छेत्र अंतर्गत स्वांग वाशरी सुरक्षा विभाग ने वाशरी के समीप स्थित बुध बाजार से भारी मात्रा में कोयला बरामद किया.बताया जाता है की प्रत्येक दिन रात के अंधेरे का लाभ उठाकर कोयला चोरों द्वारा वाशरी परिसर में प्रवेश कर कोयला स्टोक एवं बंकर के समिप से अच्छे किस्म के स्टिम कोयले को बोरों में भरकर वाशरी परिसर के बाहर ले जाकर आस पास के झाड़ियों में इकठ्ठा कर देते हैं और अंधेरे में साइकिल एवं दो पहिया वाहनों में लादकर हजारीबाग जिले के नरकी सहित अन्य स्थानों पर ले जाकर बेच देते हैं,जहां से कोयला माफिया इन कोइलों को भारी वाहनों में लादकर बाहर की मंडियों में भेज देते हैं।

कोयला चोरी से जहां एक ओर अवैध धंधे बाजों की चांदी कट रही है वहीं कम्पनी को प्रति माह भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.बताया जाता है की सुरक्षा विभाग को गुप्त सूचना मिली की वाशरी के समिप स्थित बुध बाजार में भारी मात्रा में बोरों में भर कर कोयला झाड़ियों में छुपा कर रखा हुआ है,सूचना मिलते ही सुरक्षा अधिकारी भीम राम ने अपने सहयोगियों कामेश्वर कुमार, फिरू सावरा,राजेश राम एवं बिनोद मरांडी के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर कोयले को जब्त कर ट्रक में लाद कर वाशरी परिसर ले गए।

## आवास निर्माण में अनियमितता पर भड़के 20 सूत्री अध्यक्ष

**बिरनी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड परिसर में इन दिनों अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के आवास का निर्माण किया जा रहा है जिसमें भारी अनियमितता देखी जा रही है. स्थानीय लोगों की लगातार शिकायत मिलने के बाद बिरनी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष एतवारी वर्मा कार्यस्थल पहुँचकर कार्यस्थल का मुआयना किया. आपको बता दें कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार की ओर से योजना में भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया था जो करोड़ों की लागत से बनने वाला है जिसमें संवेदक के द्वारा कच्चे व टुकड़े ईंटों तथा सिमेंट का गारा भी घटिया दिया जा रहा है . इस पर 20 सुत्री अध्यक्ष ने मुंशी पप्पू सिंह से जानकारी लेने का प्रयास किया तब मुंशी कहने लगा जो करना है कीजिये हम इसी तरह भवन निर्माण करेंगे जिसे जहाँ शिजयत करना है लिखना है लिख दे मुझे कोई फर्क नही पड़ता है जब पूछ गया कि मसाला का अनुपात क्या है तब उसने कहा 1/6 का भाग है जिसमें स्पष्ट देखा जा रहा है कि सिर्फ बालू ही नजर आ रहा है तथा जब मुशी को अध्यक्ष बोले कि मेरे सामने 1/6 का भाग मिलाकर मसाला बनाओ तो मुंशी ने भड़क गया 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कच्चे ईंटों पर भी सवाल किया और गुणवत्ता पर भी सवाल किया गया तथा उन्होंने पूर्व में भवन निर्माण में गुणवत्ता नही होने पर गड़बड़ी की बात कही उन्होंने कहा इसी संवेदक के द्वारा बर्तमान में जो प्रखण्ड कार्यालय संचालित किया जा रहा है वह 20 सूत्री कार्यालय उद्घाटन के दिन ही धँस गया था जिसमें सैकड़ों लोग बाल-बाल बचे थे और वह भवन निर्माण भी इसी संवेदक के द्वारा किया गया था।

## जनता दरबार : उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में गोविंदपुर के एक व्यक्ति ने कैंसर से पीड़ित उनके पिता को मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना के लिए तत्काल आय प्रमाण पत्र बनवाने, चांदमारी के एक व्यक्ति ने उनकी पुत्री के अपहरणकर्ताओं द्वारा जबरन केस उठानी की धमकी देने सहित शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन इत्यादि से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।

# बाजार समिती के व्यापारियों को भाजपा नेत्री रागिनी सिंह व कांग्रेस नेता रविन्द्र वर्मा का समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बाजार समिती में हड़ताल पर बैठे व्यापारियों के समर्थन में उतरी भाजपा प्रदेश कार्यसमिती सदस्य रागिनी सिंह एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविन्द्र वर्मा ने बाजार समिती के व्यापारियों की मांग को जायज बताया। गौरतलब है की झारखण्ड सरकार के द्वारा 2 प्रतिशत कृषी बिल लगाए जाने के बाद से ही पुरे राज्य भर के व्यापारी आंदोलन कर रहे हैं। 15 फरवरी से थोक ब्रिकेताओं ने अपनी दुकानें बंद कर विरोध जता रहें है। आज तिसरे दिन भी धनबाद के व्यापारी हड़ताल पर हैं। जिसके समर्थन में आज भाजपा नेत्री रागिनी सिंह एवं कांग्रेस नेता रविन्द्र वर्मा अपने समर्थको के साथ बाजार समिती में पहुंच कर व्यापारियों के साथ जमीन पर बैठ कर धरना में साथ दिये। मिडिया को जानकारी देते हुए भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने बताया की हेमंत सोरेन की सरकार झारखण्ड की जनता के साथ साथ व्यापारियों को भी छलने का काम कर रही है। गल्ला व्यापारियो के हड़ताल से जनता को काफी नुकसान पहुंच रहा है। झारखंड सरकार को इस काले कानून को वापस लेना ही होगा। वहीं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव रवीन्द्र वर्मा ने कहा कि व्यापारियों के समस्याओं को अपने नेता प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी के माध्यम से सरकार तक पहुँचाते हुए निदान का प्रयास करेंगे। झारखण्ड सरकार व्यापारियों के लिए संवेदनशील है। हमारे नेता राहुल गांधी लघु एवं मध्यम उद्योग के बढ़ावा देने की बात करते है लेकिन केन्द्र सरकार के द्वारा आज राज्य सरकार को मॉडल एक्ट लागू करने का दबाव बना रही है। लेकिन हमारे मंत्री इस मामले को गंभीरता से लेते हुए साफ शब्दों में कहा है कि व्यापारियों के साथ बैठकर हर बिंदुओं पर चर्चा के बाद ही आगे किसी भी तरह की करवाई की जाएगी। केन्द्र सरकार दूध, शब्जी, आटा पर अतिरिक्त जीएसटी लगाकर जिस प्रकार जनता को महंगाई का बोझ डाला है, ये केन्द्र सरकार गरीब और किसान विरोधी सरकार है।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**पंचायत सचिवालय में होगा बीएमसी का कार्यालय**

**बैंक में बीएमसी का खुलेगा खाता, अध्यक्ष व वनरक्षी करेंगे खाता का संयुक्त**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के सभागार में पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में बुधवार से चल रहें जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह सशक्तिकरण प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हो गया। प्रति दिन 14 जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार ग्रामीण विकास आश्रम देवघर के द्वारा 2018 में गिरिडीह जिला के सभी पंचायतों में मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा में गाइड लाइन के तहत जैव सात सदस्यीय विविधता प्रबंधन समिति का गठन में एक अध्यक्ष एक सचिव का चयन किया गया था। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण अस्तित्व में नहीं आ पाया था।बतौर पंचायती राज विभाग के प्रशिक्षक प्रदीप कुमार चंद्रवंशी,पंकज ठाकुर ने प्रशिक्षण के लक्ष्य,उद्देश्य,विभिन्न कार्यक्रम सहित जैव विविधता प्रबंधन , रेकॉर्ड संधारण ,संचालन की विस्तृत जानकारी देते हुए बी एम सी अध्यक्ष,सचिव, सदस्यों को कार्य दायित्व,अधिकार बोध कराते हुए कहा की बी एम सी का एक कार्यालय पंचायत सचिवालय में क्रियाशील होंगे। पंचायत में जैव,प्राकृतिक संसाधन,संपदा का संरक्षण करना है। बैंक में खाता खुलेगा जिसका संयुक्त रूप से संचालन अध्यक्ष, वनरक्षि करेंगे, अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। समिति को महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किया गया है। बी एम सी प्रखंड अध्यक्ष सचिव योगेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि भौतिकतावादी युग में प्राकृतिक संसाधनों का दोहन,कृत्रिक संसधानो का दुरुपयोग के कारण वातावरण प्रदूषित हुआ है जलवायु में परिवर्तन के कारण पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के मनियांडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालिका बिहार सिंदू कानू चौक के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से परमेश्वर सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि परमेश्वर सिंह जिनकी उम्र करीब 43 बर्ष प्रतिदिन की भांति घटना के दिन भी अपने आवास से भोजन करने के बाद पावर हाउस जहां वह कार्यरत थे वहीं कमरे में विश्राम हेतु जा रहें थे तभी तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।जब देर रात परिजनों को घटना की पता चला तो सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे वृद्ध मां के अलावा पत्नी,दो पुत्रियां समेत भरापुरा परिवार छोड़ गए। फिलहाल मनियांडीह थाना प्रभारी अशफ़ाक आलम घटना की जानकारी मिलते ही सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद रवाना कर दिया गया। इस घटना की सूचना पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शौकाकुल है एवं परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए पीएम के नाम डीसी को ज्ञापन

***कर्पूरी ठाकुर के पुण्यतिथि के अवसर पर गिरिडीह में पदयात्रा***



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जननायक कर्पूरी ठाकुर संयुक्त बिहार के ही नहीं बल्कि पूरे भारत और विश्व के लोकप्रिय नेता रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ, बिहार राज्य के उप मुख्यमंत्री और दो दो बार मुख्यमंत्री पद को सुशोभित किए हैं। भारत छोड़ो आन्दोलन के समय 26 महिनों तक वे जेल में रहे। लोगों के बीच इतना लोकप्रिय थे कि इन्हें जननायक की उपाधि दी गई। इसलिए भारत सरकार शीघ्र उनको भारत रत्न से सम्मानित करे । उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने शुक्रवार को कही । वे जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग को लेकर पदयात्रा कार्यक्रम में झंडा मैदान में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री काल में उनका कार्य सराहनीय रहा है। इनके क?ई ऐसे कार्य हैं जिन्हें देश की जनता कभी नहीं भूल सकती है। ऐसे महान व्यक्ति को जिन्होंने देश में गरीबों की आवाज के रूप में कार्य किया है। मुख्यमंत्री काल में उन्होंने वंचित वर्ग को आरक्षण देकर मिसाल कायम किया है। कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे झामुमो के युवा नेता नन्दलाल शर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का चीर परिचित नारा था- अधिकार चाहते हो तो लड़ना सीखो, पग पग पर अड़ना सीखो , जीना है तो मरना सीखो। एक ऐसे महान व्यक्तित्व का नाम कर्पूरी ठाकुर है जिनके मरने के बाद अपने परिवार को देने के लिए ना कोई घर था ना पैसा।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग

***राष्ट्रीय नाई महासभा ने उपायुक्त के माध्यम से पीएम को भेजा पत्र, निकाली रैली***



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शुक्रवार को राष्ट्रीय नाई महासभा झारखंड प्रदेश ने प्रधानमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। तथा टाउन हॉल से रणधीर वर्मा चौक होते हुए समाहरणालय तक निकाली रैली। राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार के ही नहीं बल्कि देश-दुनिया के बड़े ही लोकप्रिय नेता रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, आदर्श शिक्षक, लोकप्रिय राजनीतिक थे जिन्होंने बिहार राज्य के उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित किया। भारत छोड़ो आंदोलन के समय 26 महीनों तक उन्हें जेल में रहना पड़ा था। आमजन के बीच इतना लोकप्रिय थे कि उन्हें जननायक की उपाधि दी गई।मुख्यमंत्री काल में इनका कार्य अति सराहनीय रहा। इनके ऐसे कई कार्य हैं जिन्हें देश की जनता भूल नहीं सकी है । ऐसे महान व्यक्ति को जिन्होंने देश के गरीबों की आवाज के रूप में कार्य किया। मुख्यमंत्री काल में उन्होंने वंचित वर्ग को आरक्षण देकर मिसाल कायम की थी। कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। कर्पूरी ठाकुर का चिर परिचित नारा था 'अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो, पग पग पर लड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो' देश की राजनीति में ऐसे राजनीतिक विरले ही होंगे जिनकी मृत्यु के उपरांत उनके घर में एक सौ रुपए भी नहीं मिले थे। ऐसे महान व्यक्ति का नाम कर्पूरी ठाकुर है।

## दो प्रतिशत बाजार शुल्क में बढ़ोतरी का चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया विरोध, हड़ताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** राज्य सरकार द्वारा दो प्रतिशत बाजार शुल्क मे बढ़ोतरी के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर पूरे राज्य में पिछले 48 घंटे से भी अधिक समय तक सभी दुकानदार दुकाने बंद कर हड़ताल पर चले गए है। जिससे लोंगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही हड़ताल को और सफल मजबूत बनाने के लिए चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के टीम शुक्रवार को निरसा क्षेत्र के कुमारधुबी, मैथन चिरकुंडा आदि जगहों का निरीक्षण किया। और दुकानदारों से मुलाकत कर दुकाने बंद रखकर सरकार से किये गए मांगो पर समर्थन देने और हड़ताल को सफल बनाने में सहयोग की मांग की है। शुक्रवार को कुमारधुबी बाजार के कई दुकानदार दुकान को खोले बैठे थे उसके बाद जिला से आए सदस्यो ने खुले दुकानों को बंद कराया और राज्य सरकार से 2 प्रतिशत बाजार शुल्क वापस लेने की मांग की और साथ ही सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार ने बाजार शुल्क में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है इससे आम जनों को काफी नुकसान होगा। दुकानें बंद होने से लोगों को भी परेशानी बढ़ेगी। राज्य सरकार जल्द से जल्द दो प्रतिशत बाजार शुल्क को वापस ले अन्यथा आने वाले समय में जोरदार तरीका से आंदोलन किया जाएगा।

## कल कानून वापस ले सरकार : राजेश्वर कुमार

**झरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नए कृषि कानून को वापस लेने की मांग का लेकर जामाडोबा चैंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष राजेश्वर कुमार गुप्ता ने कहा की झारखंड सरकार ने भी सात वर्ष पूर्व कृषि कर को आधारहीन मानते हुए इसे राज्य में खत्म कर दिया था जिसे पुनः लागू करना ये समझ से परे है। झारखंड एक खनिज प्रधान प्रदेश है, जहां छोटे छोटे किसान वर्ष में सिर्फ एक बार अपनी जरूरत भर खेती करते हैं। पड़ोसी राज्य बिहार, बंगाल और ओडिशा जो कि कृषि प्रधान प्रदेश है, वहां भी कृषि कर को भ्रष्टाचार, दोहन का प्रतीक मानते हुए इसे वर्षो पूर्व समाप्त कर दिया गया है। झारखंड की जरूरत का 99त्न खाद्यान्त्र, तेल आदि देश के विभिन्न राज्यों से आता है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों से बकाया कृषि कर का भुगतान कर यह आयात किया जाता है और बिहार, बंगाल, ओडिशा जैसे राज्य जहां कृषि कर नहीं है, वहां से सिर्फ जीएसटी के साथ आते हैं। राज्य में कृषि कर को पुनः लागू करने से सभी तरह के खाद्यान्त्र, तेल, अंडा, फल, सब्जी आदि उत्पादों के मूल्य पड़ोसी राज्यों की तुलना में यहां 2प्रतिशत महंगे हो जाएंगे जिससे तस्करी और कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा। नतीजतन सरकार को जीएसटी का भी नुकसान होने लगेगा। राजेश्वर कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार इस काले कानून को वापस ले नहीं तो आने वाला चुनाव मे जनता सबक सिखाएगी।

## दानापुर मंडल के किउल-लक्खीसराय-शेखपुरा स्टेशनों पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** दानापुर मंडल के किउल-लक्खीसराय-षेखपुरा स्टेषनों पर दोहरीकरण कार्य हेतु एनआई कार्य किया जाना है । इस कारण ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

**रद्द ट्रेनें -**

**मेल एक्सप्रेस ट्रेनें** - 1.गाड़ी सं. 13415 मालदा टाउन-पटना एक्सप्रेस - 19.02.2023 को

2.गाड़ी सं. 13416 पटना-मालदा टाउन एक्सप्रेस - 20.02.2023 को

3.गाड़ी सं. 13419 भागलपुर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस - 19.02.2023 से 21.02.2023 तक

4.गाड़ी सं. 13420 मुजफ्फरपुर-भागलपुर एक्सप्रेस - 19.02.2023 से 21.02.2023 तक

? **पैसेंजर ट्रेनें -**

1.गाड़ी सं. 03616 गया-जमालपुर स्पेषल - 18.02.2023 से 21.02.2023 तक

2.गाड़ी सं. 03615 जमालपुर-गया स्पेषल- 19.02.2023 से 22.02.2023 तक

3.गाड़ी सं. 05510 जमालपुर-सहरसा स्पेशल - 18.02.2023 से 21.02.2023 तक

4.गाड़ी सं. 05509 सहरसा-जमालपुर स्पेशल - 19.02.2023 से 22.02.2023 तक

5.गाड़ी सं. 05404 गया-जमालपुर स्पेशल - 19.02.2023 से 22.02.2023 तक

6.गाड़ी सं. 03385 झाझा-गया स्पेषल- 19.02.2023 से 21.02.2023 तक

7. गाड़ी सं. 03386 गया-झाझा स्पेषल- 19.02.2023 से 21.02.2023 तक ।

## संक्षिप्त खबरें

### धीरज प्रसाद साहू ने हजरत बाबा दुक्खन के मजार पर की चादरपोशी, मांगी अमन-चैन की दुआएं

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा हजरत बाबा दुक्खन शाह दो दिवसीय 98वां उर्स समारोह मे राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव के पुत्र रोहित उरांव, डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,एसपी आर रामकुमार समेत सैकड़ों लोगों ने मजार पर चादरपोशी करते हुए जिले व राज्य में अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी। चादरपोशी का सिलसिला देर रात्रि तक जारी रहा। मजार पर जाति धर्म की दीवारें टुट चुकी थी बाबा के मजार पर साम्प्रदायिक सोहारद का अनूठा नजारा दिख रहा था। मौके पर जिला पुलिस के जवानों ने पारंपरिक रीति से हजरत बाबा दुक्खन शाह को सलामी दी साथ ही ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट द्वारा लंगर ख्वांनी का आयोजन किया गया। उर्स के मौके पर जोरदार कव्वाली का प्रोग्राम हुआ मेले में ड्रेगन झूला, नाव,झूला आक्टोपस,झूला ब्रेक डांस,मौत का कुंआं तथा सर्कस मनोरंजन एंव रौमांचक आयोजन किया गया था जो दर्शकों को मनमोह रहा था। उर्स को लेकर जामा मस्जिद तथा आसपास का इलाका गुलजार रहा। इस मौके पर अजुंमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरेशी,सचिव सफदर आलम,नेहाल कुरेशी, हाजी नसीम अख्तर,अफोरज कुरेशी,अंजुमन इस्लामिया के नजीम आला हाजी अब्दुल अंसारी,जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शमीम रिजवी,हाफिज शफीक,फिरोज अंसारी,अब्दुल कलाम,मजार कमेटी के इमाम असगर तैगी सहित अंजुमन इस्लामिया के ओहदेदार व उर्स कमेटी के लोग मौजूद थे।

### शोषण जैसे अपराध को रोकने में विद्यालय एवं अभिभावक की भूमिका अहम

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड काउंसिल फॉर एडुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (JCERT) एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की अगुवाई एवं सेंटर फॉर कैटालाइज़िंग चेंज (C3) के तकनीकी सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लोहरदगा ज़िले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूतों के द्वारा बाल यौन शोषण संरक्षण अधिनियम, 2012(POCSO Act) पर छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वीडियो एवं मौखिक रूप से किया गया। पोक्सो एक्ट पर जागरूकता सत्र पूरे सप्ताह सभी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 वर्ग बच्चों के लिए किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उक्त अधिनियम के मुख्य प्रावधानों से अवगत कराना एवं विद्यालय के स्तर पर बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण को सुनिश्चित करना था। सत्र के दौरान अधिनियम के तहत यौन अपराधों की विस्तृत परिभाषा के बारे में बताया गया। यह बताया गया कि बाल यौन शोषण सिर्फ बलात्कार ही नहीं अपितु बच्चों के किसी भी अंग को गलत तरीके से छूना,निजी अंगों पर टिप्पणी करना,गलत तस्वीर दिखाना,तथा अन्य वैसे सभी प्रककर के शारीरिक संपर्क जिससे बच्चे असहज महसूस करें,बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। आरोग्य दूतों के द्वारा छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि बाल यौन शोषण से संबन्धित मामलों पर त्वरित कार्रवाई एवं केस के निष्पादन हेतु प्रत्येक ज़िले में सरकार के द्वारा विशेष POCSO कोर्ट की स्थापना की गयी है। छात्र- छात्राओं को बाल यौन शोषण की घटना को रिपोर्ट करने के प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे घटनाओं की शिकायत करने में वे संकोच नहीं करें। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो,भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत बच्चे यौन शोषण का शिकार हो रहे हैं और इनमे से लगभग दो तिहाई बच्चे भय और संकोच के कारण अपने साथ हुए यौन शोषण की शिकायत नहीं करते हैं।

## व्यापारियों की सब्र का परीक्षा ना लें, हम महीनों बंद रखने को मानसिक रूप से तैयार हैं : चैंबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** खाद्यान प्रतिष्ठानों की अनिश्चितकालीन बंद के तीसरे दिन भी शत प्रतिशत सफल रहा। आज ज़िला के सभी प्रखंडो में चैंबर प्रतिनिधियों द्वारा भ्रमण कर व्यापारियों के साथ बैठक भी की गयी। जिसमे सभी व्यापारियों ने कहा कि यदि व्यापार महीनों बंद करना पड़ा तो भी हम सभी मानसिक रुप से तैयार है। इसबार होली तब ही हम व्यापारी मनायेंगे जब 2% कृषि कर सरकार द्वारा वापस ले लिया जायेगा। अब सरकार सोंचे की हम व्यापारियों के त्योहार को खराब करना है या



खुशनुमा बनाना है? आज कुडू, कैरो, सेन्हा,भंडरा व नगर क्षेत्र के विभिन्न खद्यान व्यापारियों से मिलकर उनको कृषि उपज एवं पशुधन विपणन कानून की खामियों को भी बतलाया गया एवं अफ़शरशाही, भ्र्ष्टाचार चरम पर हो जायेगा ऐसा सभी व्यापारियों का भी कहना है। आज व्यापारियों ने सम्पर्क के दौरान बतलाया कि बहुत ग्राहक आएं और खाद्यान समान देने हेतु अनुनय विनय किया तथा अनाज को लेकर भयावह संकट की सामना करने की बात कही। यदि सरकार की इसी तरह का हठधर्मिता रही तो आम जनता एक एक दाना को मोहताज हो जायेगी, पैसा रहेगा लेकिन भूखा रहने का हालात उतपन्न हो जाएगा। सरकार कल्पना कर सकती है बाजार में अनाज का कमी के कारण कितना भयावह स्थिति पैदा हो जायेगी।

बंद को सफल बनाने हेतु चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार,सचिव राकेश कुमार सिन्हा,पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल,वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल,सह सचिव अनीश मित्तल, कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल,पीयूष केशरी, लोकेश प्रसाद,धनंजय कांस्यकार,सुमित राय, सदस्य दीपक जायसवाल,मनीष कुमार गुड्डू, आशीष कुमार मित्तल,भोला अग्रवाल, गुणा साहू,भोला कुमार, राहुल अग्रवाल,अमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल,पंकज अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल,फ़ैज़ मोहम्मद, बबलू खान,लव कुश अग्रवाल, ओम साहू,कुलदीप कुमार, रवि अग्रवाल,रितेश दत्ता,रिंकू अग्रवाल, विशाल अग्रवाल,संजय गुप्ता, मंटू अग्रवाल,लाल बहादुर प्रसाद,कुमार रवि,अमर कुमार,राजेन्द्र प्रसाद, समेत अनेक सदस्यों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाया।

## उप विकास आयुक्त समीरा एस ने प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा उप विकास समीरा एस द्वारा शुक्रवार को दिनांक 17.02.2023 जिला के भंडरा प्रखंड का निरीक्षण किया गया।इसके अंतर्गत पंचायत उदरंगी एवं भौरों में मनरेगा के बिरसा हरित ग्राम योजना,दीदी बाड़ी योजना, पोटो हो खेल विकास योजना,भूमि संरक्षण अंतर्गत क्रियान्वित अमृत सरोवर,प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),15वें वित आयोग की योजना,राजकीयकृत प्रा0 विद्यालय, बलसोता,भौंरो एवं अन्य विकास योजना का निरीक्षण किया गया। साथ ही,प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय भंडरा के सभी पंजियों तथा मनरेगा,प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण,15 वे वित्त की योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

जोहार परियोजना अंतर्गत जेएसएलपीएस के द्वारा उदरंगी पंचायत में ईख की खेती जो 15 एकड़ पर की जा रही है,का निरीक्षक किया गया ।

## बाल विवाह बच्चों के सर्वांगीण विकास का करती है हनन : सुमित्रा बड़ाईक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति सिमडेगा के संयुक्त प्रयास से एस एस +2 उच्च विद्यालय सिमडेगा एवं एस एस +2 बालिका विद्यालय सिमडेगा में बाल विवाह के विषय में जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों को बाल विवाह क्या है तथा बाल विवाह होने पर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्थिति में पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे भी बताया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम हेतु शिकायत किससे और



कहा करें इस विषय में भी जानकारी देते हुए कहा गया कि चाईल्ड लाईन के टॉल फ्री नं0- 1098, बाल विवाह निषेध अधिकारी (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी), नजदीकी पुलिस थानें में एवं बाल कल्याण समिति सिमडेगा में इस संबंध में शिकायत दर्ज की जा सकती है। इस अवसर पर विद्यालय का प्रधानाध्यापिका श्रीमति लीली सुमन्ती तिर्की एवं संजीव कुमार तथा जिला बाल संरक्षण इकाई से जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सुश्री सुमित्रा बड़ाईक, सामाजिक कार्यकर्त्ता अंकित कुमार एवं डाटा ऐनालिस्ट अविनाश कुमार एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री जोहन कन्डुलना उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने नीति आयोग के अवार्ड मनी से चयनित दीदी कैफे का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा आज कुडू प्रखण्ड में नीति आयोग के अवार्ड मनी से चयनित दीदी कैफे के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण प्रखण्ड के कुडू चौक और हेंजला में किया गया। उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय में संचालित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिये गये। टाटी पंचायत में लघु सिंचाई प्रमण्डल द्वारा



कार्यान्वित चेकडैम की योजना का भी निरीक्षण उपायुक्त द्वारा किया गया और आवश्यक निदेश कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमण्डल,लोहरदगा को दिये गये। आज इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी, पीपीआईए फेलो,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी,कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई समेत अन्य उपस्थित थे।

## आयुक्त ने 44 युवतियों को चेन्नई सेलिब्रिटी फैशन लिमिटेड के लिए किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज जिला कौशल विभाग,लोहरदगा की ओर से संचालित हुनर है तो कदर है योजनांतर्गत जिला के 44 युवतियों को चेन्नई (तमिलनाडु) सेलिब्रिटी फैशन लिमिटेड के लिए रवाना किया गया। उपायुक्त द्वारा हटिया स्टेशन तक के लिए बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इन युवतियों का प्लेसमेंट स्किल सेंटर, सेन्हा में प्रशिक्षणोपरांत



किया गया है। बस को रवाना करने से पूर्व उपायुक्त द्वारा युवतियों को जॉब ऑफर लेटर भी प्रदान किया गया।इस मौके पर जिला कौशल विकास पदाधिकारी दिनेश भगत,जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत बड़ी संख्या में युवतियां उपस्थित रहीं।

## महिला पशु सखियों को दी गई पशुपालन की जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा-लोहरदगा सेन्हा प्रखंड परिसर स्थित प्रांगण में भारत सरकार द्वारा संचालित पशुधन योजना के तहत पशु सखी महिलाओं के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला पशुपालन पदाधिकारी अनूप कुमार उपस्थित हो योजना से लाभ एवं कार्य करने की शैली पर प्रकाश डालते हुए महिलाओ को भारत सरकार की योजना में हाथ बटाने तथा रोजगार से जुड़ने की



जानकारी 38 महिला पशु सखी को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत वार महिलाओं को सशक्त बनाने एवं कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 38 महिला पशु सखी द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है जिसमें लगभग 25 ऐसे महिला पशु सखी है जो छोटे पशु को टीकाकरण का कार्य कर रहीं है। उन सभी महिलाओं को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा और जो इच्छुक महिला है उन सभी को भी प्रशिक्षण पंचायत वार आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड भ्रमण शील पशु चिकित्सक पदाधिकारी डॉ0 रोहित कुमार के अलावे बाबू साहब सिंह,शशि कुमार महतो सहित पशु सखी महिला उपस्थित थे।

## कुरैश फ्यूल सेंटर ने बाबा दुख्ख़न शाह के उर्स पर किया लंगर ख्वानी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा शहंशाहे लोहरदगा हजरत बाबा दुख्ख़न शाह के 98वें सालाना उर्स के मौके पर कुरैश फ्यूल सेंटर के संचालक तथा अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी के द्वारा शुक्रवार को लंगर ख्वानी का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि उर्स के मौके पर प्रत्येक वर्ष लंगर ख्वानी का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाता है। जहां देश के विभिन्न राज्यों से बाबा के उर्स में आए श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा के लंगर का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। उर्स के दौरान लंगर खाने का अलग ही धार्मिक महत्व है जहां हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को बाबा के लंगर का इंतजार रहता है। लंगर ख्वानी को लेकर ऐसी मान्यता है कि इसका आयोजन करने वाले के धन संपदा और प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होती है तथा लंगर का प्रसाद ग्रहण करने वाले शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं। साथ ही इन पर बाबा की विशेष कृपा भी होती है। इसी उद्देश्य को लेकर कुरैश फ्यूल सेंटर के द्वारा हाजी अफसर कुरेशी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर लंगर ख्वानी का आयोजन किया गया।

## बस की चपेट में आने से मां बेटा घायल

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा-लोहरदगा कंडरा चौक के समीप बस के चपेट में आने से बाइक सवार मां बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गये घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप तेज रफ्तार में लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रही बसंत बस जे एच 01 सी जी 9822 एवं कोराम्बे की ओर से आ रही बाइक जे एच 07 एफ 1207 को कंडरा चौक स्थित कोराम्बे मोड़ में टक्कर मारते हुए लक्ष्मण उरांव के घर में जा घुसा जिससे बाइक सवार महिला व पुरुष घायल हो गये। वहीं खपरैल मकान क्षतिग्रस्त हो गया। घायल की पहचान सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरसो बेंगवा टोली निवासी स्वर्गीय सुखदेव उरांव के पुत्र संजीत उरांव एवं घायल की माँ गन्दौरी देवी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि संजीत उरांव अपने बाइक जे एच 07 एफ 1207 से घाघरा अस्पताल इलाज करवाने जा रहा था। इसी बीच कंडरा चौक में सड़क दुर्घटना हुआ जिसमें मां बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बस चालक काफी बचाने का भी प्रयास किया था। वही घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान दल बल के साथ पहुंच घायलों को इलाज हेतु ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेस 108 से लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। तथा क्षतिग्रस्त बाइक एवं बस को पुलिस अपने कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई।

## प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा-लोहरदगा महाशिवरात्रि पर्व को मधेनजर रखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर सर्कल पुलिस इस्पेक्ट के नेतृत्व में सेन्हा थाना से डिपू तक फ्लैग मार्च निकाला गया। सेन्हा थाना क्षेत्र में दोनो समुदाय के पर्व को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा शस्त्र बल के साथ थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही अमन चैन बहाल कायम रखने हेतु जनहित में संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च के दौरान सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद ने कहा क्षेत्र में अमन चैन के साथ पर्व मनाएं और किसी आपत्तिजनक पोस्ट या अपवाह जैसे शब्दों से युवा वर्ग को बचने की जानकारी दी गई साथ ही उन्होंने कहा क्षेत्र में किसी प्रकार से अमन चैन को बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो वैसे स्थिति में चिन्हित करते हुए सख्त कानूनी कारवाई किया जाएगा। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा इससे पूर्व भी महाशिवरात्रि कार्यक्रम को लेकर प्रखंड व पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया था। और जनहित में अमन चैन तथा शांति व्यवस्था कायम रखने पर जोर दिया गया था। साथ ही उन्होंने कहा फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य है क्षेत्र में अमन चैन कायम करना है। तथा आपराधिक गतिविधि पर पौनी नजर रखना। फ्लैग मार्च के दौरान पु0 आ0 नि0 संतोष कुमार स0 आ0 नि0 श्रीकांत दास,राजेश शर्मा सहित शास्त्र पुलिस बल शामिल था।

## सरस्वती शिशु मंदिर में आयुष मित्तल को प्रतिभा चयन में मिला सांत्वना पुरस्कार

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में वंदना सभागार में प्रांतीय पुरस्कार सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभा चयन शिशु वर्ग में भैया आयुष मित्तल को प्रांतीय स्तर पर सांत्वना पुरस्कार प्रशस्ति पत्र एवं ?1000 की राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर उनके अभिभावक शंकर प्रसाद अग्रवाल एवं माता सीमा देवी भी मंच पर उपस्थित थे जिन्हें विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। आशीर्वचन प्रदान करते हुए प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा परिश्रम ही सफलता के मार्ग को प्रशस्त करता है। हमें सच्चे मन से निष्ठावान एवं परिश्रमी बालक बन कर निरंतर अध्ययनरत होना चाहिए। भैया आयुष मित्तल ने विद्यालय के नाम को प्रांत में रोशन किया है। विद्यालय परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा स्थित संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल के 115 बच्चों ने पतरातू घाटी,पतरातू डैम एवं ओरमांझी पार्क का शैक्षणिक भ्रमण कर पिकनिक का आनंद लिया। स्कूल के प्रिंसिपल सुशील होरो ने कहा कि 115 छात्र एवं छात्राओं के दल ने शैक्षणिक भ्रमण हेतु पतरातू घाटी,पतरातू डैम एवं ओरमांझी



पार्क का दौरा कर शैक्षणिक भ्रमण कर भरपूर आनंद उठाया। प्रिंसिपल ने कहा कि बच्चों के इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से उनका मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है साथ ही उनके मस्तिष्क पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मौके पर बच्चों में ओरमांझी पार्क में मौजूद जानवरों को देखकर काफी उत्साह नज़र आया वहीं बच्चों में सामने शेर आदि जानवरों को देखकर काफी खुशी एवं जिज्ञासा नज़र आई। शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक सचिन तोपनो,पितरूस केरकेट्टा, अनिल लुगुन,अनिल कुमार शिक्षिका सीमा बरला,रोशनी होरो,फिलोमीना बागे सहित अन्य सहयोगियों की उपस्थिति रही।

## वीर बुधु भगत ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने साथ बेटो को भी किया कुर्बान : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 1832 लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधु भगत की 192वीं जयंती मैना बगीचा स्थित प्रतिमा स्थल में धूमधाम से मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम की शुरुआत पाहन एवं पुजार सोमा पाहन सुभाष पाहन विनोद उरांव रवि उरांव द्वारा परंपरागत ढंग से पूजा-अर्चना से की गई। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि वीर बुधु भगत देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने 1832 में ही अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष किया और अपने दोनों बेटो हल्धर और गिरधर दोनों के साथ शहादत दी। वीर बुधु भगत आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है गांव के खोड़ा दल द्वारा नृत्य भी किया जिसमें पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत आदि अतिथियों ने नगाड़े की ताल पर जमकर थिरके। जयंती समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुखदेव भगत,कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत,वार्ड पार्षद कमलेश कुमार, मुखिया सुनील लकड़ा, पंचायत समिति सदस्य दिनेश उरांव,सत्यजीत सिंह,रामवती प्रसाद, मोहन दुबे,पवन गौतम,शाहिद अहमद बेलु,कुणाल अभिषेक, अनिल कुमार,फुलदेव उरांव, मनोज भगत, सुनील महली, सजीत लकड़ा, हरि पाहन,राजकुमार उरांव,प्रेम उरांव, मनिता उरांव,रोनी उरांव,पूनम उरांव, डोली उरांव,संदीप उरांव,बसूलाल उरांव,एतवा उरांव, अमित उरांव,सुभाष उरांव,अशीष उरांव,रोहित उरांव आदि काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की कृषि विभाग के आत्मा शासकीय निकाय की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में कृषि विभाग के आत्मा शासकीय निकाय की बैठक आयोजित कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कार्यालय योजना एस.एम.ए.ई.(Krishonnati Yojana) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 का अनुमोदन, किसानों का अंतर राज्य, राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण, किसानों का अंतर राज्य, राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय परिभ्रमण, कृषक पाठशाला, कृषि प्रौद्योगिकी शोधन सत्यापन और गोद लेने, मोबिलाइजेशन ऑफ फार्मर ग्रुप्स, जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कराने, किसानों का एक्सपोजर विजिट, किसान मित्र, सिंचाई व्यवस्था, इसके अलावा आत्मा विभाग में कार्यरत पदाधिकारी/ कर्मीयों का सेवा



अवधि विस्तार करने से संबंधित एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने प्रखंडों से आए कृषक प्रतिनिधियों से जिले में किस प्रकार की कृषि का उत्पादन किया जाए तथा किस प्रकार की ट्रेनिंग की जरूरत है जिसकी जानकारी ली। उपायुक्त ने परियोजना उपनिदेशक एवं कृषि पदाधिकारी को हॉर्टिकल्चर से संबंधित किसानों की प्रशिक्षण खूंटी एवं कर्रा में कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रशिक्षण हेतु प्रखंड वार नए किसानों का चयन करें की बात कही। किसानों का एक्सपोजर विजिट के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले में सब्जी की खेती का उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री अरुण वॉल्टर सांगा, जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सरस्वती कच्छप, जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेन्द्र दास, परियोजना निदेशक आत्मा श्री कृष्ण बिहारी, कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केंद्र बानो श्री शंकर सिंह, सहित आत्मा विभाग के कर्मी एवं कृषक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### रांची में आदेश नहीं मानने वाले 334 राशन डीलरों पर होगी कार्रवाई

**रांची :** आदेश नहीं मानने वाले झारखंड की राजधानी रांची जिले के 334 राशन डीलरों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश के बाद भी चावल दिवस पर 0 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण किया। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग द्वारा 15 और 16 फरवरी 2023 को आयोजित चावल दिवस पर दिसंबर '22 और जनवरी '23 के आवंटित खाद्यान्न का अनिवार्य रूप से वितरण किये जाने का आदेश दिया गया था। इसे लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी अनुभाजन क्षेत्र, रांची और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिखा था। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने 15 और 16 फरवरी '23 को आयोजित किये जानेवाले चावल दिवस को व्यापक और प्रभावी रुप से मनाते हुए दिसंबर '22 और जनवरी '23 का खाद्यान्न वितरण कार्य अनिवार्य रूप से करने का आदेश दिया था। रांची जिला अंतर्गत अनुभाजन क्षेत्र में 39 और प्रखंड क्षेत्र में 295 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने आदेश की अवहेलना की। शून्य प्रतिशत खाद्यान्न वितरण किया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा है कि निकट भविष्य में ऐसे सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को चिह्नित करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय निर्देश के अनुसार उपायुक्त द्वारा प्रत्येक महीने की 15, 16, 25 और 26वीं तारीख को चावल दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि अब 25 तक



**रांची।** शुक्रवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। विद्यार्थी अब 25 फरवरी, 2023 तक फॉर्म भर सकेंगे। इसकी जानकारी सभी पदाधिकारियों को दे दी गई है। विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए जैक ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में बढ़ा दी है।जैक ने आठवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि 16 जनवरी से 16 फरवरी निर्धारित की थी। फॉर्म ऑनलाइन भरना था। जैक ने सभी स्कूलों को निर्धारित समय पर बच्चों से फॉर्म भरवाने का निर्देश दिया था। फॉर्म जैक की वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac के माध्यम से ऑनलाइन भरा जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुमोदित विद्यालयों के विद्यार्थियों को ही इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी।

# महाशिवरात्रि के दिन प्रकट हुए थे सभी 12 ज्योतिर्लिंग!

**जिनका अंत नहीं , प्रारम्भ नहीं अनादि भोलेनाथ (महाशिवरात्रि पर विशेष)**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पौराणिक कथा के अनुसार महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और देवी मां पार्वती का मिलन हुआ था फाल्गुन चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव ने वैराग्य छोड़कर देवी पार्वती के संग विवाह करके गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था इसी वजह से हर वर्ष फाल्गुन चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की खुशी में महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन शिव भक्त कई स्थानों पर शिव जी की बरात निकालते हैं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि पर पूजा और जलाभिषेक करने पर वैवाहिक जीवन से जुड़ी सभी तरह की परेशानियां दूर होती है और दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है।

भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। भोलेनाथ को प्रसन्न करने का महापर्व है महाशिवरात्रि महाशिवरात्रि पर्व की विशेषता है कि सनातन धर्म के सभी प्रेमी इस त्योहार को मनाते हैं महाशिवरात्रि के दिन जप ,तप और व्रत रखते हैं और इस दिन भगवान के शिवलिंग रूप का दर्शन करते हैं। इस पवित्र दिन पर देश के हर हिस्से में शिवालयों में बेलपत्र धतूरा, दूध, दही, शर्करा आदि से शिवजी का अभिषेक किया जाता है। देशभर में महाशिवरात्रि को एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है ,यह व्रत रखने से हर जन्मों के पापों



से मुक्ति मिलती है ,महाशिवरात्रि पर उन लड़कियों को व्रत जरूर रखना चाहिए जो मनचाहा वर पाना चाहती हैं व्रत रखने से नकारात्मक विचार दूर होते हैं।

वैसे तो भगवान शिव के अनेक मंत्र है लेकिन इनका एक मंत्र **नागेंद्र हाराया त्रिलोचनाया भस्मांग रागया महेश्वराया नित्याय शुद्धाय दिगंबराय , तस्मै न काराय नमः शिवाय** मंत्र भगवान शिव का कल्याणकारी मंत्र है इस मंत्र को जपने से भक्त जनों की सभी मनोकामना पूरी होती है। इसके अलावा में ÷ओम नमः शिवाय का मंत्र भी बहुत थी कल्याण कारक है। इसके अलावा में 30 दिन पूर्व रुद्राष्टकम का पाठ करने से भी विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। शिवरात्रि के दूसरे दिन भगवान शिव को जौ , तील और खीर अर्पित करें साथ ही ओम त्र्यंबकम यजामहे सुगंधिम पुष्टिवर्धनम, उर्वारुकमिव मंत्र का 108 बार जाप करें इसके बाद यथा शक्ति दान करें भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए माता पार्वती ने हजारों लाखों बरसों का तप किया था, माता पार्वती का प्रण था कि जब भी शादी करेंगी भगवान शिव से ही करेंगी।

महाशिवरात्रि वह महा रात्रि है जिसका शिव तत्व से घनिष्ठ संबंध है। शिव पुराण के अनुसार आदि देव भगवान शिव करोड़ों सुरों के समान प्रभाव वाले ज्योतिर्लिंग के रूप में रात्रि के दिन ही प्रकट होते हैं यही वजह है इसे हर बार फागुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है

वैसे भी शिव शंकर भगवान को जल्दी प्रसन्न होने वाले भोलेनाथ के भी नाम से जाना जाता है। जो शिवरात्रि के दिन सभी पर अपनी कृपादृष्टि करते है। शिव-पुराण के अनुसार भगवान शिव वर्ष में छः मास कैलाश पर्वत पर रहकर तपस्या में लीन रहते है। उनके साथ ही सभी कीड़े-मकोड़े भी अपने बिलो मे बन्द हो जाते है। उसके बाद छः मास तक कैलाश पर्वत से उतर कर धरती पर श्मशान घाट में निवास किया करते है। इनका धरती पर अवतरण प्रायः फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुआ करता है। अवतरण का यह महान दिन शिवभक्तों में महाशिवरात्रि के नाम से जाना जाता है।

## लव जेहाद का एक्सपेरिमेंट लैब बना झारखंड : बाबूलाल मरांडी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड लव जेहाद का एक्सपेरिमेंट लैब बन गया है। उन्होंने शुक्रवार को ट्विट कर रांची की एक लड़की के साथ हुई घटना पर प्रतिक्रिया दी है। बाबूलाल ने कहा कि रांची में आज एक लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, रांची की एक नाबालिग युवती को एक मुस्लिम लड़के ने सोशल मीडिया एप इंस्टाग्राम पर प्रभावित किया। इसके बाद उसे बहला-फुसलाकर गाजियाबाद ले जाया गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। लड़की किसी तरह वहां से जान बचाकर भाग कर रांची पहुंची। पूरे मामले की जानकारी लड़के के पिता ने एक हफ्ते पहले ही पुलिस को दे दी थी लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी रही। इन घटनाओं से ऐसा लगता है कि झारखंड लव जेहाद का एक इक्स्पेरिमेंट लैब बन चुका है।

## बेहतर समाज का निर्माण करें विद्यार्थी : कुलपति




**संत मरियम स्कूल में 12 वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगरः** शुक्रवार को जेएमपी कॉम्प्लेक्स में संत मरियम स्कूल वर्ग 12 वीं के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर श्री रामलखन सिंह , विशिष्ट अतिथि जेएस कॉलेज के प्राचार्य श्री राणा अरुण सिंह , प्रखर शिक्षाविद डा एससी मिश्रा और विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर विदाई समारोह का उद्घाटन किया । उद्घाटन के पश्चात संगीत शिक्षक श्री श्याम किशोर पांडे के नेतृत्व में छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया साथ ही विद्यालय प्रबंधन की ओर से श्रीं अविनाश देव ने आगंतुक सभी अतिथियों का शॉल, बुके और विवेकानन्द की पुस्तक भेंट कर स्वागत किया । मौक़े पर शिक्षाविद एससी मिश्रा ने विद्यार्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा की सशक्त राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका अग्रणी होती है वो अपनी कुशल क्षमता का प्रयोग सकारात्मक ऊर्जा में करे । विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राणा अरुण सिंह ने कहा की आपके स्वागत के लिए हमारा विश्वविद्यालय तैयार है । नई शिक्षा नीति को हमलोगो ने लागू कर दिया है अतः उससे सम्बंधित कोई भी शिक्षा आप ग्रहण कर सकते है साथ ही उन्होंने कहा की आप सभी एक बेहतर स्कूल से शिक्षा ग्रहण किए है इसका प्रमाण आप अपनी क्षमता से अनेक कीर्तिमान स्थापित कर अवश्य करें। देश के निर्माण में आपकी ऊर्जा का सदैव प्रयोग होना चाहिए । मुख्य अतिथि डॉक्टर राम लखन सिंह ने कहा की आप सभी डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के साथ साथ एक बेहतर इंसान अवश्य बने क्योंकि एक बेहतर इंसान ही समृद्ध समाज के साथ साथ विकसित देश का निर्माण करेगा । स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा की आप सभी छात्र अपने पसंद की दिशा में आगे बढ़े और अपने कार्यो से सदैव अपने स्कूल , समाज और राष्ट्र को गौरवान्वित करते रहें।

# नर्स और महिला के बीच हुई मारपीट दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मामला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल में बीते 13 फरवरी2023 को एक युवती और सदर अस्पताल की नर्सों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई थी। जिसके बाद नर्स द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद नेहा,जयंती और जमील को घटना के दूसरे दिन जेल भेज दिया गया। वहीं नेहा की शिकायत आवेदन पर भी 64/23तहत मामला दर्ज किया गया है, लेकिन दूसरे पक्ष को जेल नहीं भेजा गया।

**क्या है पूरा मामलाः** रांची सदर अस्पताल की नर्स टरेसा हेमब्रोम ने बताया कि 13 फरवरी को अस्पताल के चौथे फ्लोर पर वह कार्यरत थी , इस दौरान भीड़ हो गई थी, सभी को उन्होंने कहा कि कुछ लोग बाहर ही बैठे, इंफेक्शन फैलने का डर रहता है, इसी बात को लेकर मरीज लक्ष्मी देवी के साथ जो थे उन्हें इसकी सूचना दी। जिसमें दो युवती आई और हम से बहस करते हुए थप्पड़ जड़ दी और मारपीट की। जिसमें नर्स तृप्ति को चोटें भी आई , इसकी सूचना लोअर बाजार थाना को दी गई। जिसमें सरकारी कार्य में बाधा और चेन चोरी का मामला दर्ज कराया गया। इधर नेहा



ने भी अपने आवेदन में मारपीट गाली-गलौज और चेन छिनताई का मामला दर्ज कराई है। नेहा ने अपने आवेदन में लिखा है कि उसके पिता जमील ने उन्हें सूचना दी कि उसके दोस्त की पत्नी लक्ष्मी देवी सदर अस्पताल में भर्ती है, जहां लक्ष्मी देवी ने नवजात शिशु को जन्म दी है। इस संबंध में नर्स उससे 2000 मांग रही थी, जिसका विरोध जमील ने किया और अपनी बेटियों को सूचना दी। इसी सूचना पर नेहा,जयंती सदर अस्पताल पहुंची और नर्स पूछताछ करने की लगी। इसी बात को लेकर नर्स और नेहा में बहस हो गई और करीब 10-15 नर्स मिलकर मारपीट करने लगी। इस मामले में लोअर बाजार थाना में मामला दर्ज किया गया है , हालांकि नर्स की तरफ से किसी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है।

**क्या कहा डीएसपी नेः** सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल में नर्स और एक युवती जो यूट्यूब पोर्टल का रिपोर्टर बता रही थी, उन दोनों में किसी बात को लेकर बहस हुई, जिसकी जांच पड़ताल चल रही है, हालांकि एक पक्ष के 3 लोगों को जेल भेजा गया है। वहीं दूसरे के आवेदन पर भी जांच चल रही है, इस पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मारपीट दोनों तरफ से हुई है , एक तरफ से आवेदन पहले लिखा गया था, उस पर कार्रवाई की गई है, दूसरी तरफ से भी आवेदन दिया गया है, इस पर भी जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन डा विनोद कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लड़ाई हुई थी, हम लोगों ने प्रयास किया था कि दोनों के बीच समझौता हो जाए, क्योंकि मामला काफी बढ़ गया था और नर्स को भी चोट लगी थी, कुछ देर के लिए अपना काम रोक भी दिया थी, लेकिन उसे समझा बुझाकर कर फिर से कार्य में लाया गया था, हालांकि उस दिन दोनों में समझौता नहीं हुई थी, पुलिस अपने स्तर से उचित समझते हुए कार्रवाई की है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के लिए भाजपा प्रांतीय टोली की बैठक

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि अनेकता में एकता ही भारत की विशेषता है। प्रकाश शुक्रवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत की प्रांतीय टोली की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में सांस्कृतिक विविधता लिए हुए अनेक भाषा भाषाई लोग रहते हैं। फिर भी सभी की संस्कृति एक है। वह है- भारतीय संस्कृति। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव ने कहा कि देशभर के सभी प्रांतों में विभिन्न प्रांतों के लोग रहते हैं। ऐसे लोगों के बीच कार्यक्रम करके सामाजिक समरसता बढ़ाना है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र ने बड़े कार्यक्रम लेने का सुझाव दिया। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर ने झारखंड में एक भारत श्रेष्ठ भारत के आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

## गोड्डा थर्मल पावर प्लांट से अडानी को होगा 7410 करोड़ का फायदा, झारखंड के लोगों को मिलेगा सिर्फ पॉल्यूशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने कहा कि झारखंड के गोड्डा में बने थर्मल पावर प्लांट से अडानी को अगले 25 वर्षों में 7410 करोड़ रुपये का फायदा पहुंचेगा। बिजली की आपूर्ति तो बांग्लादेश को होगी लेकिन झारखंड की जनता को पॉल्यूशन झेलना पड़ेगा। पाटिल शुक्रवार को रांची के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने अडानी मामले में प्रधानमंत्री और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपीए शासनकाल में वर्ष 2010 में एनटीपीसी द्वारा बांग्लादेश के बगेरहाट में 1,320 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए एक समझौता ज्ञापन हुआ था। प्रधानमंत्री ने छह जून, 2015 को घोषणा की कि बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करने के लिए झारखंड के गोड्डा में अडानी पावर एक थर्मल पावर




प्लांट का निर्माण करेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में आज महंगाई, बेरोजगारी और कुशासन की विफलता चरम पर है। दूसरी तरफ भाजपा अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की लगातार कोशिश कर रही है। एक मजबूत विपक्ष होने के नाते कांग्रेस हम अडानी के हैं कौन श्रृंखला के तहत देशभर के 23 राज्यों में मीडिया के माध्यम से लोगों को सच्चाई बता रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी अडानी मामले में सरकार से जवाब मांगते हैं, तो प्रधानमंत्री इन सवालों का जवाब तक नहीं देते। आखिर देश जानना चाहता है कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह, जिस पर टैक्स हेवन देशों से संचालित विदेशी शेल कंपनियों से संबंधों का आरोप है, देश की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है। पाटिल ने कहा कि आखिर सच्चाई को जानकर भी क्यों केंद्र सरकार इस मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति बनाने से पीछे हट रही है।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, अमुल्य नीरज खलखो उपस्थित थे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति की बैठक संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति की बैठक शगुन बैंक्विट हॉल( चिरौंदी) में अमरजीत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।सर्वप्रथम भारत माता,दीनदयाल उपाध्याय एवम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर में पुष्प अर्पित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा वर्तमान झारखंड की सरकार पिछड़ी जाति की घोर विरोधी सरकार है, आने वाले दिनों में झारखंड की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी और इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेकेगी। केंद्र की वर्तमान नरेंद्र मोदी की सरकार ने ओबीसी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया है। यहां तक कि झारखंड के विधानसभा में नमाज के लिए स्थान प्रदान किया जो कि हमारे देश की धर्मनिरपेक्षता के विरुद्ध है।

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद के. लक्ष्मण जी ने कहा आजादी के बाद कांग्रेस ने ओबीसी समाज को उसके अधिकारों से हमेशा वंचित रखा है भाजपा के शासन जब आई है केंद्र में सबसे ओबीसी समाज शोषित और वंचित वर्गो के लिए मोदी सरकार ने काफी कार्य किए हैं हमारे कार्यकर्ता आगामी 6अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक गांव गांव में हर एक घरों में जाकर मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यो को लोगों को बताएंगे। आजादी के बाद पहली बार किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति जैसे पदों पर बिठाया गया यह भी मोदी सरकार की एक उपलब्धि है। कोडरमा विधायक नीरा यादव, ओबीसी मोर्चा के महामंत्री कृष्णा महतो, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण प्रजापति, पूर्व विधायक मनोज यादव,सह प्रभारी अर्चना राय भट्ट, रामगढ़ के प्रभारी शशि भूषण भगत, प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार, प्रदेश मंत्री राजेंद्र मंडल, सहित राज्य के ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित थे।

## 2024 के शुभ मुहूर्त में अपने नए मंदिर में विराजेंगे श्रीरामलला कामेश्वर चौपाल

**रांचीः** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल ने कहा कि 2024 के मकर सक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त में अपने नए मंदिर में श्रीरामलला विराजेंगे। उन्होंने कहा श्री रामजन्मभूमि में मंदिर निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है। भूतल का लिल्टन का कार्य प्रारंभ है। 2023 के अंत तक गर्भ गृह में प्रभु श्री रामलला को प्रतिष्ठापित करने की पूरी तैयारी चल रही है। अभी तक सिर्फ मंदिर निर्माण ही चल रहा था लेकिन अब मंदिर से जुड़े अनेक कार्य भी प्रारंभ हो चुके हैं। सभी कार्य अपने निर्धारित समय में अवश्य पूरे होंगे। चौपाल शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के धर्मरक्षा निधि समर्पण अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश के समस्त साधु-संतों के कार्य एवं देश के सांस्कृतिक अवधारणाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए संपूर्ण राष्ट्र में धर्मरक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# अतीत और वर्तमान के बीच का संघर्ष है रुहें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड के संयुक्त प्रयास से अंतरराष्ट्रीय 22वां भारत रंग महोत्सव छह दिवसीय थियेटर फेस्टिवल का आयोजन रांची के आर्यभट्ट सभागार में किया गया । 17 से 22 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव के पहले दिन रूहें नाटक का मंचन किया लिटिल थेस्पियन के निर्देशक एस एम अजहर द्वारा उर्दू भाषा पर रूहें नाटक का मंचन किया गया।




**क्या था नाटक मेंः**रुहें नाटक में मुख्य रूप से दिखाया गया था कि विविध परतों वाला नाटक है। यह परते संघर्ष के विभिन्न रंगों को दर्शाती हुई दिखाई गई है । अतीत और वर्तमान के बीच का संघर्ष ,नई और पुरानी के बीच का संघर्ष , सही और गलत का संघर्ष, अभीजात वर्ग के खिलाफ लोकतंत्र का संघर्ष नाटक विभिन्न प्रकार की भावनाओं और माननीय संघर्षों का एक कोलाज है जिसके केंद्र में एक मरघट या कब्रिस्तान है, जहां लंबे समय से सोए हुए अतीत की कई आत्माएं अभी भी नई व्यवस्था से समझौता करने के लिए संघर्ष कर रही है । दूसरी तरफ वर्तमान आज की स्थिति से निपटने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है, क्योंकि वह जानता है कि घृणा से कभी सुख प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

**मंच पर थेः** नवाब ताहिर अली की भूमिका में अभिषेक मिश्रा, सिपहसालार सुनकर शीत, फरहाद हुसैन के किरदार में तारीख अली नैयर व विकास कुमार पांडे के अलावा मनोहर कुमार, नीलांजन चटर्जी, रहीम, अमर्त्य भट्टाचार्य, सागर सेनगुप्ता ,इंतखाब वारसी, राकेश कुमार,चंद्रेय दत्ता मित्रा, सबरीन खातून, रुह की भूमिका में जैनुलआबेदीन, आरिफ आलम, प्रियंका सिंह, नेहा यादव ,राधा ठाकुर, पार्वती कुमारी, राहुल शर्मा ,रंजन गिरि।

**मंच के पीछे थे :** उमा झुनझुनवाला, जयदीप रॉय प्रकाश संचालन, संगीत दिया था सब्यसाची पाल । मौके पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के डायरेक्टर रमेश चंद्र गौड़, सिक्किम के एनएसडी ब्रांच के डायरेक्टर विपिन कुमार , विशिष्ट अतिथि ऋषिकेश सुलभ, डा स्मृति सिंह, कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड के निदेशक हिमांशु मोहन,रांची के वरिष्ठ रंगकर्मी अजय मलकानी, वरिष्ठ रंगकर्मी संजय लाल, दीपक लोहार, काजल मुंडू,पुर्णाशीष घोष,जितेंद्र वाढ़ेर, शंकर पाठक, संजय सिंह।

**क्या कहा निर्देशक ने :** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के डायरेक्टर रमेशचंद्र गवर्नर कार के पूरे देश में नाटकों फैलाना और लंबे समय बाद 22 वा भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। उद्देश्य यही है कि युवाओं तक रंगकर्म पहुंचे और युवाओं को नाटक के प्रति प्रेरित करें। जहां तक एनएसडी की ब्रांच खोलने का सवाल है, तो मैं नहीं समझता हूं कि हर राज्य में एनएसडी ब्रांच खोला जाये। ज़रुरत है कि लोग नाटक देखें और नाटक करें।